RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 304
नई दिल्ली, बुधवार, 14 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सीतारमण ने उद्योग जगत की तुलना हनुमान से की
कारोबार-10

www.dailypioneer.com

# सड़क से लेकर शब्दों तक छिड़ी सियासी जंग

## बंगाल में भाजपा के विरोध मार्च के दौरान हिंसा और आगजनी



कोलकाता में उग्र प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ी में लगा दी आग

**सौगर सेनगुप्त।** कोलकाता

- पुलिस की गाड़ी फूंकी, पथराव-आंसू गैस के गोले चले, विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी हिरासत में, कई जख्मी

**कोलकाता** में मंगलवार को भाजपा की भ्रष्टाचार विरोधी रैली जंग के मैदान में बदल गई। भगवा दल के कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए, जिसके चलते कई पार्टी कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसके अलावा सार्वजनिक संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा।

भाजपा के राज्य सचिवालय नबन्ना तक के मार्च को पिछले साल विधानसभा चुनावों में पार्टी के दयनीय प्रदर्शन के बाद उसमें नया जोश भरने की कवायद के रूप में देखा जा रहा था। मार्च के दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच गुरिल्ला युद्ध चलता रहा। मार्च में हिस्सा लेने के लिए राज्य के विभिन हिस्से से लोग ट्रेन और बसों के जरिए हावड़ा और कोलकाता पहुंचे थे। विवाद संतरागाछी रेलवे स्टेशन पर ( शेष पेज 8 )

## सपने बेचने वाले गुजरात में नहीं जीतेंगे : अमित शाह

- विस चुनाव के लिए आप के मुफ्त वादों पर गृहमंत्री ने किया परोक्ष वार, केजरीवाल का पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद



**गुजरात** विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान के दौरान राजनीतिक दलों के बयानों में तल्खी बढ़ती जा रही है। भाजपा और आप ने एक-दूसरे पर सपने बेचने को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यहां तक कहा कि गुजरात में सपने बेचने वाले नहीं जीत सकते।

गुजरात में इस साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं और केजरीवाल ने यहां दिल्ली की तर्ज पर मुफ्त बिजली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेरोजगारी भत्ता, नौकरियां, महिलाओं को भत्ता और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार जैसे वादे किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आप पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग सपने बेचते हैं, वे गुजरात में कभी नहीं जीतेंगे। डिजिटल तरीके से एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दो-तिहाई बहुमत के साथ गुजरात में एक बार फिर सरकार बनाएगी। शाह ने कहा कि मैं गुजरात के लोगों को जानता हूं।

ये उसकी का समर्थन करते हैं जो काम करते हैं। गृहमंत्री शाह के बयान पर पलटवार करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो लोग विदेशों से काला धन लाकर हर देशवासी को 15 लाख रुपये देने का वादा कर रहे थे, वे झूठे साबित हुए। जनता अब उन पर भरोसा नहीं करती। गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार होगी। कांग्रेस का पहले ही यहां से सफाया हो चुका है। इस बार राज्य में आप की सरकार बनेगी और डर एवं भ्रष्टाचार मुक्त ( शेष पेज 8 )

## यात्रा आगे बढ़ने के साथ राहुल पर चौतरफा हमले

- भाजपा के तरह-तरह से निशाना साधने के साथ वामदलों ने उड़ाया उपहास, बाल आयोग ने की कार्रवाई की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम



**रोज** नए-नए विवादों, भाजपा की ओर से किए जा रहे हमलों और वामदलों के उपहास उड़ाने के बीच कांग्रेस की भारत जोड़ा यात्रा मंगलवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गई। कश्मीर से कन्याकुमारी तक करीब 3500 किलोमीटर चलने वाली इस यात्रा का नेतृत्व पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कर रहे हैं और उनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोग चल रहे हैं।

भाजपा ने जहां 41,000 रुपये की टी-शर्ट पहनने को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा वहीं, सीपीआई(एम) ने यह कहकर राहुल गांधी का उपहास उड़ाया कि वामदलों द्वारा शासित केरल में भारत जोड़ो यात्रा 18 दिन चलेगी और भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में केवल दो दिन। सीपीआई (एम) ने राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण गुजरात, हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश जैसे राज्य का बड़ा हिस्सा छोड़ देने के लिए भी यात्रा के लक्ष्य और इस मिशन की ईमानदारी पर सवाल उठाए। हालांकि कांग्रेस ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ-साथ एक स्थानीय स्तर की उप पदयात्रा का खाका भी खींचा गया है।

यह उप पदयात्रा बिहार, ओडिशा, पूर्वोत्तर और अन्य उन राज्यों व क्षेत्रों से निकलेगी जो भारत जोड़ो यात्रा के रास्ते से छूट गए हैं। इस बीच, पद यात्रा बाल अधिकारों को लेकर एक नए विवाद में घिर गई है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने ( शेष पेज 8 )

# गोगरा-हॉट स्प्रिंग से सेनाओं के हटने के बाद सत्यापन

- भारत और चीन ने सेनाओं के 2020 की पूर्व स्थिति में लौटना सुनिश्चित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पूर्वी** लद्दाख के गोगरा-हॉटस्प्रिंग (पेट्रोलिंग प्वाइंट-15) से सेनाओं के पीछे हटने के एक दिन बाद भारत और चीन ने मंगलवार को इस क्षेत्र का भौतिक सत्यापन किया। दोनों देश यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि सेनाएं 2020 के अपने पूर्व ठिकानों पर पहुंच गई या नहीं। बहरहाल भारत देप्सांग घाटी और डेमचोक को लेकर चिंतित है।

इन दो क्षेत्रों को लेकर पिछले कई साल से विवाद चल रहा है। मौजूदा वक्त में लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के दोनों तरफ से 50 हजार से अधिक जवान तैनात हैं। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को पेट्रोलिंग प्वाइंट-15 से पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो गई थी। इसके बाद दोनों सेनाएं भौतिक सत्यापन के लिए उत्सुक थी और यह काम मंगलवार को पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने पीपी-15 से चरणबद्ध, समन्वय के साथ और सत्यापित तरीके से अपनी सेनाएं हटा ली हैं। पीछे हटने की प्रक्रिया आठ सितंबर (पिछले हफ्ते बृहस्पतिवार से) से शुरू हुई थी और पूरी प्रक्रिया को 12 सितंबर (सोमवार) तक खत्म करने पर सहमति हुई थी। टुकड़ियों के अपने आधार शिविर में लौटने के साथ दोनों सेनाओं ने वहां बनाएं गए अस्थायी ढांचों को नष्ट कर दिया। इनका निर्माण 2020 में गतिरोध शुरू होने के दौरान किया गया था। दोनों सेनाएं अब बफर जोन का पालन करेंगी जो एलएसी के दोनों तरफ से दो से पांच किमी के दायरे में होगा।

इसका मकसद परस्पर भरोसा बहाल करना है तथा दोनों सेनाएं बफर जोन में गश्त नहीं करेंगी। गतिरोध बिंदु से सेनाओं के हटने का चौथा मामला है। पहली बार फरवरी 2021 में पैंगोंग त्सो (झील) से हटी थीं सेनाएं। दूसरी बार पिछले साल अगस्त में गोगरा-हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में स्थित पेट्रोलिंग प्वाइंट-17 के अलावा गलवान घाटी से सेनाएं हटी थी। इन सभी स्थानों पर तीन से पांच किमी बफर जोन का दायरा तय किया गया है।

# जम्मू-कश्मीर में उप निरीक्षक भर्ती मामले में छापेमारी

- सीबीआई ने 36 ठिकानों पर ली तलाशी, पूर्व एसएसबी चेयरमैन खालिद जहांगीर के परिसरों पर भी हुई रेड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जम्मू में एक ठिकाने पर सीबीआई छापे के दौरान बाहर तैनात पुलिसकर्मी

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर में उप-निरीक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को जेकेएसएसबी के पूर्व अध्यक्ष खालिद जहांगीर के ठिकानों समेत 33 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) के परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार के ठिकानों पर भी छापे मारे जा रहे हैं। छापेमारी जम्मू, श्रीनगरअ हरियाणा के करनाल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ीअ गुजरात के गांधीनगर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और कर्नाटक के बेंगलुरु में की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, उप-निरीक्षक भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में सीबीआई द्वारा दूसरे दौर की छापेमारी की जा रही है।

सीबीआई ने पांच अगस्त को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कहा था, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर पुलिस में उप-निरीक्षकों के पदों के लिए 27.03.2022 को हुई लिखित परीक्षा में अनियमितता के आरोपों पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अनुरोध पर 33 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस साल चार जून को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे, जिसके बाद परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप सामने आए थे। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने आरोपों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया था।

# हैदराबाद के एक होटल में लगी आग, आठ की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** के सिकंदराबाद में आधी रात को एक होटल में आग लगने के कारण वहां ठहरी एक महिला समेत आठ लोगों की मौत हो गई। संदेह है कि आग पहले इलेक्ट्रिक बाइक के एक शोरूम में लगी और उसके बाद उसके ऊपर बने होटल में फैल गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि नौ अन्य घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि अधिकतर पीड़ितों का दम घुट गया।

होटल में ठहरे व्यक्तियों में से एक के अनुसार, उसने देखा कि तहखाने से धुआं और आग निकल रही है। उक्त व्यक्ति ने बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। वह व्यक्ति चार अन्य लोगों के साथ, पांचवीं मंजिल से अगली इमारत में चला गया और बाद में मदद के लिए 100 नंबर पर फोन लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तेलंगाना के मंत्री के टी रामाराव ने लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और क्रमशः केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की। शोरूम में लगी आग उसके ऊपर बने होटल रूबी प्राइड में फैल गई। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी वी आनंद ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि होटल की सभी चार मंजिलों पर 23 कमरे हैं। धुआं सीढ़ियों के रास्ते नीचे से ऊपर की ओर बढ़ा और अंततः सभी मंजिलों में पहुंच गया।

पहली और दूसरी मंजिल पर सो रहे कुछ लोग घने धुएं के बीच से होते हुए गलियारे में आए और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आग लगने का असली कारण दमकल विभाग की जांच के बाद पता चल पाएगा। अधिकारी ने कहा, तहखाने का इस्तेमाल आमतौर पर वाहनों को खड़ा करने के लिए किया जाना चाहिए- जाहिर तौर पर उसका इस्तेमाल कुछ और चीज में हो रहा था। यह जांच का विषय है। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय होटल में करीब 25 लोग ठहरे हुए थे। पुलिस ने कहा, ऐसा संदेह है कि या तो बाइक शोरूम में ( शेष पेज 8 )

# आईपीएस अधिकारी की बर्खास्तगी पर रोक

- गृह मंत्रालय के निर्देश पर सेवानिवृत्ति से एक महीने पहले 30 अगस्त को हुई कार्रवाई
- इशरत जहां मामले से जुड़े थे अफसर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सेवानिवृत्ति** से एक माह पहले बर्खास्त हुए गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने 19 सितंबर तक के लिए रोक लगा दी है।

गुजरात में इशरत जहां की कथित फर्जी मुठभेड़ में मौत के मामले की जांच में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की सहायता करने वाले वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा को उनकी सेवानिवृत्ति की निर्धारित तारीख से एक महीने पहले 30 अगस्त को बर्खास्त कर दिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार हालांकि, दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्मा की एक अर्जी पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय को निर्देश दिया कि बर्खास्तगी के आदेश को 19 सितंबर तक लागू नहीं किया जाए ताकि 1986 बैच के गुजरात कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के (आईपीएस) अधिकारी राहत पाने के लिए किसी उच्च अदालत में जा सकें। अगर वर्मा की बर्खास्तगी का आदेश लागू होता है, तो उन्हें पेंशन और अन्य फायदे नहीं मिलेंगे।

अधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की आखिरी पदस्थापना तमिलनाडु में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक के तौर पर थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक विभागीय जांच के मद्देनजर वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दी थी जिसके बाद वह उच्चतम न्यायालय में गए। विभागीय जांच में उनके खिलाफ नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन, शिलांग के मुख्य सतर्कता अधिकारी रहते हुए सार्वजनिक मीडिया से बात करने समेत अन्य आरोप साबित हुए।

उच्च न्यायालय ने 30 अगस्त को अपना अंतिम आदेश जारी करते हुए कहा था कि वर्मा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई यदि पक्षपात वाली है तो अदालत की अनुमति के बिना इसे लागू नहीं किया जाएगा। इस आदेश के बाद केंद्र सरकार ने एक बार फिर उच्च न्यायालय का रुख किया और वर्मा को सेवा से बर्खास्त करने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुमति मांगी। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा कि निर्देश दिया जाता है कि 19 सितंबर, 2022 तक आदेश को लागू नहीं किया जाएगा ताकि याचिकाकर्ता बर्खास्तगी के आदेश के खिलाफ कानून सम्मत उपायों का उपयोग कर सकें। इसके बाद वर्मा ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया जहां अभी सुनवाई होनी है। वर्मा ने अप्रैल 2010 से अक्टूबर 2010 के बीच इशरत जहां मामले में जांच की थी और उनकी जांच रिपोर्ट ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,571 | ↑ 455 | |
| निफ्टी | 18,070 | ↑ 133 | |
| सोना | 50,905 | ↑ 314 | /10g |
| चांदी | 57,974 | ↑ 760 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत-जापान का बंगाल की खाड़ी में नौसैनिक अभ्यास

**नई दिल्ली।** अभियानगत समझ बढ़ाने को भारत-जापान की नौसेनाएं बंगाल की खाड़ी में सैन्य अभ्यास कर रही है। जापान-इंडिया मैरीटाइम एक्सरसाइज का छठा संस्करण भारतीय नौसेना की मेजबानी में 11 सितंबर को शुरू हुआ। जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स ने हेलीकॉप्टर वाहक इजुमो और निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक ताकानामी को अभ्यास के लिए तैनात किया है। भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व बहुद्देशीय स्टील्थ फ्रिगेट सह्याद्री और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत कदमत और कवरत्ती कर रहे हैं। साथ ही निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक रणविजय, फ्लीट टैंकर ज्योति, अपतटीय गश्ती पोत सुकन्या, पनडुब्बियां, मिग-29 के लड़ाकू विमान, लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान आदि इस अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं।

# बिहार में हाईवे पर फायरिंग एक की मौत, 11 घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** बेगूसराय

- दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने 30 किलोमीटर की दूरी तक एक घंटे चलाई गोलियां

**बिहार** के बेगूसराय में मंगलवार शाम को एक घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर एक घंटे तक 30 किलोमीटर की दूरी तक अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार बेगूसराय में मंगलवार शाम 4 से 5 बजे के बीच बरौनी थर्मल चौक पर फायरिंग की शुरुआत हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने थर्मल चौक पर तीन लोगों को गोली मार दी और फिर एनएच से ही बीहट की तरफ भाग गए। इस हमले पर केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने बिहार में जंगलराज बताते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफा देने की मांग की है। बदमाशों ने रास्ते में फिर मल्हीपुर चौक पर दो लोगों को गोली मार दी। यहां से आगे बढ़ने के साथ बरौनी के पास एनएच पर ही 2 और लोगों को गोली मार दी जिसमें एक की मौत हो गई। इसके बाद बदमाश बरौनी से बछवाड़ा की तरफ भागे अपराधियों ने तेघड़ा में अयोध्या-आधारपुर के आस-पास फिर 2 लोगों को गोली मार दी। तेघड़ा के बाद बछवाड़ा में गोधना के पास दो ( शेष पेज 8 )

# राहत: कैंसर और संक्रमण रोधी कई दवाएं होंगी सस्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आवश्यक दवाओं की सूची में 34 अतिरिक्त दवाएं शामिल, मरीजों का घटेगा मरीजों का खर्च



**सरकार** ने कहा है कि आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) में 34 नई अतिरिक्त दवाओं को शामिल करने से कई कैंसर रोधी दवाएं, एंटीबायोटिक्स और टीके अब और अधिक किफायती हो जाएंगे तथा इससे मरीजों का खर्च घटेगा। संक्रमण रोधी दवाएं इवरमेक्टिन, मुपिरोसिन और मेरोपेनेम को भी सूची में शामिल किए जाने के साथ अब ऐसी कुल दवाओं की संख्या 384 हो गई है।

चार प्रमुख कैंसर रोधी दवाएं- बेंडामुस्टाइन हाइड्रोक्लोराइड, इरिनोटेकन एचसीआई ट्राइहाइड्रेट, लेनालेडोमाइड और ल्यूप्रोलाइड एसीटेट तथा मनोचिकित्सा संबंधी दवाओं-निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी और ब्यूप्रेनोर्फिन को भी सूची में जोड़ा गया है। हालांकि, 26 दवाओं जैसे कि रैनिटिडिन, सुक्रालफेट, व्हाइट पेट्रोलेटम, एटेनोलोल और मेथिल्डोपा को संशोधित सूची से हटा दिया गया है। लागत प्रभावशीलता और बेहतर दवाओं की उपलब्धता के मापदंडों के आधार पर इन दवाओं को सूची से बाहर किया गया है। मंगलवार को सूची जारी करने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया, आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची 2022 जारी की। इसमें 27 श्रेणियों में 384 दवाएं शामिल हैं। कई एंटीबायोटिक्स, टीके, कैंसर रोधी दवाएं तथा कई अन्य महत्वपूर्ण दवाएं और सस्ती हो जाएंगी एवं मरीजों का खर्च घटेगा। इस अवसर पर मांडविया ने कहा कि उनका मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत सबको दवाई, सस्ती दवाई की दिशा में कई कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा, इस दिशा में, आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची स्वास्थ्य सेवा के सभी स्तर पर सस्ती गुणवत्ता वाली दवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यह लागत प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण दवाओं को बढ़ावा देगी और नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च में कमी लाने में योगदान देगी। मांडविया ने कहा कि एनएलईएम का प्राथमिक उद्देश्य तीन महत्वपूर्ण पहलुओं- लागत, सुरक्षा और असर पर विचार करते हुए दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि एनएलईएम एक गतिशील दस्तावेज है और बदलती लोक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के साथ-साथ दवा क्षेत्र में ज्ञान में प्रगति को देखते हुए इसे नियमित आधार पर संशोधित किया जाता है। एनएलईएम 1996 में बनाई गई थी और इसे पूर्व में 2003, 2011 और 2015 में तीन बार संशोधित किया गया था।

एनएलईएम 2022 का संशोधन शिक्षाविदों, उद्योगपतियों और लोक नीति विशेषज्ञों समेत हितधारकों तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की आवश्यक दवा सूची (ईएमएल)-2021 जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ निरंतर परामर्श के बाद किया गया है। संशोधित सूची में अंतस्रावी दवाओं और गर्भनिरोधक फ्लूड्रोकोर्टिसोन, ओरमेलोक्सिफेन, इंसुलिन ग्लरगाइन और टेनेनिग्लिटीन को जोड़ा गया है। श्वसन तंत्र की दवा मॉन्टेलुकास्ट, और नेत्र रोग संबंधी दवा लैटानोप्रोस्ट का नाम सूची में है। हृदय और रक्त नलिकाओं की देखभाल में उपयोग की जाने वाली दवा डाबिगट्रान और टेनेक्टेप्लेस के अलावा अन्य दवाओं ने भी सूची में जगह बनाई है। दवाओं पर स्थाई राष्ट्रीय समिति के उपाध्यक्ष डॉ. वाई के गुप्ता ने कहा, एनएलईएम में इवरमेक्टिन, मेरोपेनेम, सेफुरोक्साइम, एमिकासिन, बेडाक्विलाइन, डेलामेनिड, इट्राकोनाजोल एबीसी डोलटेग्रेविर जैसी दवाओं को जोड़ा गया है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि एनएलईएम की दवाएं अनुसूचित श्रेणी में शामिल हैं और उनकी कीमत राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण द्वारा नियंत्रित की जाती है। पिछले साल भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत एक विशेषज्ञ समिति द्वारा 399 फॉर्मूलेशन की संशोधित सूची प्रस्तुत की गई थी। भारतीय आवश्यकताओं के विस्तृत विश्लेषण के बाद, मांडविया द्वारा बड़े बदलाव की मांग की गई।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 14 सितंबर, 2022



# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। टीम पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर जगत फार्म पहुंची। फार्म में बनी मार्केट के सामने चबूतरे तोड़ना शुरू कर दिया। व्यापारियों ने विरोध किया। व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और दुकानें बंद कर दी। व्यापारियों ने कहा कि बिना कोई जानकारी दिए कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद प्राधिकरण के अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। विरोध को देखते हुए अधिकारियों ने कार्रवाई बंद कर दी। अधिकारियों ने समझा-बुझाकर दुकानें वापस खुलवाई। व्यापारियों ने बताया कि बारिश के समय में मार्केट के बेसमेंट में पानी चला जाता है। इसी वजह से इन चबूतरों को बनाया गया था। प्राधिकरण एक बार बनाकर मार्केट की तरफ ध्यान नहीं देता है। यह व्यापारियों ने खुद से ही कार्य कराया था। आज बिना बताए प्राधिकरण की तरफसे यहां पर बुलडोजर चला दिया। सभी चबूतरों को तोड़ दिया। कुछ दुकानों के बोर्ड भी प्राधिकरण के कर्मचारी ले गए। व्यापारियों ने इसका भी विरोध किया। जगत फार्म मार्केट ग्रेटर नोएडा की सबसे व्यस्त मार्केट में शामिल है।


**DEBT RECOVERY TRIBUNAL, DELHI**
**4th FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING,**
**PARLIAMENT STREET, NEW DELHI-110001**
**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD Amount |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AVLESH KUMAR, OA No. 293/2021 | Vehicle No- HR26CG4646 Make & Model- BMW, Manu Year-2013 | Rs. 4,30,000/- | Rs. 43,000/- |
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA No. 494/2019 | Vehicle No. UP14GT8288 Make & Model- SML iSuzu Samrat, Manu Year-2017 | Rs. 3,15,000/- | Rs. 31,500/- |

**Auction Date:** September 29, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD Amount |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK LTD VS JYOTI, OA NO. 473/2019 | Vehicle No- HR69C1260, Make & Model- ASHOK LEYLAND LTD AL 1212, Manu Year-2017 | Rs. 3,26,800/- | Rs. 32,680/- |

**Auction Date:** September 29, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., Pio Maniyaari road, Opposite Kanya Gurukul School, Narela, New Delhi - 110040
**Contact Person–** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

Note: EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original EMD at site with KYC

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said assets and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi to participate in the auction. .
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.



**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank vs. DivyaKashyap, CS DJ NO. 1512/18 | Vehicle No. DL1RTB0245, Make and Model- MARUTI SUZUKI INDIA LTD WAGON R, Manu Year- 2016 |
| ICICI Bank Vs. KULDEEP SINGH, CS DJ 1971/17 | Vehicle No. UP16AV7258, Make and Model- RENAULT DUSTER, Manu Year-2014 |
| ICICI Bank Ltd. Vs. Satvinder Singh, CS (COMM) No.1234/2020 | Vehicle No. DL9CAR9310, Make and Model- RENAULT LODGY, Manu Year-2019, |
| ICICI BANK LTD VS. UPENDER SHARMA, CS (COMM) NO. 4108/21 | Vehicle No. DL10CL8810, Make and Model- TATA MOTORS LTD TIGOR, Manu Year- 2019 |

**Auction Date: September 22, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Ltd. Vs. Babar & Anr., CS (Comm) No. 1377-21 | Vehicle No - UP14JT1939, Make & Model – ASHOK LEYLAND GURU 1010, Manu. Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS RAJA HUSAIN, CS (COMM) No.: 1094/21 | Vehicle No. UP14JT3784, Make and Model – ASHOK LEYLAND LTD GURU 1111, Manu Year - 2019 |

Auction Date: **September 22, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
Place of Auction: Mahakal Parking yard, Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
Contact Person– Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SOBHA RAM, CS No. 3168/19 | Vehicle No. - UP14ET0758, Make and Model - HYUNDAI MOTORS LTD XCENT BASE CRDI, Manu Year – 2016, |
| ICICI BANK LTD VS RAMESH, CS SCJ No.1928/18 | Vehicle No. - HR38U9071, Make and Model - TATA MOTORS LTD ACE, Manu Year – 2015 |
| ICICI BANK LTD VS JAGDISH KUMAR, CS (COMM) No. 1992/2021 | Vehicle No. - UP16ET9417, Make and Model - HYUNDAI MOTORS LTD XCENT, Manu Year – 2017, Reserve price: Rs.1,80,000/-, EMD Amount: 18,000/-. EMD is to be made in favour of ICICI Bank Ltd payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO of EMD amount alongwith his KYC at site of auction. |

**Auction Date: September 29, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SONAM TOMAR, CS (COMM) No. 1829/2021 | Vehicle No. - UP14HT8563, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD, PARTNER, Manu Year - 2019 |

**Auction Date: September 29, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard, Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction. .
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


# 24 घंटे कैमरों की निगरानी में नोएडा की सड़कें

## 155 किलोमीटर के डेडिकेटेड फाइबर नेटवर्क की मदद से हर घटना हो रही रिकॉर्ड

● पूरी तरह सर्विलांस वाला यूपी का पहला शहर बना नोएडा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्रदेश का पहला शहर है, जो पूरी तरह से सर्विलांस में है। ये कमांड कंट्रोल रूम में लगी बड़ी स्क्रीनों की मदद से हो रहा है।

इन स्क्रीनों के सामने लगे कम्प्यूटरों पर ट्रैफिक एक्सपर्ट और उनकी पूरी टीम 24 घंटे सड़कों पर निगरानी कर रहे है। इस पूरे सिस्टम को इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम नाम दिया गया।

82 स्थानों पर 155 किमी के डेडिकेडट फाइबर नेटवर्क से 1076 कैमरे लगे है। सर्विलांस टीम ने बताया कि इस सिस्टम से अब तक कुल 85 केस के साक्ष्य एकत्रित करने में सफलता मिली। इसमें अटेंप्ट टू मर्डर, लूट, चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करने में मदद मिली। 25 और स्थानों पर 142 कैमरे लगाए गए है। इनमें नोएडा के बार्डर, मेट्रो स्टेशन, भीड़भाड़ वाले बाजार व धार्मिक स्थानों है।

इनकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इस सिस्टम से लोगों को मिलेगा फायदा, नागरिक सड़क सुरक्षा, दुर्घटनाओं में कमी, आपातकालीन सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम में कमी, अपराध में कमी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सर्विलांस, ऑटोमैटिक जंकशन मैनेजमेंट के माध्यम से कार्बन फुट प्रिंट एवं ट्रैफिक जाम में कमी आएगी।



आईसीसीसी को एक-दूसरे से लिंक करेगा। नोएडा

### आईएसटीएमएस-आईसीसीसी एक-दूसरे से होंगे लिंक

*नोएडा। नोएडा प्राधिकरण अब इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईएसटीएमएस तथा इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल के उपमहाप्रबंधक डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के तहत अब प्राधिकरण इसे अमली जामा पहनाने की तैयारी करेगा। आईएसटीएमएस व आईसीसीसी को परस्पर जोड़ देने से यातायात नियंत्रण के साथ.साथ कूड़ा प्रबंधन निस्तारण की समस्त प्रक्रिया पर प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी रखी जा सकती है। बता दें कि सेक्टर-94 के द्वितीय तल पर आईसीसीसी बनाया गया है। यहां से घर-घर कूड़ा उठाने वाले वाहनों तथा उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। वहीं कार्यस्थल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारी व अन्य कर्मचारियों पर भी नजर रखी जाती है। प्राधिकरण ने नोएडा में स्थित 167182 घरों की मैपिंग की है। उनकी मॉनीटरिंग कर लाइव मैपिंग के जरिए 275 वाहनों के माध्यम से उठाये जा रहे कूड़े की मॉनीटरिंग होती है। इसके अलावा सड़कों की सफाई के लिए 9 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन के द्वारा 250 किमी सड़कों की सफाई होती है। इसकी मॉनीटरिंग भी कमांड कंट्रोल सेंटर से की जाती है। सफाई व्यवस्था में लगे 4570 सफाईकर्मियों की उपस्थित व किए कार्यों की भी यहीं से मॉनीटरिंग होती है। सोशल एप के जरिए आने वाली शिकायतों की भी यहां से मॉनीटरिंग होती है। उन्होंने बताया कि यही नहीं बल्कि सेक्टर-80 में लगे सी एंड डी वेस्ट निस्तारण की भी मॉनीटरिंग आईसीसीसी के जरिए होती है। इस स्टेशन की व्यवस्था के लिए प्रति शिफ्ट 10 कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाती है।*

### इन डिवाइसों की मदद से बना है पूरा सिस्टम

●**एडाप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम:** इससे ट्रैफिक लाइट का कंट्रोल यातायात के अनुसार खुद बदल जाता है।

●**स्पीड डिटेक्शन:** इसके जरिए वाहनों की गति निर्धारित सीमा से अधिक होने पर खुद चालान हो रहे हैं।

●**वेरियबल मैसेज साइन बोर्ड:** इससे स्क्रीन पर ट्रैफिक के लिए सूचना एवं दिशा निर्देश प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

●**एएनपीआर कैमरा:** ये वाहनों के नंबर प्लेट को पढ़कर रंग एवं वाहनों की कंपनी मेक की सूचना देता है।

●**आरएलवीडी:** इस कैमरे से रेड लाईट नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का खुद ही चालान हो रहा है।

●**सर्विलांस कैमरा:** इस कैमरे से नोएडा के विभिन्न स्थानों पर निगरानी कर पुलिस की सहायता की जा रही है।

# शुल्क जमा नहीं कराने वाले बिल्डरों पर होगी सख्ती

● जीडीए सभी जोन में की सूची तैयार करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जीडीए क्षेत्र में स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण करके कंपाउंडिंग कराने वाले कई बिल्डरों ने शुल्क जमा नहीं कराया है। अब जीडीए सभी जोन में ऐसे लोगों की सूची तैयार करेगा, जिन्होंने नियमानुसार कंपाउंडिंग तो करा ली है। लेकिन अभी तक शुल्क जमा नहीं किया है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जीडीए क्षेत्र के सभी जोन में कई बिल्डरों ने स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण किया है। ऐसे बिल्डरों ने नियमानुसार अतिरिक्त निर्माण करने के बाद उसे कंपाउंडिंग करा लिया। लेकिन प्राधिकरण के नियोजन अनुबाग में कंपाउंडिंग का पूरा शुल्क जमा नहीं किया है। अब ऐसे ही बिल्डरों की सूची तैयार कराई जाएगी। इस सूची के आधार पर इन बिल्डरों को पहले नोटिस देकर शुल्क जमा कराने को कहा जाएगा। अगर फिर भी बिल्डर शुल्क जमा नहीं कराते हैं। तो इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि वर्तमान में जीडीए अपनी आय बढ़ाने में जुटा है। इसको लोकर कंपाउंडिंग शुल्क वसूलने से लेकर संपत्तियों की बिक्र कर रहा है। जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि कंपाउंडिंग शुल्क नहीं देने वालों से वसूली की जाएगी। साथ ही विभिन्न साधनों से प्राधिकरण की आय बढ़ाई जा रही है।

## बस ने पैदल जा रहे बुजुर्ग का मारी टक्कर, मौत

**नोएडा।** कासना थाना क्षेत्र के लड़पुरा गांव के पास तेज गति में आ रही बस ने पैदल जा रहे वृद्ध को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल वृद्ध को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार तड़के उनकी मौत हो गई।

लड़पुरा गांव निवासी 78 वर्षीय ओम प्रकाश पुत्र लेखराज बीती शाम मुख्य रोड से अपने घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान पीछे से तेज गति से आ रही बस का चालक नियंत्रण खो बैठा और उसने ओम प्रकाश को टक्कर मार दी। टक्क लगने से ओम प्रकाश बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल ओम प्रकाश को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान मंगलवार तड़के ओम प्रकाश की मौत हो गई।

## बदमाशों की तलाश के दौरान सड़क हादसे में दो पुलिस कर्मी घायल

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात दो उप-निरीक्षक बदमाशों की तलाश के दौरान सड़क हादसे के शिकार हो गए। दोनों को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि दनकौर थाना में तैनात उप-निरीक्षक अभय प्रताप सिंह एक सूचना के आधार पर मथुरा में बदमाशों की तलाश में छापेमारी करने जा रहे थे। कुमार के मुताबिक, यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक अज्ञात वाहन चालक ने सिंह की कार में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें गंभीर चोट आई। एक अन्य घटना में बीटा-2 थाना क्षेत्र में तैनात उपनिरीक्षक राहुल प्रताप सिंह शनिवार रात सोने की चेन लूटकर भाग रहे बदमाशों का पीछा कर रहे थे, उसी समय वह सड़क हादसे के शिकार हो गए। उन्हें भी उपचार के लिए यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरिओम अग्रवाल/ कृष्णा देवी/ LBMRT00001485479 | हाउस ओवर खसरा नंबर 1038, 1040 और 1041, मोहल्ला कृष्णा पुरम, ग्राम मलायाना, परगना और तहसील और जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश/ सितंबर 09, 2022 | मार्च 29, 2022 रु. 3,53,268/- | मेरठ/ गाज़ियाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 14, 2022**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतदद्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है', जैसी है जो भी है। तथा 'जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री देवेंद्र सिंह (कर्जदार) श्रीमती डिंपल कुशवाह (सह-कर्जदार) QZGRN00005009725 | हाउस नंबर 1447-सी/13, पहली मंजिल रियर एलएचएस, खसरा नंबर 600/93, गली नंबर 13, गोविंदपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली क्षेत्र का परिमाप 360 वर्गफीट | रु. 12,24,853/- (सितंबर 06, 2022 तक) | रु. 12,35,000/- / रु. 1,23,500/- | अक्टूबर 01, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अक्टूबर 21, 2022 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी एजेन्सी मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - www.disposalhub.co) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को **अक्टूबर 20, 2022** को **अप. 5.00** बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (कालम ई देखें) सहित अपनी ऑफर एक सीलबंद लिफाफे में, जिसके ऊपर सेवा में **आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** या हमारे मार्केटिंग एजेंट **मेसर्स नेक्सक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को 203, दूसरी मंजिल, श्री श्याम पैलेस, रेलवे रोड, सेक्टर 4 और 5 क्रॉसिंग, गुरुग्राम, हरियाणा 122006** पर सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर' शीर्षांकित किया गया हो **अक्टूबर 20, 2022** को अथवा पूर्व **अप. 05.00 बजे** से पहले जमा करनी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के समुचित संचालन हेतु नीलामकर्ता के भी रूप में अनुबंधित किया गया है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** में देय होना चाहिए। निरीक्षण, ई-नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8657476284/7304914763** पर सम्पर्क करें। निविदाएं जो बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा सम्यक् प्राप्त की गई हैं तथा पूर्ण विवरण के साथ कट-ऑफ समय से पूर्व पंजीकृत हैं, नीलामी हेतु विचारित की जाएंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : **www.icicibank.com/n4p4s**

**तिथि : सितंबर 14, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**


# प्राधिकरण ई-नीलामी के जरिए आवंटित करेगा 13 पेट्रोल पंप व चार्जिंग स्टेशन

● पिछले चार माह में 1200 इलेक्ट्रिक्स वाहनों का हो चुका पंजीकरण

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा



नोएडा प्राधिकरण शीघ्र ही 13 स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन व पेट्रोल पंप की योजना लांच करने जा रही है।

इसका आवंटन ई-नीलामी के जरिए होगा। यह जानकारी नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने दी। ओएसडी सिंह ने बताया कि नोएडा में इलेक्ट्रिक से चलने वाले वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

पिछले चार माह के दौरान 1200 इलेक्ट्रिक्स वाहनों का पंजीकरण कराया जा चुका है। ऐसे में इन वाहनों के चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टैशनों की आवश्यकता बढ़ेगी। इसी के मददेनजर प्राधिकरण अब विभिन्न सेक्टरों में 13 स्थानों पर पेट्रोल पंप व चार्जिंग स्टेशन की स्कीम लांच करने जा रहा है।

उनके मुताबिक ये पेट्रोल पंप व चार्जिंग स्टेशन सेक्टर-50, 47, 105, 155, 159, 72, 137, 69, 122, 143 तथा 168 में स्थापित होंगे। इसके लिए विभिन्न स्टेशनों में 1485 से लेकर 2000 वर्गफीट तक जगह उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण स्टेशनों के मालिकों से एक वर्ष का किराया वसूलेगा। बता दें कि इसके पूर्व भी तीन बार यह योजना लांच की जा चुकी है। कोई आवेदक न मिलने के कारण चौथी बार यह योजना लांच की जा रही है।

पहले यह योजना वर्ष 2015-16, दूसरी बार 2019 तथा तीसरी बार 2020 में लांच की गयी थी। अब चौथी बार इसे लांच किया जा रहा है। प्राधिकरण को इस बार आवेदकों की अच्छी संख्या मिलने की उम्मीद है।

## तवे से पीटकर पत्नी की हत्या करने का आरोपी पकड़ा गया

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में रोटी बनाने में देर होने पर पत्नी की कथित तौर पर लोहे के तवे से पीट-पीटकर हत्या करने के आरोपी युवक को फेस-3 थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसके पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे का तवा भी बरामद कर लिया है। फेस-3 थाना के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि ममूरा गांव में रहने वाले अनुज कुमार मंडल ने 10 सितंबर को अपनी पत्नी खुशबू की लोहे के तवे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने मंगलवार को अनुज को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना वाले दिन मृतका ने रोटी बनाने में देर कर दी थी, जिससे आक्रोशित होकर अनुज ने उसके ऊपर लोहे के तवे से हमला कर दिया।



मुठभेड़ के बाद पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# साला-बहनोई करते थे लूटपाट पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-78 चौराहे के पास चेकिंग की जा रही थी। एक संदिग्ध बाइक उनकी तरफ आती दिखी। पुलिस ने उनको रुकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल सवारों पुलिस को चकमा देकर भागने लगे। करीब 100 मीटर से ज्यादा पीछा करने के बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया।

पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए फायर किया और घेराबंदी की। गोली बाइक सवार के पैर में लगी। वह मोटर साइकिल के साथ सेक्टर.117 के जंगल की तरफ गया। वहां घायल होकर वह बाइक के साथ जमीन पर गिर गया। बदमाश की पहचान सलीम पुत्र खलील निवासी मुरादनगर हुई। बदमाश के कब्जे से 1 लूटी हुई चेन, चोरी की मोटरसाइकिल व 1 अवैध तमंचा 1 खोखा कारतूस व 1 जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। सलीम को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा है। वह अपने जीजा के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देता था।

# सभी पीएचसी-सीएचसी में लगेंगे हेल्थ एटीएम

● सीएम योगी ने दिए आदेश, तुरंत हो मरीजों की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




गौतमबुद्ध नगर जनपद के सभी पीएचसी और सीएचसी में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। हेल्थ एटीएम के जरिये बहुत कम समय में लोगों को 59 जांच कराने की सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा इसके जरिये टेलीमेडिसिन और टेली कंसल्टेंसी की सुविधा भी मिलेगी।

31 दिसंबर तक हेल्थ एटीएम लगाए जाने हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान तीनों प्राधिकरण से हेल्थ एटीएम लगाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इससे आमजन को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2 दिन तक गौतमबुद्ध नगर जनपद में रहे। इस दौरान अफसरों के साथ कई दौर की बैठकें हुईं। मुख्यमंत्री ने तीनों प्राधिकरण से कहा है कि वह पीएचसी और सीएचसी में हेल्थ एटीएम लगवाएं।

हेल्थ एटीएम के जरिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इस हेल्थ एटीएम में मरीज को अपनी डिटेल डालनी होगी। इसके बाद उसे डॉक्टरी सलाह मिल सकेगी। इसके जरिये 59 जांच की सुविधा मिलेगी। इसमें बॉडी मास इंडेक्स, ब्लड प्रेशर, मेटाबॉलिक ऐज, बॉडी फैट, हाईड्रेशन, पल्स रेट, हाइट, मसल मास, शरीर का तापमान, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा, वजन सहित 59 पैरामीटर की जांच करा सकेंगे।

बॉडी स्क्रीनिंग के लिए 16 तरह की जांच तत्काल हो सकेंगी। हेल्थ एटीएम के माध्यम से रैपिड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, गर्भावस्था, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी, ग्लूकोज, हीमोग्लोबिन, लिपिड प्रोफइल आदि जांचें भी सरलता से लोग करा सकेंगे। बताया जाता है कि नोएडा प्राधिकरण ने इस दिशा में पहले ही काम कर रहा है।

जल्द ही वहां हेल्थ एटीएम शुरू हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने दिसंबर तक इस काम को पूरा करने के लिए कहा है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने कहा कि हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत काम किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के बाद प्राधिकरण के अधीन सभी 96 गांवों में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। इसके लिए बहुत जल्द प्रक्रिया शुरू करेंगे। हेल्थ एटीएम को वॉक-इन-मेडिकल क्योस्क भी कहा जा सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बसों की खरीद में सीवीसी मानदंडों का उल्लंघन

● कंसल्टेंट डीआईएमटीएस लि. व डीटीसी की टेंडर कमेटी पर वित्तीय निविदाओं का आंकलन सही ढंग से न करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम में एक हजार लो फ्लोर बसों की खरीद प्रक्रिया में काफी खामियां थी और नियमों की अवहेलना भी की गई थी। इसके चलते केजरीवाल सरकार को बसों की खरीद की निविदा को रद्द करना पड़ा था।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की अध्यक्षता वाली निविदा समिति की निगरानी में चल रही बसों की खरीद की टेंडर की प्रक्रिया को दिल्ली परिवहन निगम के उपायुक्त की एक विस्तृत रिपोर्ट सामने आने के बाद रद्द कर दिया गया था। इसमें सीवीसी के दिशानिर्देशों और समान्य वित्त नियमों (जीएफआर) के उल्लंघन का बड़ा मामला सामने आया था। सूत्रों के अनुसार सलाहकार दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मोडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) लिमिटेड और डीटीसी की निविदा समिति ने वित्तीय बोलियों का सही तरीके से मूल्यांकन नहीं किया गया था।

तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन) ने भी फाइल में नोटिंग का समर्थन किया था, लेकिन परिवहन मंत्री ने अपने नेता अरविंद केजरीवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए, खुद फाइल नोटिंग पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसके बजाय मंत्री के सचिव ने रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने यह देखा कि इस फाइल को डीटीसी अध्यक्ष और परिवहन मंत्री ने देखा हुआ है। सूत्रों ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि परिवहन मंत्री की अध्यक्षता वाली निविदा समिति में आरएफपी के निर्देशों की अवहेलना करते हुए पहले ही 6 नवंबर, 2019 को अनुशंसा प्रदान की जिसमें प्रबंध निदेशक, डीटीसी और स्वयं परिवहन मंत्री द्वारा अनुमोदित किया गया था। जिसे डीटीसी बोर्ड के सामने मंजूरी के लिए 7 नवंबर, 2019 को रखा गया था। सूत्रों ने उपायुक्त (डीटीसी) की 27 नवंबर, 2019 की फाइल नोटिंग का जिक्र करते हुए कहा कि डीटीसी ने बसों की खरीद के लिए निविदा जारी की थी और यह 1000 बीएस-6 या नवीनतम बसों की आपूर्ति के लिए एकल निविदा थी।

प्री बिड (बोली से पहले) एक हजार बसों की संख्या को 400 बीएस-6 बसों और 600 बीएस-छह बसों में विभाजित किया गया था, लेकिन इनके लिए दो निविदा के स्थान अब सिर्फ एक निविदा थी तथा बोली लगाने वाले दोनों तरह की बसों के लिए बोली लगा सकते थे। इससे दो तरह की बसों के लिए निविदा में आरएफपी में कोई बदलाव नहीं किया गया। मेसर्स टाटा मोटर्स लिमिटेड ने सिर्फ 600 बसों के लिए बोली लगाई थी और लेकिन सतही तौर पर उनकी बोली को खारिज कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार टाटा मोटर्स की अस्वीकृति के बाद, मेसर्स जेबीएम के लिए भी बिड का परीक्षण किया जाता। यह भी नोट किया जाना चाहिए कि डीटीसी ने टाटा बस का आधार बनाते हुए इस श्रेणी के 80,96,470 रुपये प्रति बीएस-6 बसों के लिए उचित मूल्य के आधार मेसर्स जेबीएम को आमंत्रित किया। हालांकि टाटा ने कभी भी इस श्रेणी के लिए कोई बोली नहीं लगाई।

मेसर्स जेबीएम प्रस्ताव से सहमत नहीं था लेकिन डीटीसी की यह कार्रवाई और मेसर्स जेबीएम से बिना किसी औचित्य और कीमत के साथ बातचीत जीएफआर और सीवीसी दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। दिलचस्प बात यह है कि आरएफपी में सामने की तरफ सीटों की विशिष्ट आवश्यकता थी, लेकिन कंसल्टेंट और डीटीसी टेंडर कमेटी दोनों ने इसके बावजूद जेबीएम की बिड को अस्वीकार नहीं किया गया।

आरएफपी में बदलाव का प्रारूप था लेकिन मेसर्स जेबीएम ने दिशा-निर्देशों से किसी भी बदलाव का जिक्र नहीं किया था और इसलिए, डीटीसी को बोली पर विचार नहीं करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया है और डीटीसी को मामले की जांच करनी चाहिए और खामियों के लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।

# भाजपा परिसीमन समिति को देगी सुझाव : आदेश



प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व अन्य भाजपा नेता।

● कहा-निगम पर फिर लहराएगा भाजपा का परचम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा परिसिमन समिति को सुझाव देगी। भाजपा ने निगम परिसीमन का स्वागत करते हुए कहा कि आगामी निगम चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है। निगम चुनाव में जिस तरह से दिल्ली वाले आम आदमी पार्टी से नाराज हैं उससे साफ है कि निगम चुनाव में भाजपा एक बार फिर से जीत हासिल कर दिल्लीवालों के लिए विकास रथ को आगे भी बरकरार रखने वाली है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि उनकी पार्टी परिसीमन संबंधित व्यवहारिक सुझाव गृह मंत्रालय की ओर से गठित परिसीमन समिति को देंगे और साथ ही परिसीमन के इस फैसले के बाद दिल्ली का विकास अब नए सिरे से होगा। आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सत्ता देकर खुद को ठगा महसूस कर रही है इसलिए वह भाजपा के साथ है। दिल्ली वालों से बड़े-बड़े वादे करने के बाद आप केजरीवाल सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार करने के अलावा कुछ नहीं किया।

## हमले में दोषी विधायकों को निष्कासित करें आप : भाजपा

● अदालत के फैसले के बाद भाजपा ने केजरीवाल को घेरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल से दंगे और पुलिस कर्मियों पर हमले के मामले में स्थानीय अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए आम आदमी पार्टी (आप) के दो विधायकों को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की।

दिल्ली भाजपा के प्रमुख आदेश गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह दोषसिद्धि आप के असली चेहरे को उजागर करती है, जो अब गुंडों, दंगाइयों और भ्रष्टाचारियों की पार्टी बनकर रह गई है। आप की ओर से इस मामले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

राउज एवेन्यू जिला अदालत ने सोमवार को आप के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी और संजीव झा को 2015 में उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी थाने में पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाली भीड़ में शामिल होने के लिए दोषी करार दिया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) वैभव मेहता ने 15 अन्य को भी दंगा करने और पुलिस कर्मियों को चोट पहुंचाने के मामले में दोषी करार दिया।

गुप्ता ने कहा कि नैतिकता का उपदेश देने वाले अरविंद केजरीवाल ने गुंडों का एक संगठन खड़ा किया है जो अकसर पुलिस और लोगों से झड़प करता है और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करता है। उन्हें अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए अपने दोनों विधायकों को तुरंत निष्कासित करना चाहिए और उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द करनी चाहिए।

आप ने पूर्व में आरोप लगाया है कि भाजपा ने उसके विधायकों और नेताओं को फंसाने के लिए दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग किया, जिन्हें अक्सर अदालत से रिहा कर दिया जाता है।

# भलस्वा डेयरी इलाके में महिला को गोली मारी

पायनियर समाचा सेवा। नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में दो लोगों ने 55 वर्षीय एक महिला को कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सोमवार रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि बाइक सवार दो लोगों ने महिला को गोलीबारी मार दी। पुलिस के मुताबिक, घायल महिला की पहचान राजस्थान के झुंझुनू जिले की रहने वाली संतरा के रूप में हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) देवेश कुमार ने बताया कि महिला अपनी बेटी से मिलने दिल्ली के प्रकाश विहार आई थीं। उन्होंने बताया कि वह अपनी बेटी विमला और नातिन ज्योति के साथ घर के बाहर बैठी थीं, तभी बाइक सवार दो लोगों ने उन पर गोली चला दी।

कुमार के अनुसार, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 34 (साझा इरादा) तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने कहा कि घटना के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है और आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, घायल महिला की पहचान राजस्थान के झुंझुनू जिले की रहने वाली संतरा के रूप में हुई है।

डीसीपी (आउटर नॉर्थ) देवेश कुमार महला ने बताया कि संतरा अपनी बेटी से मिलने दिल्ली के प्रकाश विहार आई थीं। उन्होंने बताया कि वह अपनी बेटी विमला और नातिन ज्योति के साथ घर के बाहर बैठी थीं, तभी बाइक सवार दो लोगों ने उन पर गोली चला दी। पुलिस ने मामला दर्ज आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगलाना शुरू कर दिया है। वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि आरोपियों के बारे में पता चलाया जा सके।

# लंपी रोग के 54 नए मामले

● 24 मवेशी संक्रमण से उबरे, दिल्ली में केस की संख्या 203 पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में लंपी रोग के 54 नए मामले सामने आए हैं जबकि 24 मवेशी संक्रमण से उबर गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संक्रमित मवेशियों की संख्या बढ़ कर 203 हो गई है।

दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) संक्रमित मवेशियों को पृथक करने में उनसे सहयोग नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि यह विषय बुधवार को उच्चतर अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा।



प्रतीकात्मक फोटो

राष्ट्रीय राजधानी में लंपी त्वचा रोग के ज्यादातर मामले दक्षिण पश्चिम दिल्ली जिले में सामने आए हैं। केंद्र के मुताबिक, यह रोग गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में फैल गया है।

# महिला पुलिस बैंड की मधुर धुन



# डीयू दाखिला: 34000 छात्रों का पंजीकरण

● स्नातक के 23 विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए 70 हजार सीटें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्नातक कार्यक्रमों में दाखिले के लिए मंगलवार शाम छह बजे तक साझा सीट आवंटन प्रणाली पोर्टल (सीएसएएस) पर 34000 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

डीयू ने अकादमिक वर्ष 2022-23 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सोमवार को सीएसएएस पोर्टल शुरू किया था। इस साल विश्वविद्यालय साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के आधार पर प्रवेश ले रहा है। सीएसएएस-2022 के लिए आवेदन करने के लिए सीयूईटी का आवेदन क्रमांक अनिवार्य है। डीयू में 79 स्नातक कार्यक्रमों के लिए 70000 सीटें हैं। अधिकारी ने कहा, अबतक 34,039 अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है। पहले दिन 24000 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। यह पोर्टल तीन अक्टूबर तक खुला रहेगा जिससे विद्यार्थियों को अपने इच्छित स्नातक कार्यक्रमों के वास्ते आवेदन करने के लिए 21 दिनों का वक्त मिलेगा। सीएसएएस-2022 आवेदन प्रपत्र ऑफलाइन नहीं भरा जा सकता है।

सीएसएएस-2022 के लिए आवेदन शुल्क अनारक्षित वर्ग, ओबीसी एवं आर्थिक रूप से कमजोर तबके के आवेदकों के लिए के लिए 250 रुपए तथा अनुसूचित जातिजनजाति एवं विकलांग श्रेणियों के आवेदकों के लिए 100 रूपए है। सीएसएएस के तहत प्रवेश तीन चरणों में होगा। सीएसएएस-2022 के तहत आवेदन पत्र जमा करना, कार्यक्रम का चयन एवं वरीयता भरना, सीट आवंटन एवं प्रवेश।

# चयन प्रक्रिया का उल्लघंन, भारती कॉलेज के प्राचार्य की नियुक्ति रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारती कॉलेज में प्राचार्य की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। कॉलेज की संचालन इकाई ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों का चयन प्रक्रिया में उल्लंघन किए जाने को लेकर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद डीयू ने यह कदम उठाया है। संचालन इकाई के अध्यक्ष दया नाथ झा ने डीयू को पत्र लिखकर मांग की थी कि नियुक्ति रद्द की जाए क्योंकि विश्वविद्यालय की शीर्ष समिति ने मेधा के आधार पर नाम को अंतिम रूप नहीं दिया। भारती कॉलेज में एक स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति के लिए 10 अगस्त को साक्षात्कार लिया गया था।

संचालन इकाई ने तीन नाम भेजे थे, जिन्हें वरीयता क्रम में रखा गया था। संचालन इकाई के मुताबिक, डीयू की शीर्ष समिति ने प्रथम दो नामों को नजरअंदाज करते हुए नियुक्ति के लिए तीसरे नाम की सिफारिश की थी। झा ने 11 को जारी एक परिपत्र में कहा कि भारती कॉलेज में प्राचार्य की नियुक्ति वापस ली जाती है।

# लोहे का गेट गिरने से छात्रा की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में कक्षा छठी की एक छात्रा के ऊपर लोहे का गेट गिर जाने से उसकी मौत हो गई। ऑटो चालक की 13 वर्षीय बेटी दो अन्य लड़कियों के साथ स्कूल से लौट रही थी, तब उसके साथ यह हादसा हुआ। जब वह एक विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय के सामने से गुजर रही थी तब उसका गेट उसके ऊपर गिर गया और गेट के ऊपर लगे लोहे के नुकीले सिरे उसके सिर में धंस गए। पुलिस के अनुसार, दो अन्य लड़कियां बाल बाल बच गईं।

घायल छात्रा को नजदीक के एक अस्पताल में ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना के सिलसिले में धारा 304 (लापरवाही किसी के लिए जानलेवा साबित होना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पानी की गलत मीटर रीडिंग पर होगी एफआईआर

● डिटेल्स आधार से लिंक की जाए, गड़बड़ी करने पर किया जाएगा ब्लैकलिस्ट : भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पानी मीटर की गलत रीडिंग में शामिल रीडरों और उससे संबंधित निजी कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। गलत मीटर रीडिंग पर सरकार सख्त हो गई है। मीटर रीडर की डिटेल्स को आधार से लिंक किया जाएगा। मीटर रीडर के गड़बड़ी करने पर ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उपभोक्ताओं को गलत बिल के खिलाफ जागरुक किया जाएगा। मीटर रीडर को न्यूनतम मानदेय ना देने वाली एजेंसियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली जल बोर्ड के



बैठक में सौरभ भारद्वाज

उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को सभी 21 बिलिंग एजेंसियों के साथ आज बैठक की।

उन्होंने कहा कि मीटर रीडिंग में गड़बड़ी पर अब बिलिंग एजेंसियां भी जिम्मेदार होंगी। दिल्ली जल बोर्ड के कुल 41 जोन हैं। जिसमें 21 जोन में बिलिंग के लिए प्राइवेट एजेंसियों को नियुक्त किया गया है। सौरभ भारद्वाज ने सभी जोन के प्रतिनिधियों से पूछा कि वो अपने मीटर रीडर्स को कितनी सैलरी देते हैं और अच्छा काम करने वाले मीटर रीडर्स को कैसे प्रोत्साहित करते हैं। इस बातचीत में उपाध्यक्ष ने पाया कि कुछ एजेंसियां अपने मीटर रीडर्स को न्यूनतम मानदेय से कम भुगतान करती हैं। इसका संज्ञान लेते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एजेंसियां अगर मीटर रीडर को न्यूनतम मानदेय नहीं देंगी तो वो चोरी करना शुरू करेगा। एजेंसियों के पैसे ना देने की वजह से मीटर रीडर उपभोक्ताओं से पैसे मांग रहे हैं और इससे सरकार की बदनामी होती है।

भारद्वाज ने डीजेबी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि न्यूनतम मानदेय से कम भुगतान करने वाली एजेंसियों को नोटिस जारी किया जाए। कई लोग तो उनसे सीधी शिकायत करके बताते हैं कि मीटर रीडर ने उनसे बिल कम कराने के लिए पैसे मांगे। सरकार के वेंडर अगर इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाए जाएंगे तो इसे भ्रष्टाचार मान कर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। अब अगर ऐसी शिकायत पकड़ी गई तो कंपनी और मीटर रीडर दोनों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# सरकार से डॉगफाइट को बंद कराने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** पेटा इंडिया ने केंद्र सरकार से डॉगफाइट और पालतू जीवों की गैरकानूनी रूप से चल रही दुकानों को बंद कराने का अनुरोध किया है। संस्था ने पशुपालन मंत्री परशोत्तम रूपाला तथा भारत पशु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ओ पी चौधरी को भेजे एक पत्र में यह अपील की है।

इस वैश्विक गैर सरकारी संगठन ने पशु संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संगठन फॉना पुलिस का एक वीडियो जारी किया जिसमें जीवों को उनके बीच कराई गई डॉगफाइट से पहुंचे घातक जख्म नजर आ रहे हैं।

संस्था के अधिकारियों के अनुसार, कुत्तों को एक दूसरे के लड़ने के लिए उकसाया जाता है।

# अजीमगंज सराय को वापस मिलेगी पहचान, संरक्षण व सौन्दर्यीकरण का काम शुरू

● 16वीं सदी का स्मारक वर्षों तक रहा उपेक्षित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सोलहवीं सदी के ऐतिहासिक अजीमगंज सराय को वापस मिलेगी पहचान। वर्षों से उपेक्षित स्मारक का संरक्षण और सौंदर्यीकरण का काम अब शुरू किया गया है। संरक्षण और सौंदर्यीकरण का काम पूरा होने के बाद यह राजधानी के प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाएगा।

अजीमगंज सराय, सैलानियों को आकर्षित करने के साथ उन्हें सदियों पुराने समृद्ध इतिहास से भी परिचय कराएगा। दिल्ली सरकार ऐतिहासिक पहचान को बरकरार रखने के क्रम में अपने अधिन आने वाली ऐतिहासिक स्मारकों, इमारतों के संरक्षण व उनके पुर्नोद्धार का काम कर रही है।

इसी क्रम में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ सुंदर नगर, निजामुद्दन स्थित अजीमगंज सराय के पुर्नोद्धार के लिए किए जा रहे संरक्षण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक इमारतें हमारी धरोहर है और इन्हें संरक्षित करना बेहद जरुरी है। अजीमगंज सराय जैसी ऐतिहासिक महत्त्व की इमारत लम्बे समय तक उपेक्षित रही जिस कारण इसे काफी नुकसान हुआ है। इस ऐतिहासिक स्मारक के संरक्षण व सौन्दर्यीकरण का काम किया जाए ताकि 16वीं सदी में बने अजीमगंज सराय को उसकी समृद्ध पहचान वापस मिल सकें।

### ऐतिहासिक महत्व की इमारत

अजीमगंज सराय 16वीं सदी का मुगल सराय था, जो मूल रूप से पुराना किला और हुमायूं के मकबरे के महत्वपूर्ण मुगल स्मारकों को जोड़ने वाले ग्रांड ट्रंक रोड पर खड़ा था। सरायों को कारवां सराय के रूप में भी जाना जाता है, जो यात्रियों, व्यापारियों और शिल्पकारों के लिए सुविधाएं प्रदान करने के लिए व्यापार मार्गों के साथ बनाए गए थे। इसके विशाल आँगन के चारो ओर 108 मेहराबदार कमरे बने हुए है जो बेहद खराब हालत में है और इसके संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। पिछले पचास सालों में स्थापत्य जैसे कक्षों, मेहराबों और चिनाई वाली दीवारों में बहुत नुकसान हुआ है। यह ऐतिहासिक महत्व की इमारत है।

# कैबिनेट मंत्री अश्विनी चौबे बनेंगे वशिष्ठ मुनि, मनोज तिवारी केवट

## लाल किला मैदान में होने वाली रामलीला में कई अभिनेता और केंद्रीय मंत्री निभाएंगे किरदार, कर्त्तव्य पथ का भी रखा जाएगा मॉडल



पायनयिर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लाल किला मैदान में 10 दिन तक चलने वाली लव कुश रामलीला में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ऋषि वशिष्ठ की जबकि इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ऋषि अगस्त्य की भूमिका निभाएंगे। वहीं भाजपा सांसद मनोज तिवारी केवट की भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा बाहुबली फिल्म के प्रभास भी दशहरे के दिन रावण का पुतला फूंकते नजर आएंगे। आयोजकों ने दावा किया कि यह अब तक की सबसे बड़ी रामलीला होगी।

रामलीला लाल किला मैदान में 26 सितंबर से शुरू होगी। यह अगले महीने दशहरे के दिन समाप्त होगी। लव कुश रामलीला समिति के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि समिति रामलीला स्थल पर कर्तव्य पथ का एक मॉडल तैयार करेगी।

इसपर हरे रंग का कालीन बिछा होगा, जिसपर फूलदान रखे होंगे। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मैदान को 75 झंडों से भी सजाया जाएगा। रामलीला के मुख्य प्रवेश द्वार पर



पिछली बार राजा जनक की भूमिका में नजर आए थे अश्विनी चौबे।

भगवान राम की तस्वीर लगी होगी। इसे राम द्वार नाम दिया गया है और यह दरियागंज की ओर से आने वालों का स्वागत करेगा। दूसरे द्वार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वार कहा जाएगा और इसपर कर्तव्य पथ पर स्थापित नेताजी की प्रतिमा की तरह एक प्रतिमा दिखाई देगी। कुमार ने कहा कि समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दशहरे के लिए आमंत्रित किया है और उनके आने की पुष्टि होने का इंतजार है। उन्होंने कहा कि लव कुश रामलीला समिति लाल किला मैदान में तीन मंजिला विशाल मंच बनाएगी।

मंच के ऊपर एक बड़ा राम मंदिर बनाया जाएगा और राम मंदिर के अंदर लीला होगी। उन्होंने बताया कि रामलीला के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा मंच होगा। कुमार ने कहा कि तीन कैबिनेट मंत्री भी रामलीला का हिस्सा होंगे। जिनमें केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ऋषि वशिष्ठ की जबकि इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ऋषि अगस्त्य की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भजन गाएंगे। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भारतीय भाजपा सांसद मनोज तिवारी केवट की भूमिका निभाएंगे।

अभिनेता असरानी नारद और टीवी अभिनेता निर्भय वाधवा हनुमान की भूमिका निभाएंगे। बॉलीवुड और टीवी में अपनी विविध भूमिकाओं से पहचान बनाने वाले अखिलेंद्र मिश्रा रावण की भूमिका निभाएंगे। उन्हें चंद्रकांता धारावाहिक में क्रूर सिंह की भूमिका निभाने के लिए याद किया जाता है।

# मेडल जीतकर लौटी कृष्णा व उनके कोच का नवीन गोयल ने किया अभिनंदन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्ट्रैंथ** लिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाली गुरुग्राम की खिलाड़ी कृष्णा और उनके कोच नरेश कुमार का मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल और भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल ने स्वागत किया।

इस चैंपियनशिप में कृष्णा के कोच नरेश कुमार ने जहां किर्गिस्तान और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ फाइट करते हुए एक गोल्ड मेडल, एक सिल्वर मेडल जीते हैं, वहीं कृष्णा ने देश के लिए 2 गोल्ड मेडल जीते। साथ ही 58 किलोग्राम बॉडी वेट में खेलते हुए सबसे अधिक


मेडल जीतकर लौटी कृष्णा व उनके कोच नरेश कुमार का स्वागत करते नवीन गोयल।

437.5 किलोग्राम वजन को उठाकर वर्ल्ड स्ट्रॉन्ग महिला का खिताब भी अपने नाम किया, जिसमें एक बारी में सबसे अधिक 185 किलोग्राम वजन उठा कर देश के लिए गोल्ड पर कब्जा किया था। इसके बाद इंकलाइन बेंच प्रेस में 67.5 की सबसे हेवी लिफ्ट लगाकर दोबारा वर्ल्ड स्ट्रॉन्ग महिला का खिताब अपने नाम किया और देश के लिए गोल्ड पे कब्जा किया। कृष्णा ने चार नए विश्व रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने किर्गिस्तान में भारत के साथ हरियाणा और गुरुग्राम का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है।

कोच नरेश कुमार ने पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी का धन्यवाद किया। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह के नेतृत्व में हरियाणा खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ा है। हमारी श्रेष्ठ खेल नीति के कारण ही हमारे खिलाड़ियों ने मेडलों का ढेर लगाया है।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कृष्णा ने विदेशी धरती पर मेडल जीतकर दिखा दिया है कि भारत की बेटियों में कितनी ताकत है। अब से पहले भी यहां की बेटियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करके देश के लिए मेडल जीते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको बेटियों के सपनों को पंख लगाने चाहिए, ना कि उनके हौसलों को कमजोर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको कृष्णा जैसी बेटियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। खेलों के साथ हर क्षेत्र में बेटियों को आगे बढ़ाना चाहिए। हमारी तरक्की में आज बेटियां भी बराबर की भागीदार हैं।

# भारत विकास परिषद की टीम ने की सुधा यादव से शिष्टाचार भेंट


गुरुग्राम में पूर्व सांसद सुधा यादव से मुलाकात करते भारत विकास परिषद गुरुग्राम की टीम के सदस्य।

**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद जिला गुरुग्राम की पूरी टीम ने केंद्रीय संसदीय बोर्ड भाजपा एवं केंद्रीय चुनाव समिति भाजपा की नवनियुक्त सदस्य एवं पूर्व सांसद सुधा यादव से शिष्टाचार भेंट की। उन्हें आगामी 25 सितम्बर को समूहगान प्रतियोगिता में आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्हें सहर्ष स्वीकार किया।

भारत विकास परिषद जिला गुरुग्राम द्वारा समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-50 में होगी। गुरुग्राम के करीब 25 स्कूल इसमें हिस्सा लेंगे। भारत विकास परिषद की पुस्तक चेतना के स्वर पुस्तक से गीत लिए जाएंगे। ये गीत देशभक्ति के हैं और संस्कृत भाषा में हैं। सुधा यादव को निमंत्रण देने के लिए भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अरुण अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रिषी अग्रवाल, सचिव डा. डीपी गोयल, प्रांतीय कौष सचिव अनिल बंसल, युवा शाखा उपाध्यक्ष सतीश तायल, कल्पना चावला शाखा अध्यक्ष कुसुम गर्ग, मनीष सिंघल, योगेंद्र सारवान, सुभाष गुप्ता, विपिन मंगला, राजेश बंसल, मनीष जैन, प्रिन्स मंगला, विधि मंगला, ललित तायल, सविता गोयल आदि साथ रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मेला लगा कर मनाया राष्ट्रीय पोषण आहार दिवस



**सोहना।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत मेला कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता भी कराई गई। मंगलवार को बादशाहपुर की चौपाल पर महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पोषण आहार माह के मेले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स और महिलाओं ने भाग लिया। सुपरवाइजर सरोज बाला ने बताया कि महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए घरेलू व्यंजनों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। अपने घर की रसोई में पौष्टिक आहार खाकर स्वास्थ्य को उत्तम रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं को घर में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, दही, लस्सी व सलाद आदि का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। माताएं अपने बच्चों को दालें, खिचड़ी, दलिया, पंजीरी आदि खाने के लिए दें। सरोज बाला ने बताया कि भोजन में तली हुई चीजें, अधिक मसालेदार सब्जी, मांसाहार, पैकेटबंद वस्तुएं खाने से परहेज करना चाहिए। पोषण अभियान का उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों और शिशुओं की सेहत को निरोग और बलवान बनाना है। शिशुओं को पूरा समय मां का दूध मिले, इसके लिए धात्री माताओं को मां के दूध के फायदे के बारे में बताया जाता है। महिलाओं को आयरन व कैल्शियम की गोलियां देने के साथ-साथ कम लागत में उपलब्ध पोषक तत्व के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है।

### भाकियू कृषि शक्ति ने जेवर बिजली घर का किया घेराव



**नोएडा।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति की ओर से बिजली समस्याओं को लेकर जेवर बिजली घर का घेराव किया गया। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश छोंकर के नेतृत्व में सेंकड़ों किसान एवं संगठन के पदाधिकारी क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को लेकर बिजली घर के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश छोकर ने कहा कि एक लाइनमैन किसानों को लूटने का काम करता है। अगर किसान उसकी लूट में नहीं आते तो उनको झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जाती हैं। पूर्व में भी बिजली समस्याओं को लेकर जेवर एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा था, मगर अभी तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। मजबूर होकर धरना देना पड़ा। संगठन के जिला अध्यक्ष हरिओम सिंह ने कहा कि जेवर क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर किसान बहुत परेशान हैं। आए दिन किसान बिजली घर के चक्कर काटते रहते हैं। ज्ञापन के माध्यम से बहुत बार बिजली विभाग के अधिकारियों को बताया, मगर किसानों की समस्याओं का निवारण आज तक नहीं हुआ। अगर ऐसा ही चलता रहा तो बहुत जल्द बिजली घर पर तालाबंदी की जाएगी। धरने पर बिजली विभाग के एसडीओ किसानों के बीच आए और एक सप्ताह का समय माँगा। किसानों के द्वारा लाइनमैन को हटाने की मांग की गई। इस दौरान संगठन के जेवर तहसील अध्यक्ष रिशिपाल दयानतपुर, नगर अध्यक्ष फिरोज खान, जिला सचिव अजीत भाटी, फहीम खान, भूरा खान, कालू भाटी, श्रीपाल सिंह सहित सेंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# फसल गिरदावरी के लिए खेतों में पहुंचे गुरुग्राम के उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**खरीफ** फसल की गिरदावरी की फिजिकल वैरिफिकेशन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव मानेसर तहसील के गांव मोकलवास व पटौदी तहसील के गांव जोड़ी के खेतों में पहुंचे। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम द्वारा तैयार किए गए गिरदावरी रिकार्ड का खेतों में पहुंचकर फसल के साथ मिलान किया। गिरदावर व पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की मौके पर पड़ताल की। उन्होंने किसानों द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड किया गए विवरण की फिजिकल वेरिफिकेशन कर सजरा से मिलान किया तथा मोबाइल पर अपलोड किया गया विवरण जांचा।

उपायुक्त ने गांव जोड़ी में मौके पर मुसतिल नंबर 45 के किला नंबर 11 से लेकर किला नम्बर 24 तक व गांव मोकलवास में मुसतील नंबर 3 के किला नम्बर 21/1, मुसतील नम्बर 4 के किला नम्बर 25/1, 25/2, 24/1 व 24/2 सहित मुसतील नम्बर 11 के किला नम्बर 1 व मुसतील नम्बर 10 के किला नम्बर 4 व 5 में खड़ी फसल का मौका मुआयना किया, जोकि रिकॉर्ड के अनुसार सही


गुरुग्राम के गांव मोकलवास में खेतों में फसल गिरदावरी की वेरिफिकेशन करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

पाई गई। उन्होंने पटवारी व कानूनगों को निर्देश दिए कि फसल की गिरदावरी सही तरीके से की जाए, ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि ई-गिरदावरी प्रणाली में पटवारी सजरे से किला नंबर देखकर आसानी से टैब में फसली ब्यौरा एकत्रित करते हैं। इसकी जांच पड़ताल तहसीलदार सहित उच्च अधिकारी द्वारा की जाती है। डीसी ने साल में दो बार दोहराई जाने वाली इस प्रक्रिया के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि डाटा वेरीफिकेशन का मकसद यह है कि मंडियों में अपनी फसल को लेकर आने वाले किसानों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

# वियतनाम रिकॉर्ड्र्स एसोसिएशन के सहयोग से इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स ने चौथी वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर्स मीट का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वियतनाम** रिकॉर्ड्र्स एसोसिएशन (वियतनाम के समाजवादी गणराज्य के गृह मंत्रालय के निर्णय के तहत गठित) के सहयोग से इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स ने 11 सितंबर 2022 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, (नई दिल्ली) में सुबह 10:30 बजे चौथा वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर्स मीट का आयोजन किया। सात देशों के प्रतिनिधिमंडल की प्रतिष्ठित कंपनी ने यूएस, यूके, नेपाल, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, सिंगापुर और वियतनाम सहित मेगा इवेंट में भाग लिया।

सम्मानित अतिथि, वियतनामी अधिकारी सूचना और संचार के पूर्व उप मंत्री डॉ. ले डोन हॉप (पीएचडी) और वियतनाम बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स की सलाहकार परिषद के वर्तमान अध्यक्ष ने मंच को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में पद्मश्री



हंस राज हंस जो कि प्रसिद्ध सूफी गायक के साथ एक भारतीय राजनीतिज्ञ भी हैं, उन्होंने भारतीय प्रतिभा की विविधता पर बात की और दर्शकों के रूप में बैठे असंख्य रिकॉर्ड धारकों की उपस्थिति की सराहना की। चौथे वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर्स मीट का उद्घाटन इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स की मैनेजिंग एडिटर नीरजा रॉय चौधरी ने किया और इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर कहा, यह एक दुर्लभ अवसर होगा जब भारत और विदेशों के सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड धारकों को एक ही मंच पर एक साथ देखा जा रहा है। पिछला ऐसा आयोजन 2019 में हुआ था, उसके बाद 2020 और 2021 में कोविड महामारी के कारण योजना बाधित हो गई। नीरजा रॉय चौधरी ने कहा कि विश्व रिकॉर्ड महोत्सव 2022 को राष्ट्रीय टीवी चैनलों पर लाइव दिखाया जाएगा और अंतरराष्ट्रीय मीडिया से भी इस कार्यक्रम को कवर करने की उम्मीद है, क्योंकि कई शीर्ष रिकॉर्ड धारक मंच पर अपनी प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन करेंगे।

# फर्जी फाइनेंशकर्मी बन नकदी और गाड़ी ले उड़े

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**फर्जी** रिकवरी फाइनेंश एजेंसी बनाकर तीन युवकों ने गुरुग्राम निवासी से किश्त के नाम पर 53 हजार रुपये ठगे और तीसरी बार में मालिक को डरा धमकाकर एक्सयूवी कार छीन कर ले गए। भोंडसी थाना पुलिस ने पीड़ित गाड़ी मालिक की शिकायत पर एक नामजद सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गुरुग्राम सेक्टर -67 निवासी शरद चन्द्र ने पुलिस को बताया कि उसने महेन्द्र कंपनी से 27 अगस्त 2020 को फाइनेंश पर कार ली थी। उसकी गाड़ी की हर माह 38070 रुपये किश्त थी। अभी कुछ महीनों से गाड़ी की किश्त आर्थिक संकट के कारण वह जमा नहीं कर पा रहा था। पांच अगस्त 2022 को वह भोंडसी मारुति कुंज में स्थित महेन्द्रा के शोरूम पर गाड़ी में काम कराने के लिए जा रहा था। मारुति कुंज से पहले उसकी गाड़ी के आगे अचानक से क्रेटा कार आकर रुकी। जिसमें से एक युवक नीचे उतर कर उसके पास आया। वह गाड़ी की टूटी किश्त को लेकर बात करने लगा। गाड़ी की जल्द ही बकाया किश्त जमा करने की बात कहते हुए उसने अमित नाम युवक को 15 हजार रुपये दिए। करीब 10 दिन बाद अमित ने उसकी गाड़ी को बादशाहपुर में स्थित एरिया मॉल के पास रोक लिया। उसने पेटीएम से अमित द्वारा दिए गए नंबर पर एक किश्त 38070 रुपये भर दी। उसके द्वारा दी गई किश्त क्रेजी फाइनेंश एजेंसी दिखा रही थी। आठ सितम्बर को वह मारुति कुंज रात 8 बजे अमित ने फिर रोक लिया। इस बार अमित उसकी गाड़ी की चालक सीट पर बैठ गया और उसे सुनसान जगह ले जाकर दो घंटे तक घुमाता रहा। इस दौरान उसे जान से मार देने की धमकियां दी। अमित ने उसे अपनी गाड़ी से उसे सेक्टर 67 में छुड़वा दिया और गाड़ी लेकर भाग गया। भोंडसी थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुरुग्राम निवासी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# भारत में एमएसएमई को सशक्त बनाने के पांच साल पूरे किए, 12 से 18 सितंबर तक भारत में स्मॉल बिजनेस वीक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सितंबर** 2017 में शुरू किए गए अमेजन बिजनेस ने इस साल भारत में एमएसएमई को सशक्त बनाने के अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं और उन्हें उनके बिजनस को अधिक कुशलता से चलाने में मदद की। छोटे और मझोले बिजनेस को सशक्त बनाने के पांच साल पूरे होने के मौके पर, अमेजन बिजनेस ने पूरे भारत में 12 से 18 सितंबर, 2022 तक अपने स्मॉल बिजनस कस्टमर्स के लिए सप्ताह भर चलने वाले स्मॉल बिजनेस वीक के शुभारंभ की भी घोषणा की है।

स्मॉल बिजनेस वीक शॉपिंग इवेंट के दौरान आईटी प्रोडक्ट, ऑफिस सप्लाई व फर्निशिंग, मैंटेनेंस, रिपेयर एवं ऑपरेशन्स प्रोडक्ट, सेफ्टी इक्विपमेंट और अन्य पर शानदार ऑफर पेश किए हैं। अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर, सुचित सुभाष ने इस घोषणा पर कहा, भारत में अपने कारोबार के बीते पांच वर्षों में अपने कस्टमर्स और एमएसएमई सेलिंग पार्टनर्स से मिले भरपूर समर्थन के लिए हम उनका आभार प्रकट करते हैं। हम बिजनेस कस्टमर्स की ओर से इनोवेशन को जारी रखेंगे और उन्हें सशक्त बनाने और उनके बिजनेस को अधिक कुशलता से

**2017 में 14 हजार सेलर्स के साथ शुरू किए गए अमेजन बिजनेस के सेलर्स की संख्या 6.5 लाख से भी अधिक हो गई है, जो विभिन्न बि?जनस कैटेगरी में जीएसटी बि?ल के साथ 15 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट अपने कस्टमर को बेच रहे हैं**

चलाने के लिए नए प्रोडक्ट पेश करेंगे। हम भारत में अपनी पांचवीं वर्षगांठ मनाने के लिए अपने कस्टमर्स और सेलर पाटनर्स के साथ टॉप ब्रांडों की विभिन्न कैटेगरी के प्रोडक्टों की विशाल रेंज से चुने गए प्रोडक्टों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई डील्स और ऑफर्स के साथ जश्न मनाने जा रहे हैं। अमेजन बिजनेस ने पांच साल पहले भारत में बिजनस खरीद और बिक्री के तौर-तरीकों को बदलने के मिशन के साथ शुरुआत की थी। अमेजन बिजनेस ने तब से एमएसएमई कस्टमर्स को कुशल बनने और उनकी बिजनस खरीद की लागत कम करने में मदद करके उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। इन वर्षों में, अमेजन बिजनेस ने सभी खरीद जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बनाने के लिए 6.5 लाख सेलर्स के साथ 15 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट पेश किए हैं। अमेजन बिजनेस का विशाल सलेक्शन, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्राइसिंग, पैन-इंडिया डिलीवरी और सुरक्षित खरीद गारंटी एमएसएमई की खरीदारी की लागत और समय की बचत करने में मदद करते हैं। भारत में पिछले पांच वर्षों में, अमेजन बिजनेस ने बिजनेस खरीदारी को अधिक कुशल बनाने की दिशा में निरंतर काम किया है। इसमें मल्टी यूजर्स अकाउंट शामिल हैं जो बिजनेस को अमेजन पर अपनी procurement hierarchy को दोहराने में सक्षम बनाते हैं, जिससे फालतू खर्च को रोकने के लिए कस्टम अप्रूवल वर्कफ्लो बनता है और एनईएफटी/आरटीजीएस जैसी बिजनेस भुगतान विधियों को उपयोग किया जाता है। अमेजन बिजनेस बिजनेस कस्टर्स को थोक खरीदारी पर बचत करने के लिए क्वोट के लिए अनुरोध करने सक्षम बनाता है।

# मुकेशभाई अंबानी ने भगवान श्रीनाथजी के किए दर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मुकेशभाई अंबानी ने भगवान श्रीनाथजी के दर्शन के लिए नाथद्वारा गए, जो उदयपुर (राजस्थान) के निकट स्थित एक शहर है। भगवान श्रीनाथजी श्रीकृष्ण के 7 वर्षीय स्वरूप हैं, और वे एक ऐसे देवता हैं जिन्होंने पूरे ब्रज को अपने प्रेम और लीलाओं का आशीर्वाद प्रदान किया। प्रभु श्रीनाथजी मंदिर की परंपरा 350 से अधिक वर्ष पुरानी है। धीरूभाई अंबानी और कोकिलाबेन अंबानी के समय से ही अंबानी परिवार की भगवान श्रीनाथ पर अटूट आस्था रही है और वे पुष्टि मार्ग के अनुयायी रहे हैं। इतना ही नहीं, मुकेश अंबानी ने अपने परिवार में होने वाली पहली शादी-यानी अपनी बेटी ईशा अंबानी की शादी में वैवाहिक रस्मों की शुरुआत प्रभु श्रीनाथजी की महाआरती के साथ की थी। उनकी पत्नी और समाजसेवी, नीता अंबानी ने मधुराष्टकम पर एक नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसकी रचना वल्लभाचार्य (पुष्टि मार्ग के संस्थापक) ने की थी, और सही मायने में यह भगवान श्रीनाथजी के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करता है। वल्लभाचार्यजी के प्रथम प्रत्यक्ष वंशज गोस्वामी तिलकायत राकेश महाराज नाथद्वारा श्रीनाथजी मंदिर के प्रधान पुजारी और पूरे पुष्टि मार्ग के प्रमुख हैं।

धीरूभाई और उनके बाद मुकेशभाई का तिलकायत महाराज तथा उनके सुपुत्र विशाल बाबा साहब के साथ संबंध अपने आप में एक विरासत है। विशाल बाबा ने भारत और पूरी दुनिया (यूएई, बहरीन, यूएसए) में पुष्टिमार्ग की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार का दायित्व संभाला है, और अब अंबानी परिवार की युवा पीढ़ी भी धर्म से जुड़



रही है। मुकेशभाई ने राधिका के साथ विशाल बावा का आशीर्वाद लिया और विशाल बावा ने पूरे परिवार को खुशहाली का आशीर्वाद देने के साथ-साथ भारत में 5जी के लॉन्च, खुदरा व्यापार और हरित ऊर्जा सहित सभी नए उपक्रमों के लिए शुभकामनाएं दी।

अब अनंत अंबानी इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, और वे श्री विशाल बावा के साथ सामाजिक उत्थान को धर्म से जोड़ने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। मौजूदा दौर के एक युवा बिजनेस आइकन तथा जीवन जीने के लिए पुष्टिमार्ग से गहराई के साथ जुड़े व्यक्ति के रूप में, अनंत अंबानी इस जुड़ाव को अगली पीढ़ी तक लेकर जाएंगे। क्योंकि पुष्टि एक ऐसा संप्रदाय है जो उदार सोच वाला, अत्यंत सरल और अंधविश्वास को रोकने वाला है। यह संप्रदाय आपको अपने दैनिक जीवन के सभी कार्यों को सामान्य तरीके से पूरा करते हुए भगवान की सेवा और पूजा करने के तरीके के बारे में बताता है। यही तो आपके संसार और आपके परब्रह्म के बीच सही संतुलन का मार्ग है।

# 'कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया' अमेजन डॉट इन पर लॉन्च हो रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अमेजन** डॉट इन ने 'कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया' के साथ अपनी पार्टनरशिप और साथ ही, अमेजन मार्केटप्लेस पर चुनिंदा प्रीमियम कॉफी ब्रांड लॉन्च करने की घोषणा की। 'कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया' देश की कॉफी इंडस्ट्री के लिए संगठन है और इसे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इस सहयोग के जरिए अमेजनडॉट इन पर प्रीमियम रेंज की कॉफी उपलब्ध होगी, जिसे भारत के कर्णाटक राज्य और कॉफी उगाने वाले दूसरे क्षेत्रों से प्राप्त किया जाता है। इस रेंज में 100% अरेबिका, अरेबिका एंड रोबस्टा ब्लेंड, चिकमगलूर और कूर्ग अरेबिका किस्में शामिल हैं। भारत में कॉफी संस्कृति का लगातार विकास हो रहा है और ग्राहक अपना मनपसंद पेय ऑनलाइन खरीदने के लिए अमेजनडॉट इन पर बेहतरीन ऑफर्स की उम्मीद कर सकते हैं।

इस सहयोग से, विक्रेताओं और छोटे कारोबारों को ग्राहकों की ज्यादा मांग, उनके प्रोडक्ट्स के खोजे जाने और त्योहारों का मौसम आने से पहले ज्यादा बिक्री होने जैसे फायदे मिलेंगे। अमेजनडॉट इन के डायरेक्टर -

**शानदार कीमतों पर कॉफी की प्रीमियम ज्योग्राफ़िकल इंडिकेशन (जीआई) किस्में लॉन्च हो रही हैं**

आईएन कंस्यूमेबल्स निशांत रमन ने बताया, 'कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया' के साथ पार्टनरशिप से हम बेहद खुश हैं क्योंकि इससे अमेजनडॉट इन पर हमारे ग्राहक प्रीमियम क्वालिटी की कॉफी की एक बड़े रेंज से खरीदारी कर सकेंगे। यह हमारे ग्राहकों को सुरक्षित और तेज डिलीवरी के साथ बढ़िया कीमतों पर भारतीय कॉफी के फ़्लेवर्स ऑफर करने की जो हमारी कोशिश है उसी के अनुरूप है। भारतीय ब्रांड्स को हमारे साथ पार्टनरशिप से और U A.in पर अपने प्रोडक्ट बेचकर बहुत फायदा होता है और यह पेशकश वोकल फ़ॉर लोकल के विचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है। त्योहारों का मौसम आने से पहले, इस तरह के सहयोग अमेजनडॉट इन को ग्राहकों के लिए उन रीजनल प्रोडक्ट्स का एक बड़ा सेलेक्शन पेश करने में मदद करेंगे, जो भारत के समृद्ध सामाजिक-सांस्कृतिक ढांचे को दर्शाते हैं। कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया के सीईओ और सेक्रेटरी डॉ. केजी जगदीशा (आईएएस) कहते हैं अब हम हमारी पहुंच बढ़ाने के लिए इंडिया कॉफी ब्रांड के तहत चार प्रीमियम कॉफी लॉन्च कर रहे हैं, जैसे कि कुर्ग अरेबिका कॉफी (जीआई), चिकमगलूर अरेबिका कॉफी (जीआई), 100% अरेबिका कॉफी, और अरेबिका और रोबस्टा का एक ब्लेंड, और कॉफीज ऑफ इंडिया ब्रांड के तहत किफ़ायती कॉफी लॉन्च कर रहे हैं, जैसे कि 100 % अरेबिका और अरेबिका और रोबस्टा का एक ब्लेंड। अमेजन के साथ कॉफी बोर्ड के सहयोग से घरेलू कॉफी के उपयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद की जा रही है। हमारी कॉफी बेहतरीन कॉफी एस्टेट्स से लाई जाती है ताकि हम देश भर के लाखों कॉफी पीने के शौकीनों का दिल जीत सकें। भारत के कॉफी निर्यात में एफव्याई 2013-14 के अप्रैल-जून की तुलना में अप्रैल-जून 2022 में 90% वृद्धि हुई। भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक है और अपने कुल कॉफी उत्पादन का 70% विदेशों को निर्यात करता है।

# निवेश पर सबसे बेहतर रिटर्न देगा देविका सदर बाजार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सदर** बाजार एशिया के सबसे बड़े होल सेल मार्केट में से एक है जहाँ रोज़ाना औसतन 2.5 से 3 लाख लोग आते है। पुरानी दिल्ली में स्थित सदर बाजार मेट्रो, रेल्वे स्टेशन, सेंट्रल दिल्ली से बहुत अच्छे से कनेक्टेड है।

बेहतर लोकेशन, अच्छे फुटफॉल के बावजूद यहां बाजार में आने वाले लोगों की बेसिक जरूरतें जैसे पार्किंग, फूड कोर्ट, बाथरूम, सिटिंग एरिया आदि की समस्या हमेशा से रही है देविका सदर बाजार यहां आने वाले लोगों की इन सब जरूरतों को पूरा करने वाला प्रोजेक्ट है जो बाजार के बीचों बीच निर्मित हो रहा है। यह प्रोजेक्ट इन सब सुविधाओं को आसानी से पूरा करने में सक्षम है, पार्किंग, फ़ूड कोर्ट, बाथरूम, फ़ूड हैंगर आदि उपलब्ध कराएगा। जिसके चलते न केवल इस प्रोजेक्ट के अंदर फुटफॉल बढ़ेगा बल्कि बिक्री भी अच्छी होगी और इस लिए यहाँ पर रेंटल इनकम का रिटर्न भी बाकी किसी और निवेश के मुकाबले ज्यादा होगा। सबसे अच्छी बात यह है की इसमें निवेश सिर्फ 24 लाख से शुरू है और लीज गारंटी भी साथ में मिल रही है। देविका ग्रुप के एमडी, अंकित अग्रवाल ने कहा हम देश के सबसे पुराने और प्रसिद्ध मार्केट में आर्गनाइज्ड रिटेल का प्रोजेक्ट बना रहे है। सबसे अच्छी बात यह है कि यहां ना केवल अकवहव फूटफाल की गारंटी है बल्कि रिटर्न की भी है जो रिस्क फ़्री होगा। देविका सदर बाज़ार में निवेश केवल 24 लाख से शुरू है।'

# हार्मन ने भारत में नकली जेबीएल और इन्फिनिटी उत्पादों के निर्माण और बिक्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सैमसंग** इलेक्ट्रॉनिक कंपनी लिमिटेड की पूर्ण अधिग्रहीत सब्सिडियरी, हार्मन, जो ऑटोमोटिव, कंज्यूमर ऑडियो और एंटरप्राईज बाजार के लिए कनेक्टेड टेक्नोलॉजी पर केंद्रित है, अब भारत में नकली जेबीएल उत्पादों का निर्माण एवं बिक्री करने वाले निर्माताओं, वितरकों, रिटेलर्स और डीलर्स के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। हार्मन अग्रणी ऑडियो ब्रांड्स जैसे जेबीएल, एकेजी, हार्मन कार्डन, इंफिनिटी, लैक्सिकॉन, मार्क लेविंसन, और रेवेल आदि के लिए पैरेंट कंपनी है। हाल ही में की गई छापेमारी की कार्रवाई में हार्मन की जांचकर्ता टीम ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ मिलकर कार एक्सेसरीज की दुकानों और दिल्ली में स्थित निर्माण इकाइयों से नकली जेबीएल और इन्फिनिटी उपभोक्ता उत्पादों का स्टॉक पकड़ा। टीम ने दुकानों और निर्माण इकाईयों में नकली जेबीएल एवं इन्फिनिटी कार स्पीकर और सबवूफर जब्त किए।

हार्मन ने इन अपराधियों के खिलाफ उचित अपराधिक कार्रवाई की है और कंपनी भारत में नकली उत्पादों का निर्माण एवं बिक्री रोकने के लिए अपनी खोजबीन जारी

**दिल्ली में जांचकर्ताओं और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समन्वित प्रयासों के साथ छापेमारी कर नकली जेबीएल और इन्फिनिटी उत्पाद जब्त किए**

रखेगी। हार्मन इंडिया के वाईस प्रेसिडेंट, लाईफस्टाईल, विक्रम खेर ने कहा, हार्मन में हम पूरी दुनिया में अपने ग्राहकों को निरंतर सर्वश्रेष्ठ स्तर एवं गुणवत्ता के उत्पाद प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। हार्मन ग्राहकों पर केंद्रित है, और ग्राहक अनुभव हमारे मूलभूत मूल्यों में से एक है। हम बिना कोई समझौता किए वही करते रहते हैं, जो सही है। इसीलिए ग्राहकों से अपने ब्रांड के वादे को कायम रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। हम ग्राहकों से निवेदन करते हैं कि वो बाजार में नकली उत्पादों से सावधान रहें और केवल अधिकृत रिटेलर, डीलर, और ई- कॉमर्स विक्रेता से ही हार्मन उत्पाद खरीदें।

**ग्राहकों के लिए एडवाईजरी :** नकली जेबीएल उत्पाद पहचानने के आसान तरीके

1. कई प्रीमियम सामानों की तरह ही हार्मन के उत्पादों की भी नकल करके बेचा जाता है। ये उत्पाद खराब गुणवत्ता के होते हैं और इन्हें बहुत सस्ते दाम में बेचा जाता है। ओरिजनल जेबीएल और इन्फिनिटी उत्पाद उच्च गुणवत्ता की सामग्री से बनाए जाते हैं और सुनने का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किए जाते हैं।
2. इनका कॉस्मेटिक ओरिजनल जेबीएल और इन्फिनिटी उत्पादों के मानकों का पालन नहीं करता।
3. इसलिए उत्पाद खरीदने से पहले पैकेजिंग और लोगों का प्लेसमेंट /रंग जांच लें। आमतौर से नकली उत्पादों की पैकेजिंग हल्की सामग्री से की जाती है, जिनमें सर्टिफिकेशंस, निर्माण का स्थान, पता, और ट्रेडमार्क/ कॉपीराइट की जानकारी जैसे मुख्य विवरण नहीं दिए गए होते हैं। लोगो का प्लेसमेंट भी थोड़ा हटा हुआ होता है और इसका रंग भी असली लोगो जैसा नहीं होता।
4. यह उत्पाद वजन में हल्का हो सकता है, इसमें कैमिकल्स की बदबू आ सकती है, या फिर पेंट छुट रहा हो सकता है।
5. इसलिए उत्पाद बेचने वाले विक्रेता की प्रतिष्ठा जांच लें। ग्राहकों की टिप्पणियां पढ़ लें।

# दवा के बाद अब जांच का सामान खत्म, मरीज परेशान

## लम्बी लाइन में घंटों खड़े रहने के बाद मरीजों को लौटना पड़ा

**कविता। फरीदाबाद**



प्रयोगशाला के भीतर पहुंचने पर मरीजों को लौटाते एलटी।



ओपीडी के रूम नम्बर 13 के बाहर लगी भीड़।

**बीके** सिविल अस्पताल में सामान खत्म होने से रूटीन जांच मंगलवार को सुबह 10 बजे के बाद बंद हो गई। लम्बी लाइनों में लगे लोगों को अगले दिन आने की बात कहकर लौटा दिया गया।

इस विषय में अस्पताल की पीएमओ से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं लोगों की परेशानी को देखते हुए लैब टैक्नीशियनों से बात की गई, तो पता चला कि सामान मंगलवार को जांच के दौरान समाप्त हो गया है, जो दो या तीन दिन में आ जाएगा, जिसके बाद सीबीसी समेत अन्य रूटीन की जांच प्रयोगशाला में शुरू हो जाएगी। अस्पताल में फिलहाल फेफटी और विटामिन डी तथा थाईराइड की जांच ही की जा रही है।

**हुई परेशानी :** बीके सिविल अस्पताल में ढाई से तीन हजार मरीज सोमवार और मंगलवार को अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं। जिसमें रोजाना करीब आठ सौ मरीजों को सीबीसी, लीवर सम्बंधित व अन्य कई तरह की जांच कराने के लिए चिकित्सकों द्वारा लिखा जाता है, लेकिन अस्पताल में होने वाली जांच 12 बजे ही खत्म हो जाती है। ऐसे में शेष मरीजों को निजी अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन मंगलवार को यहां सीबीसी समेत अन्य कई तरह की जांच, जो हर तरह के रोगियों की रोजाना की जाती है, उनका सामान समाप्त हो गया। जिस पर प्रयोगशाला में सैम्पल देने के लिए खड़े मरीजों को कक्ष के अंदर आने पर बताया गया कि यह सैम्पल नहीं होंगे। क्योंकि सामान समाप्त है। ऐसे में मरीजों को घंटों लम्बी लाइन में लगकर लौटना पड़ा।

**मात्र तीन जांच :** बीके अस्पताल के प्रयोगशाला में मंगलवार सुबह 10-11 बजे के बाद सीबीसी जैसी नॉर्मल जांच तक का सामान समाप्त हो गया। ऐसे में मरीजों को लौटाया गया। वहीं जब प्रयोगशाला में पूछने पर पता चला कि अस्पताल में केवल फेफटी, विटामिन डी और थाईराइड जैसी जांच ही की जा रही है। रूटीन में होने वाली सामान्य जांचों का सामना समाप्त है। जोकि दो दिनों के बाद आ पाएगा। वहीं मरीजों ने बताया कि वह अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे, चिकित्सकों दिखाया, तो उन्होंने जांच कराने के लिए लिख दिया। सैकड़ों की संख्या में मरीज अपनी जांच कराने कमरा नम्बर-13 के बाहर पहुंचे, लेकिन यहां जांच न होने की बात कही गई। ऐसे में उन्हें घंटों लाइन में खड़े होने से परेशानी हुई।

# सीएम फ्लाइंग ने नकली सोया चाप की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

## सोयाबीन के नाम पर लंबे समय से कर रहे थे लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



छापेमारी के दौरान जांच करते अधिकारी, मौके पर नकली चाप तैयार करते बच्चे।

**सोयाबीन** के नाम पर मैदा और अन्य मिलावटी चीजों से नकली चाप तैयार कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही ऑटोपिन झुग्गी में स्थित एक फैक्ट्री का सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश चेची की टीम ने पर्दाफाश किया है। भारी मात्रा में नकली चाप और बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामाग्री के साथ यहां अन्य कई अनियमितताएं भी पाई गई हैं। फैक्ट्री में कम उम्र के बच्चों से काम करवाया जा रहा था।

डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि सीएम फ्लाइंग के सतबीर सिंह उप निरीक्षक, सतनारायण निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, उज्जवल कुमार सहायक अभियंता हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सचिन शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रविंद्र चाइल्ड हेल्पलाइन, अमर सिंह, निरीक्षक श्रम विभाग फरीदाबाद, सुरेश चंद कनिष्ठ अभियंता बिजली विभाग व स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण पर प्लॉट न 23, नाला रोड, श्मशान घाट के सामने दीपक निवासी मकान नम्बर 5बी/28बी एपआईटी चाप बनाने की वर्कशॉप चला रहा था। निरीक्षण के दौरान मौके पर मैदा से चाप तैयार की जा रही थी। एफएसओ डॉ. सचिन शर्मा द्वारा मांगने पर आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। वर्कशॉप में 50 किलोग्राम के 13 कट्टे मैदा चाप के रखे थे। ड्रम में करीब 200 किलोग्राम चाप रखी हुई मिली। जिस पर एफएसओ ने तैयार चाप व मैदा के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया। उज्जवल कुमार सहायक अभियंता हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने चाप बनाने में गंदे पानी का सैम्पल लिया। सुरेश चंद कनिष्ठ अभियंता बिजली विभाग ने वर्कशॉप में लगे बिजली मीटर का निरीक्षण किया गया। बिजली कनेक्शन घरेलू पाए जाने पर एलएलएक फार्म भरा गया है। सतनारायण निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा की गई जांच में मौके से तीन घरेलू गैस सिलेंडर मिले हैं। वर्कशॉप में चाप बनाने के लिए चार मजदूरों से कार्य कराया जा रहा था।

मौके पर रविन्द्र चाइल्ड हेल्प लाइन फरीदाबाद व अमर सिंह लेबर निरीक्षक द्वारा पूछताछ की गई। पूछताछ पर तीन बच्चे कम उम्र के कार्य करते पाये गये। पूछताछ पर सभी बच्चों ने बतलाया कि उन्हें सुबह आठ से शाम छह बजे तक कार्य करने के 300 रुपये प्रतिदिन दिए जाते हैं व कार्य करने के बाद भी वह वर्कशॉप में ही रहते हैं। जिन्हें उनके गांव का शिव कुमार नामक व्यक्ति लेकर आया था वही उनकी मजदूरी देता है। थाना मुजेसर पुलिस ने वर्कशॉप मालिक दीपक और ठेकेदार शिवकुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# तिगांव विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कें बनेंगी : नागर



तिगांव विधानसभा क्षेत्र के सेहतपुर स्थित चेतन मार्केट में विकास कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश नागर।

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के सेहतपुर की चेतन मार्केट रोड का विधायक राजेश नागर ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। स्थानीय लोगों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया।

गौरतलब है कि स्थानीय लोगों ने विधायक राजेश नागर से चेतन मार्केट रोड को बनाने की मांग की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए विधायक राजेश नागर ने पहले यहां सीवर लाइन का कार्य कराया, उसके बाद सड़क निर्माण का कार्य नारियल फोड़कर प्रारंभ किया। करोड़ों रुपये की लागत से बनकर तैयार होने वाली चेतन मार्केट रोड से हजारों लोगों का आवागमन सुगम हो सकेगा। विधायक राजेश नागर ने एक बच्चे के हाथ से नारियल फुड़वा कर रोड बनाने का निर्माण आरम्भ किया। राजेश नागर ने कहा कि सम्पूर्ण तिगांव विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। सभी सड़कों के बन जाने के बाद स्थानीय लोगों को बड़ा लाभ और आरामदायक आवागमन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी कच्ची कॉलोनियों को पक्का करने का काम कर दिया है। अब इन कॉलोनियों में भी पक्की कॉलोनियों की तर्ज पर विकास का मार्ग खुल गया है। उन्होंने कहा कि आप लोग अपनी भविष्य की समस्याओं के लिए भी मुझसे कभी भी मिल सकते हैं।

इस अवसर पर प्रहलाद शर्मा, लोकेश बैंसला, प्रदीप त्रिपाठी, ठाकुर बृजेश सिंह, भारती भाकुनी, लाल मिश्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कलाकृतियों की प्रदर्शनी 'पैनोरमा 21' का आयोजन

## प्रियंका बेनर्जी द्वारा क्यूरेटेड प्रदर्शनी में देशभर से 15 प्रतिष्ठित कलाकार ले रहे हैं हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**कलाकारों** को सम्मान और अवसर देने के उद्देश्य के साथ आर्ट क्यूरेटर प्रियंका बैनर्जी ने कलाकृतियों की प्रदर्शनी 'पैनोरमा 21' का आयोजन किया है। नई दिल्ली स्थित ललित कला अकादमी में यह प्रदर्शनी 15 सितंबर तक चलेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता, लेखिका एवं दस्तकार समिति की प्रेसिडेंट जया जेटली तथा राजनीतिज्ञ एवं पशु अधिकारों के लिए प्रयासरत मेनका गांधी ने किया।

सात दिन चलने वाली इस प्रदर्शनी में देश के अलग-अलग हिस्सों से 15 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इन कलाकारों ने अपनी प्रतिभा एवं कला के दम पर हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। विविधता से परिपूर्ण कलाकृतियों के दम पर यह आयोजन कलाप्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। आयोजन में हिस्सा लेने वालों में आंध्र प्रदेश के धनजय का नाम अहम है। उन्होंने राज्य स्तर पर कई पुरस्कार जीते हैं। प्रदर्शनी में उन्होंने लकड़ी पर उकेर कर बनाई गई भगवान बालाजी समेत विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों को सबके समक्ष रखा है। इनके अतिरिक्त भी उनकी कुछ कलाकृतियां लोगों को लुभाएंगी। मेरठ की सीमा परवीन ने कागज पर वाटर कलर से बनी कलाकृतियों को सबके समक्ष रखेंगी। नोएडा के अमित कुमार अपनी कला के माध्यम से बाघों के अस्तित्व के संकट को लेकर सभी को जागरूक करते नजर आयेंगे। उन्होंने पारिस्थितिक संतुलन पर जोर दिया है। नोएडा की मेघना अग्रवाल ने ग्लोबल वार्मिंग और उसके दुष्प्रभावों को कला के माध्यम से बताया है। नई दिल्ली की अनिंदिता किशोर की कलाकृतियों भी प्रकृति केंद्रित हैं। कोलकाता के तापोस दास की बनाई मां दुर्गा की मूर्तियां भी अद्भुत हैं। छत्तीसगढ़ की रेवा मंडल, मध्य प्रदेश के पूर्णेंदु मंडल, बनारस की पूनम राय, दिल्ली के कलाकारों गौता क्वात्रा, पंकज भारती और रमा शर्मा की कलाकृतियां भी इस आयोजन में सम्मिलित की गई हैं। उनके अतिरिक्त धनंजय कुमार, निलय सरकार और मृदुल चक्रवर्ती की कलाकृतियां भी इस प्रदर्शनी का आकर्षण हैं।

क्यूरेटर प्रियंका बेनर्जी ने कहा, फ्रांस के दिग्गज कलाकार हेनरी मैटिस ने कहा था कि रचनात्मकता के लिए साहस की आवश्यकता होती है। यह साहस होता है, सत्य को स्वीकारने और एक कलाकृति के रूप में उसे सबके सामने रखने का।

# भारत विश्वगुरु के रूप में उभर रहा है : चौबे

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**ब्रिक्स** सीसीआई ने स्टार्ट-अप सीरीज-2 का आयोजन किया। जिसमें देश के यूनिकॉर्न कम्पनीज के फाउंडर्स ने स्टार्टअप कंपनियों को अपने आइडियाज को सफल बिजनेस बनाने के गुर सिखाये। कार्यक्रम में अश्विनी कुमार चौबे, मिनिस्टर ऑफ स्टेट, कंस्यूमर अफेयर एवं फूड व पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने स्टार्टअप संस्कृति में भारतीय मूल्यों के बारे में बताया।

कार्यक्रम की नींव रखने वाले ब्रिक्स सीसीआई के उपाध्यक्ष समीप शास्त्री ने कहा, हमारे पास इनोवेशन की ताकत है, हमारे पास नए आइडिया हैं, हमारे पास युवा एनर्जी हैं और हम व्यापार करने के तरीके को बदल रहे हैं। हमारे स्टार्टअप बिजनेस के नियम नए बना रहे हैं। रुहेल रंजन, अध्यक्ष, निवेश वर्टीकल, ब्रिक्स सीसीआई ने कहा स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार की नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिबिन बाबू, कन्वीनर, निवेश वर्टीकल, ब्रिक्स सीसीआई ने कहा कि केवल एक चीज जो वैश्विक नागरिकता को संभव बना सकती है, वह है स्टार्टअप। प्रख्यात यूनिकॉर्न और सूनीकॉर्न संस्थापकों के एक पावर पैक्ड पैनल ने वक्ताओं और पैनलिस्ट के रूप में अपने अनुभव और विचार प्रस्तुत किए। उनमे शामिल थे प्रशांत पिट्टी (सह-संस्थापक और सीईओ, ईजीमाईट्रिप.कॉम), डॉ. वैभव कपूर (संस्थापक, प्रिस्टिनकेयर), गजेंद्र जांगिड़ (सह-संस्थापक और सीएमओ, सीएआरएस24), अलख पांडे (संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला), वरुण अलघ (सह-संस्थापक और सीईओ, मामाअर्थ), डॉ जितेंद्र दास (निदेशक, फोर स्कूल ऑफ प्रबंधन), असीम गर्ग (संस्थापक, डीसीडीसी किडनी केयर), स्मृति भट्ट देवरा (सह-संस्थापक एडवांटेज क्लब), जितेंद्र शर्मा (संस्थापक, हेयर ओरिजिनल्स), बिबिन बाबू (सह-संस्थापक, पेइजा), अमित सिंघल (संस्थापक और सीईओ, फ्लूइड वेंचर्स), सुशील शर्मा (संस्थापक और सीईओ, मारवाड़ी कैटालिस्ट्स प्राइवेट लिमिटेड), प्रशांत नारंग (संस्थापक और सीईओ, एजिलिटी वेंचर्स), राजेश साहनी (बोर्ड सदस्य, जीएसएफ इंडिया), सैंड्रो स्टीफन (वाइस प्रेसिडेंट, इंडियन एंजेल नेटवर्क), एवी मित्तल (एमडी, गोल्डन ऐस वेंचर्स एलएलपी), तेजा गुडलुरु (संस्थापक और सीईओ, यूडो-नाउ)। पावर पैक्ड कार्यक्रम में नई दिल्ली में अर्जेंटीना के दूतावास के राजदूत ह्यूगो जेवियर गोब्बी भी मौजूद थे।

# पाखल हत्याकांड का 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## बिजली ट्यूबवल के कनेक्शन को लेकर मानता था रंजिश

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव की टीम ने पाखल हत्याकांड के मामले में इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम नितिश है। आरोपी गांव मोहबताबाद गोठड़ा का रहने वाला है। आरोपी ने मुख्य आरोपी ललित व अपने साथियों के साथ मिलकर खेत में लगे बिजली के ट्यूबवल कनेक्शन को लेकर आपसी रंजिश के कारण पाखल गांव में राकेश की हत्या कर दी थी। जिसका मुकदमा थाना धौज में दर्ज कर क्राइम ब्रांच टीम ने पहले मुख्य आरोपी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को एनएचपीसी मेट्रो स्टेशन से हत्या के मुकदमे में गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच टीम ने मामले में पहले ललित, अर्जुन, सोनू, परमानंद, बिजेन्द्र, धर्मवीर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में तफ्तीश जारी है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# एनजीटी के केसों को गंभीरता से निपटाने के आदेश

## एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



सेक्टर 12 लघु सचिवालय में एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में भाग लेते अधिकारी को संबोधित करते डीसी विक्रम।

**डीसी** विक्रम ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी गम्भीरता से पूरा करें। उन्होंने एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिस विभाग की जो भी जिम्मेदारी है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में एनजीटी के सभी केसों की डीसी विक्रम ने एक एक करके विभागवार समीक्षा की।

समीक्षा के उपरान्त डीसी विक्रम अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्राधिकरण एनसीआर में गम्भीरता से कार्य कर रहा है। एनजीटी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीसी अपराजिता, एसडीएम परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, डीडीपीओ राकेश मोर,एसीईओ कम बीडीपीओ अंकिता अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी बिजेन्द्र राणा, डीएचबीवीएन कार्यकारी अभियंता उर्मिला ग्रेवाल, पीडब्लूडी बीएंडआर के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिन्धु, लेखाकार डीसी शर्मा सहित एनजीटी जुड़े विभागों के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। आपको बता दें 18 अक्टूबर 2010 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 के तहत पर्यावरण बचाव और वन संरक्षण और अन्य प्राकृतिक संसाधन सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन और क्षतिग्रस्त व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिए अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करना और इससे जुड़े हुए मामलों का प्रभावशाली तथा तीव्र गति से निपटारा करने के लिए किया गया है।

# महिलाओं पर अश्लील कमेंट करते पांच गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार महिला थाना सेक्टर-16 प्रभारी इंस्पेक्टर गीता, एसआई आशा, एएसआई गीता तथा हेल्प डेक्स की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं तथा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले 5 मनचलों को काबू किया है। पूछताछ में पता चला कि मनचले युवक छात्राओं तथा महिलाओं पर कमेंट पास करते हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मनचलों को काबू करने के लिए महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद थी। युवकों ने जब सादी वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो महिला पुलिस ने उन्हें मौके से काबू कर लिया। महिला पुलिस थाना सेक्टर-16 तथा हेल्प डेक्स की टीम ने टाउन पार्क तथा भारत कॉलोनी से 5 मनचलों को काबू किया। छेड़छाड़ करने वाले युवकों के परिजनों को थाने बुलाया गया तथा उन्हें सख्त हिदायत देते हुए चेतावनी दी।

# संक्षिप्त समाचार

## डीसी ने किया बीके में सीआर्म मशीन का लोकार्पण



जिला उपायुक्त को सीआर्म मशीन की जानकारी देते डॉ. सतीश वर्मा।

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम ने मंगलवार को सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता व नागरिक अस्पताल बीके अस्पताल प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सविता यादव की उपस्थिति में सीआर्म मशीन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े चिकित्सक और अन्य कर्मचारी आम जनता के लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं का बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम ने अस्पताल में उपस्थित डॉक्टरों व स्टाफ से भी वार्तालाप कर वहां मौजूद उपकरणों की भी बारीकी से जानकारी ली। उपायुक्त विक्रम ने अस्पताल के विभिन्न डिपार्टमेंट जैसे कार्डियोलॉजी कैथ लैब व अन्य लैब का निरीक्षण भी किया। उपायुक्त विक्रम ने मुस्कान योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना भी की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी विनय गुप्ता ने बताया कि यह मशीन गरीब व जरूरतमंद मरीजों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगी। मशीन से मरीजों के इलाज में काफी सहायता मिलेगी। डिप्टी सीएमओ डाक्टर रामभगत, डिप्टी सीएमओ डाक्टर राजेश श्योकंद, डिप्टी सीएमओ डाक्टर गजराज, डिप्टी सीएमओ डाक्टर हरीश आर्य, एसएमओ डाक्टर राजेश धीमान, एसएमओ डाक्टर मनोज बजाज, डाक्टर नीतू यादव सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## उदासीन साधु आश्रम ने निकाली कलश यात्रा



**बल्लभगढ़।** सतगुरु बाबा नानू महाराज की पुण्य स्मृति में 68 वां यज्ञ महोत्सव श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर उदासीन साधु आश्रम के महंत कामेश्वर दास महाराज व डॉक्टर स्वामी महामंडलेश्वर विवेकानंद द्वारा बाजार में कलश शोभायात्रा निकाली। जोकि गुप्ता होटल से अंबेडकर चौक व बाजार में होते हुए आश्रम तक पहुंची। शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह स्वागत हुआ। सत्संग भवन की तरफ से बलदेव जुनेजा व गोपाल मंदिर की तरफ से मदन लाल अरोड़ा, रमेश खट्टर, बाजार में पहुंचने पर सुरेश अनेजा, राजेंद्र बरेजा, नीलम बरेजा द्वारा स्वागत किया। 13 से 20 सितंबर तक चल रहे भागवत महायज्ञ में कथा व्यास परम पूज्य रविशंकर महाराज अपनी मधुर वाणी से भागवत कथा करेंगे।

## समस्याओं को लेकर निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना के नेतृत्व में मंगलवार को नव नियुक्त नगर निगम कमिश्नर जितेंद्र दहिया से मिला और उनको गुलदस्ता भेंट करके बधाई दी। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने शहर की समस्याओं को अवगत कराते हुए उनको एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसके माध्यम से शहर की गंभीर समस्याओं पीने का मीठा पानी, सीवर ओवरफ्लो की समस्या, टूटी सड़कों एवं सीवर के खुले ढक्कन बदलवाने सहित मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग की। नव नियुक्त निगम कमिश्नर जितेन्द्र दहिया ने शहर की प्रमुख समस्याओं को नोटिस करते हुए जल्द से जल्द लोगों को राहत दिलाने का आश्वासन दिया। धर्मवीर भड़ाना ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त निगमायुक्त जितेन्द्र दहिया उनके ज्ञापन को गंभीरता से लेंगे और शहर के बदत्तर हालातों को सुधारने के लिए, बेहतरीन प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर, जिसको भाजपा स्मार्ट सिटी बनाने का दावा करती है, स्मार्ट तो छोड़ो सिटी कहलाने के लायक नहीं है। भाजपा के मंत्री एवं विधायक चहुंमुखी विकास के दावे करते नहीं थकते, मगर भाजपा ने केवल और केवल चहुंमुखी विनाश किया है। आज फरीदाबाद का बच्चा-बच्चा भाजपा के विकास पर आंसू बहा रहा है। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ नेता प्रवेश मेहता, गुलशन बग्गा, राकेश भडाना, भीम यादव, बृजेश नागर, अरुण कुमार, लाल सिंह, नवीन कौशिक, इंदिरा कोठारी, विनोद भडाना एवं चाचा श्यामवीर आदि मौजूद थे।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने डॉ. बाला को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर द्वारा भारत के प्रमुख जीवन शैली और निवारक दवा विशेषज्ञ और डॉ. बाला स्कूल ऑफ फिटनेस एंड प्रिवेंटिव मेडिसिन के सीईओ डॉ. बाला (डॉ. जेसी बालाचंदर) को सम्मानित किया। डॉ. बाला ने 45 दिनों में एक मरीज को 30 किलो वजन, वसा कम करने और उसे उच्च कोलेस्ट्रॉल, उच्च लिवर एंजाइम और उच्च यूरिक एसिड से बाहर निकालने के लिए एक विश्व रिकॉर्ड बनाने और रिकॉर्ड की विश्व पुस्तक लंदन में प्रवेश करने के लिए, श्री गुर्जर ने सम्मानित किया। 45 दिनों में एक भी टैबलेट के बिना सिर्फ जीवनशैली और निवारक दवा के माध्यम से दर्जी वैज्ञानिक व्यायाम, कस्टम मेड आहार योजना और विषय विशिष्ट जीवन शैली संशोधनों द्वारा उस मरीज को ठीक किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने कहा कि डॉ. बाला को उनके सभी स्वास्थ्य मिशनों के लिए के लिए यह सम्मान दिया है और एक रोग मुक्त और फिट भारत के लिए काम करने के लिए बधाई दी। श्री गुर्जर ने कहा कि बिना दवाई मरीज को ठीक करना और वह भी केवल दिनचर्या में बदलाव, संतुलित भोजन से अपने आप में एक अनूठा कार्य है।

## लावारिस बुजुर्ग को आश्रम ने अपनाया



**फरीदाबाद।** नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने मंगलवार को बाटा पुल के नीचे लावारिस पड़े वृद्ध को अपनाकर एक नेक काम किया है। समिति के संचालक किशन लाल बजाज को एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गौतम, रामवीर एडवोकेट ने फोन पर सूचना दी कि एक वृद्ध बाटा पुल के नीचे लावारिस पड़ा हुआ है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचें और आश्रम की एम्बुलेंस से वृद्धाश्रम लेकर आए। किशन लाल बजाज ने बताया कि वृद्ध ने अपना नाम विशंभर दयाल उम्र 78 वर्ष निवासी ब्रह्मणवाड़ा वार्ड नंबर छह बल्लभगढ़ फरीदाबाद बताया। वृद्ध के दो लड़के है जिन्होंने झगड़ा करके उसे घर से बाहर निकाल दिया। किशन लाल बजाज ने कहा कि इसकी सूचना एक नंबर कोतवाली में दी जाएगी तथा बुजुर्ग की देखभाल दवाई का जो भी खर्चा है वह संस्था द्वारा वहन किया जाएगा।


## दो आरोपियों की गिरफ्तारी से सुलझे सात मामले

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने स्नेचिंग और वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी से सात मामले पुलिस ने सुलझाये हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में सोहिल और मोसिम का नाम शामिल है। दोनों पलवल के गांव मोहरुका के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपी को एसजीएम नगर से चोरी की इको कार के साथ गिरफ्तार किए है। आरोपियों ने इको कार को पलवल के थाना गदपुरी के एरिया से चोरी किया था। आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पूछताछ में चोरी और स्नेचिंग के सात मुकदमों का खुलासा हुआ है। जिसमें चार मोटरसाइकिल, एक इको कार और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। चोरी के मामलों में शामिल अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## ज्ञानवापी फैसला
### सतर्कता जरूरी

**ज्ञानवापी** मामले में निचली अदालत का फैसला आने के बाद उम्मीद करनी चाहिए कि यह राम मंदिर जैसा एक और विवाद नहीं बनेगा। सोमवार को वाराणसी जिला व सत्र न्यायालय में अंजुमन इंतजामिया कमेटी की पराजय से मामला समाप्त नहीं होगा। मुस्लिम पक्ष इसके खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगा और उसने पहले ही इस बात के संकेत दे दिए हैं। वैसे भी यदि हिंदू पक्ष की पराजय होती तो भी यह मामला उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय तक जाता। कमेटी ने ज्ञानवापी मस्जिद व उससे सटी जमीन के मालिकाना हक पर सवाल उठाने वाली सिविल याचिकाओं को चुनौती दी थी। वर्तमान याचिकायें पांच हिंदू महिलाओं ने दायर की थीं जिन्होंने शहर की ज्ञानवापी मस्जिद के भीतर एक स्थान पर पूजा के अधिकार की मांग की थी जिसे वे शिवलिंग होने का दावा करती थीं। ज्ञानवापी मस्जिद प्रशिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में है। जिला जज ए.के.विश्वेस के निर्णय से स्पष्ट है कि अब सिविल याचिकाओं पर विस्तार से विचार किया जाएगा और प्रमाणों की परीक्षा की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय ने मई में यह मामला जिला जज की अदालत को सौंपा था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, 'मामले की जटिलता व संवेदनशीलता को देखते हुए सिविल जज वाराणसी के समक्ष लंबित सिविल वाद की सुनवाई उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा के वरिष्ठ व अनुभवी न्यायिक अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए।' सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के एक महीने पहले वाराणसी सिविल कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद की फिल्म बनाने के आदेश दिए थे। इसके बाद संभवत: अनाधिकारिक रूप से फिल्म जारी होने के बाद काफी विवाद पैदा हो गया था।

वर्तमान ज्ञानवापी मामले ने पहले ही राजनीतिक क्षेत्र, सार्वजनिक विमर्श व समाज में काफी गरमी पैदा की है। जहां अनेक भक्त हिंदुओं का विश्वास



है कि ऐतिहासिक गलतियां ठीक की जानी चाहिए, वहीं बहुसंख्यक समुदाय के एक बड़े हिस्से में ऐसे विवादों से चिन्ता व्याप्त है। उनकी चिन्ता का उचित आधार भी है। हमारे सामने अयोध्या मामले का उदाहरण है जिससे अत्यधिक विघटन, सांप्रदायिक वैमनस्य तथा हिंसा तक हुई है। सभी पक्षों के अपने तर्क हैं और वे सभी स्वयं को पीड़ित बताते हैं। हिंदू मध्यकालीन इतिहास से उदाहरण देते हैं, जबकि मुस्लिम बाबरी मस्जिद विध्वंस से दु:खी हैं। इसके साथ ही वाम-उदारवादी हैं जो ऐतिहासिक गलतियां ठीक करने तथा भारतीय जनता पार्टी के विरोध में हैं जो सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बात करती है। लेकिन पीड़ित होने की भावना या सैद्धान्तिक तरीके से दबाव डालना देश के लिए अच्छा नहीं है। संवेदनशील मामलों का अंतर-धार्मिक संबंध होता है अत: उनसे सतर्कता व शालीनता से निपटा जाना चाहिए। इसमें आक्रामक लफ्फाजी या वीरता प्रदर्शन का कोई स्थान नहीं है। जिस प्रकार अनेक पार्टियों व नेताओं ने मंडल से असाधारण लाभ उठाया है, उसी प्रकार भाजपा को हिंदू भावनाओं का पैरोकार बनने से बहुत लाभ हुआ है। लेकिन दुनिया में राजनीतिक प्रवृत्तियों समेत हर चीज का समय होता है और समय बीतने के साथ वे अपनी चमक खोने लगती हैं। इसलिए यदि भाजपा के कुछ नेता इस मामले से अयोध्या की तरह एक बार और लाभ उठाने की उम्मीद कर रहे हों तो शायद उनकी उम्मीद खरी न उतरे। ज्ञानवापी जैसे विभाजनकारी मुद्दों को हवा देने के बजाय अच्छा होगा कि वे बेरोजगारी व मुद्रास्फीति जैसे मामलों पर ज्यादा ध्यान दें। इस संबंध में हिंदी की एक कहावत है, 'भूखे भजन न होहिं गोपाला।'

# नेताजी का दिल्ली में शानदार पदार्पण

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का स्वतंत्रता संघर्ष में विशेष स्थान है। स्वतंत्र भारत पर उनकी छाप सम्मान व वीरता की अमिट स्याही से दर्ज है।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 30 फीट ऊंची काले ग्रेनाइट की मूर्ति का अनावरण किया जिसे दिल्ली में इंडिया गेट की छतरी के नीचे लगाया गया है। अब इस मार्ग का नाम 'राजपथ' से बदल कर 'कर्तव्यपथ' कर दिया गया है और इस प्रकार उसे नई पहचान मिली है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर उचित ही यह स्मरण दिलाया कि नेताजी अखंड भारत के पहले प्रधानमंत्री ने जिन्होंने सबसे पहले अंडमान में तिरंगा झंडा फहराया था। पहले इस मार्ग का राजपथ नाम एक प्रकार से किंग्सवे का हिंदी अनुवाद था जो ब्रिटिश राज की याद दिलाता था और अब इतिहास बन चुका है। प्रधानमंत्री का यह निर्णय एकदम सही है। ब्रिटिश साम्राज्य को दीवाल की लिखावट पढ़ने तथा उसे भारत छोड़ कर जाने पर मजबूर करने का श्रेय नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दिया जाना चाहिए। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी का इंडिया गेट की छतरी के नीचे नेताजी की मूर्ति लगवाने का निर्णय 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने की भावना के सर्वथा अनुरूप है। आज हम भारत में स्वतंत्रता के 75 साल के साथ नेताजी सुभाष बोस की 125वीं जन्म जयंती भी मना रहे हैं। ऐसे में उनकी मूर्ति का राजधानी दिल्ली के इस प्रमुख स्थल पर अनावरण इस महान योद्धा को सच्ची श्रृद्धांजलि है जिन्होंने देश को स्वतंत्र कराने के लिए सशस्त्र संघर्ष का रास्ता चुना था। कहा जाता है कि स्वस्थ समाज तथा स्वतंत्र व शक्तिशाली देश की मजबूत जड़ों के बिना व्यक्तिगत महानता का कोई स्थान नहीं है और यह शून्य के बराबर है। भारत में एक ही प्रांत-बंगाल के दो भारतीयों ने अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति का यह कड़वा सत्य अपने-अपने तरीके से समझा था। यह एक कटु सत्य है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर को 1913 में 'मानव दर्शन' पर अपना भाषण जापान के टोकियो विश्वविद्यालय में देना था। लेकिन उनके आतिथियों को यह देख कर घोर आश्चर्य और परेशानी हुई कि टोकियो विश्वविद्यालय का एक भी छात्र रवीन्द्रनाथ टैगोर के विद्वतापूर्ण विचार सुनने नहीं आया। विश्वविद्यालय के अनेक छात्रों व अधिकारियों का कहना था कि 'हम एक गुलाम देश के विचारों को सुनने से इनकार करते हैं। ऐसे देश का भला क्या दर्शन हो सकता है?' जापानी छात्रों ने केवल यही अकाट्य सत्य कहा था कि पराजित व गुलाम या उपनिवेश बनाए देशों को स्वतंत्र व संप्रभु देशों को दर्शन जैसी चीजों पर भाषण देने का कोई अधिकार नहीं है।

इससे मुख्य सवाल यह भी पैदा होता है कि क्या भारत को महात्मा गांधी के नेतृत्व में चले अहिंसक आंदोलन से आजादी मिली या यह सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल आर्मी-आजाद हिंद फौज का असर था जिसने अंग्रेजों में घबराहट पैद कर दी और उनको भारत छोड़ना पड़ा? विडंबना है कि स्वतंत्रता संग्राम के बारे में अधिकांश भारतीय इतिहास की पुस्तकों में महात्मा गांधी के नेतृत्व में चले अहिंसक स्वतंत्रता संघर्ष को वर्चस्व प्राप्त हुआ है। लेकिन सवाल है कि क्या भारत को पूरी तरह गांधीजी के नेतृत्व में चले अहिंसक संघर्ष से ही आजादी मिली? 1950 के दशक में पश्चिम बंगाल के गवर्नर रहे जस्टिस पी.बी. चक्रवर्ती ने 1956 में क्लीमेंट एटली से बैठक का खुलासा किया है जो उस समय ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री थे। वे भारत आए तथा चक्रवर्ती के अतिथि बने। एटली लेबर पार्टी के नेता तथा 1945 से 1951 के बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने भारत को स्वतंत्रता प्रदान करने वाले आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने स्पष्ट रूप से चक्रवर्ती को बताया था कि सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल आर्मी या आजाद हिंद फौज ने ब्रिटेन का भारत पर कब्जा बनाए रखने पर विश्वास डगमगा दिया था। एटली के अपने व्यंग्यात्मक शब्दों में अंग्रेजों पर गांधी के सत्याग्रह का प्रभाव 'मामूली' था।

> **नेहरू को डर था कि यदि सुभाष बोस की 17 अगस्त, 1945 में ताइपेई में हुई तथाकथित विमान दुर्घटना में मृत्यु न हुई हो तो वे सत्ता में दावेदारी के लिए वापस आ सकते हैं। इस कारण नेहरू ने अपनी पार्टी तथा सरकार की यह नीति बना ली कि नेताजी की स्मृतियों को समाप्त किया जाए।**

लंदन में यूस्टन स्टेशन के निकट स्थित ब्रिटिश पुस्तकालय में 'इंडिया आफिस रिकार्ड' सुरक्षित हैं। इसमें लगभग वे सभी चीजें शामिल हैं जो ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों के पास भारत में थीं और जिनको वे 15 अगस्त, 1947 के पहले 'पूरी तरह' अपने साथ वापस ले आए थे। इनमें तत्कालीन कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल सर क्लाड अचिनकाक का एक दस्तावेज भी शामिल है। यह तत्कालीन वायसराय फील्ड मार्शल वावेल को दिया स्मरण पत्र है। इस असाधारण स्मरण पत्र में कहा गया है, 'गांधी समस्या नहीं हैं। हम उनके साथ संपर्क कर उनसे निपट सकते हैं। कांग्रेस भी समस्या नहीं है। हम उससे भी आसानी से व्यवहार कर सकते हैं। लेकिन अब भारत और भारतीय आईएनए के बारे में भी जानते हैं। वे रायल इंडियन नैवी और रायल इंडियन एयरफोर्स में हुए विद्रोहों के बारे में भी जानते हैं।

भारतीय जानते हैं कि अब हम भारतीय सशस्त्र बलों का प्रेम खो चुके हैं। अब भारत छोड़ने का समय आ गया है।' इसे देखते हुए 24 साल में गांधीजी द्वारा चलाए चार आंदोलन निरर्थक सिद्ध होते हैं। 1945 में उनके जेल जाने के समय तक देश का राजनीतिक परिदृश्य बदल चुका था। गांधीजी अब केवल 'बापू' थे तथा नेहरू व सरदार पटेल शिखर पर पहुंच चुके थे। यदि गांधीजी की हत्या न हुई होती तो शायद अपने जीवनकाल में ही वे अपने महानता खो चुके होते।

सुभाष चंद्र बोस का उग्र एजेंडा गांधीजी को अच्छा नहीं लगता था जिन्होंने 1939 में पुन: कांग्रेस अध्यक्ष बनने के प्रयास पर उनका विरोध किया था। गांधीजी के उम्मीदवार डा. पट्टाभि सीतारमैया पराजित हुए थे। महात्मा गांधी अपने उम्मीदवार की पराजय सहन करने को तैयार नहीं थे। अपनी पुस्तक 'द स्प्रिगिंग टाइगर' में इतिहासकार हग टोये ने लिखा था कि बोस 1939 में कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए लोकप्रिय उम्मीदवार थे, पर ईर्ष्या के कारण उनको इस पद पर नहीं आने दिया गया। यह बात न केवल उनके खिलाफ, बल्कि उस लोकतंत्र के खिलाफ थी जिसके अंतर्गत उनका निर्वाचन हुआ था। सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज इस बात का जीवन्त प्रमाण है कि जिन सैनिकों ने ब्रिटिश राज के प्रति निष्ठा की कसमें खाई थीं, अब वे कसमें तोड़ने के लिए तैयार थे। नेताजी ने अग्रेजों का विश्वास चकनाचूर कर दिया था और अब वे न केवल रक्षा बलों, बल्कि सिविलियन मशीनरी में भी अपने प्रति जारी निष्ठा पर विश्वास नहीं कर सकते थे। मुंबई में 1946 में भारतीय नौसेना के नाविकों द्वारा किए विद्रोह से अंग्रेजों का डर और बढ़ा दिया था। इस प्रकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कार्रवाइयां विदेशी शासकों के गले का फंदा बन गई थीं।

देश की स्वतंत्रता के बाद नेहरू को डर था कि यदि सुभाष बोस की 17 अगस्त, 1945 में ताइपेई में हुई तथाकथित विमान दुर्घटना में मृत्यु न हुई हो तो वे सत्ता में दावेदारी के लिए वापस आ सकते हैं। इस कारण नेहरू ने अपनी पार्टी तथा सरकार की यह नीति बना ली कि नेताजी की स्मृतियों को समाप्त किया जाए।

नेताजी ने भारत के वीर पुरुषों व नारियों का आह्वान करते हुए 'दिल्ली चलो' का नारा दिया था। हालांकि वे अपने इस लक्ष्य की पूर्ति होते नहीं देख सके, पर यह अत्यधिक प्रसन्नता की बात है कि भारत के ये वीर पुरुष नेताजी सुभाष चंद्र बोस आज अंतत: एक अलग रूप में दिल्ली पहुंच गए हैं।

# अमृत महोत्सव में हिंदी दिवस की प्रासंगिकता

> **आज जब देश आजादी के अमृत महोत्सव में रमा हुआ है, हिंदी दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। हिंदी साहित्य में ब्रिटिश राज्य से स्वतंत्रता की भावना तब जन्म ले चुकी थी जब देश में कोई राजनीतिक दल या स्वतंत्रता आंदोलन नहीं था।**

**रेनु कुमारी सिन्हा**
(लेखिका सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं हिन्दी की कवियित्री हैं)



**किसी** भी राष्ट्र की मातृभाषा का एक आंतरिक चरित्र होता है और वह चरित्र स्वतंत्रता में जनता के विश्वास में परिलक्षित होता है। यह हमारी मातृभाषा हिंदी के साथ विशेष है। आज जब देश आजादी के अमृत महोत्सव में रमा हुआ है, हिंदी दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। सत्य तो यह है कि हिंदी साहित्य में ब्रिटिश राज्य से स्वतंत्रता की भावना तब जन्म ले चुकी थी जब देश में कोई राजनीतिक दल या स्वतंत्रता आंदोलन नहीं था। फिर उन्नीसवीं शताब्दी की शुरुआत में, जब राष्ट्रवादी विचार उभरने लगे, तो हिंदी और विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्यकारों ने देशभक्ति के उद्देश्यों के लिए साहित्य को अपना हथियार बना लिया। इन साहित्यों ने लोगों में भारत की विविधता में एकता की भावना को आत्मसात करने में मदद की। यही भावना आगे चलकर देश की आजादी के लिए आम आदमी को हर तरह से कुर्बानी देने की प्रेरणा दी। यूं तो भारत में पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण के बीच सदियों से कई भाषाओं ने संपर्क बनाए रखने का काम किया, मगर इसमें हिंदी का योगदान अतुलनीय है। हिंदी भारतीय चिंतन और दर्शन का मूल स्रोत सदा से रही है। हिंदी स्वतंत्रता संग्राम के समय राष्ट्रीय एकता और अस्मिता को शक्तिशाली बनाए रखने की सबसे मजबूत कड़ी बनी। सदियों पहले हमारी संस्कृति सभ्यता का महत्व उस समय के समकालीन कवियों, मनस्वी, चिंतकों के विचारों से परिपूर्ण है। आज भी हम तुलसीकृत रामायण में राम की सच्चरित्रता और भरत के त्याग व मातृप्रेम को पढ़कर आदर्श समाज का दर्शन कर आनंद विभोर हो जाते हैं।

हिंदी साहित्य की सबसे बड़ी शक्ति है इसकी वैज्ञानिकता, मौलिकता, सरलता और सुबोधता है। आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह भारतेंदु हरिश्चंद्र, जिनकी कृति का एक बड़ा हिस्सा पराधीनता पर प्रहार करती है, लिखते हैं :

निज भाषा उन्नति लहे, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे न हिय को शूल।

भारतेंदु हरिश्चंद्र के साहित्य ने देशवासियों को प्रेरित किया कि वे अपने आपसी मतभेदों और आशंकाओं को दूर कर अपनी भाषा, धर्म, संस्कृति और देश की गरिमा की रक्षा के लिए खुद को समर्पित करें।

साहित्य के माध्यम से हमारे छायावादी कवियों ने सिर्फ प्रकृति की कल्पनालोक में ही विहार नहीं किया, बल्कि वे भूसंवेदना, युग चेतना की बात करते हैं।

सुमित्रानंदन पंत कहते हैं :

'आज क्षुधा है, शोषित श्रम है, नग्न प्रजा तम पीड़ित। अभी नहीं चेतन मानव से भू जीवन मर्यादित।'

पंत जी ने लोकमंगल शिव को सर्वाधिक महत्व दिया। 'शिव से वंचित सत्य तथ्य भर शिव ही सुंदर अक्षत।'

वही जयशंकर प्रसाद लिखते हैं :

'जो घनीभूत पीड़ा थी, मस्तक पर स्मृति सी छायी, दुर्दिन में आंसू बन कर, वह आज बरसने आयी।'

प्रसाद जी की कृति अपने युग की राष्ट्रीय भावनाओं को प्रतिबिंबित करती है। वह भारतीय संस्कृति के ही नहीं बल्कि भारतीय आचरण के भी प्रखर दृष्टा और आलोचक थे। कामायनी मानव जीवन की सार्थकता, चेतना और विश्व के कल्याण की आशा को केंद्रित करती है।

जब-जब हमारा देश संकटों से घिरा है हिंदी साहित्यकारों ने अपनी ओजस्वी लेखन की ताकत से जनसमूह को उत्साहित किया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर लिखते हैं : 'सच है विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती है। सुरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते। मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है।

चीनी आक्रमण के समय, गोपाल सिंह नेपाली ने जनसमूह को राष्ट्र के लिए समर्पित होने की सीख दी।

'तू चिंगारी बनकर उड़ री, जाग-जाग मैं ज्वाल बनूं। तू बन जा हहराती गंगा, मैं झेलम बेहाल बनूं। तू भगिनी बन क्रांति कराली, मैं भाई विकराल बनूं।

समय-समय पर तत्कालीन साहित्यकारों ने, चाहे वे कवि हों या लेखक, अपनी लेखनी द्वारा समाज की कुरीतियों का जोरदार खंडन किया है। प्रेमचंद की कर्मभूमि, रंगभूमि गबन, गोदान आदि इसके ज्वलंत उदाहरण है।

माखनलाल चतुर्वेदी ने 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक में लिखा है : 'मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक, मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जाएं वीर अनेक।'

हिंदी साहित्य जब फूलों की इतनी महान अभिलाषा दर्शाता है तो फिर मानव का क्या कहना।

मैथिलीशरण गुप्त के काव्यों का प्रथम गुण उनकी पवित्रता, नैतिकता और मानवीय संबंधों की रक्षा की विवेचना है। भारत की दुर्दशा पर उनका ह्रदय द्रवीभूत हो जाता है :

'हम कौन थे क्या हो गए हैं, और क्या होंगे अभी, आओ विचारे आज मिलकर ये समस्याएं सभी। फैला यहीं से ज्ञान का आलोक सब संसार में, जागी यहीं थी, जग रही जो ज्योति अब संसार में।'

देश की प्रगति में उच्च कोटि की साहित्य रचना प्रेरक रही है। हिंदी हमारी मातृभाषा है जिसे हम मां की लोरी से ही सुनते आ रहे हैं। यह हमारी संस्कृति और विरासत है। आज नई पीढ़ी की सोच-विचार पर पाश्चात्य सभ्यता हावी होती जा रही है, इस बदलती परिस्थिति में हिंदी और हिंदी साहित्य की महत्ता का पुरजोर समर्थन करने की आवश्यकता है ताकि भारत का भविष्य सुरक्षित रहे।

अंत में मैं हिंदी दिवस पर उमड़ी अपनी भावनाओं को अपने शब्दों में व्यक्त कर रही हूं 'हिंदी हमारी चेतना, अंतस्तल की भाषा, हिंदी की जोत जले जग में, यह मेरी अभिलाषा। भगवत चरणों की गंगा हिंदी, सरस्वती नर्मदा का जल है हिंदी, हिंदी का सम्मान करें हम, सार्थक जीवन-सार है हिन्दी।'

## आप की बात

### कर्तव्य पथ का स्वागत

**केंद्र** सरकार के द्वारा राजपथ का नाम कर्तव्य पथ किया जाना जन भावनाओं के अनुरूप एवम प्रशंसनीय कदम है। आजादी के अमृत महोत्सव काल में पराधीनता के प्रतीक चिन्ह को हटाना एक नए भारत का संकल्प है। सभी भारतवासियों को प्रण करना होगा कि हम कर्तव्य निष्ठा के साथ कर्तव्य पथ पर चलकर भारत को विश्व का सिरमौर बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और राष्ट्र सर्वोपरि की अवधारणा को साकार करेंगेण् इंडिया गेट परिसर में मां भारती के महान सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को प्रतिष्ठित किया गया है ताकि हमें हमेशा एहसास रहे कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया हैण् देश के प्रधानमंत्री के द्वारा उद्घाटन किए जाने के बाद इंडिया गेट परिसर एवं कर्तव्य पथ पर सैलानियों का तांता लगा हुआ है यह क्षेत्र पर्यटन का एक नया डेस्टिनेशन बन चुका है। केंद्र सरकार एवं नई दिल्ली नगर पालिका को पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्यटन पुलिस का इंतजाम एवं स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देना होगा। इस क्षेत्र में रेहड़ीए पटरी, खोमचे वालों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए और उनके लिए नाम प्लेट वाली वर्दी जरूर होनी चाहिए।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### राजतंत्र का विरोध

**मैं** सोचता था कि ब्रिटिश राजशाही का वहां कभी विरोध नहीं होता। सभी एक स्वर में चार दिन पहले तक एलिज़ाबेथ द्वितीय को अपनी महारानी मानते थे और उनकी मृत्यु के बाद अब चार्ल्स तृतीय को अपना राजा ख़ुशी ख़ुशी मान रहे हैं। मगर ऐसा नहीं है। ब्रिटेन के कुछ हिस्सों में राजशाही के खिलाफविरोध प्रदर्शन भी हो रहा है। जहां अनेक लोगों को पुलिस गिरफ्तार भी कर चुकी है। हांलाकि देश का बहुमत अब भी राजघराने को अपना प्रमुख मानने को तैयार है। लेकिन कुछ का कहना है वे निर्वाचित सख्शियत को ही अपना प्रमुख मानेंगे। विरोध करने वालों का दावा जायज जान पड़ता है कि एक ही खानदान को राष्ट्र प्रमुख मानते रहना एक प्रकार से गुलामी के जंजीर में खुद को जकड़े रखने के समान है। लेकिन इस गुलामी के तले जीने वाले अकेले ब्रिटेन ही नहीं है। राजा सरगोन ने 4,000 साल पहले मेसोपोटामिया में दुनिया की पहली राजशाही की स्थापना की थी। यूरोप का सबसे पुराना राजघराना है डेनमार्क का। इस वक्त वहां की महारानी है क्वीन मार्गरेथ द्वितीय। लेकिन जनता के एक हिस्से में राजशाही व्यवस्था या प्रतीकात्मक राजतंत्र का विरोध उल्लेखनीय है।

**-जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### आज़ाद की स्पष्टवादिता

**आज** घाटी की हर विपक्षी पार्टियां कश्मीर से धारा 370 हटाने का विरोध कर रही है। दोनों ही क्षेत्रीय पार्टियां यहां के नागरिकों को इस बात से भरमाने में लगी रहती है कि हमारी पार्टी सत्ता में आते ही हम धारा 370 फिर से बहाल कर देगी। ये पार्टियां पूर्व में कश्मीर घाटी में शासन भी कर चुकी हैं। कांग्रेस सहित देश की बड़ी पार्टियां इस विषय में देश हित में मौन है। गुलाम नबी आजाद ने भी यहां देश हित में जो बात कही है हम इसका समर्थन करते हैं। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि आज उन दलों का बहिष्कार किया जाना चाहिए जो 370 की फिर से बहाली की मांग कर रहे हैं क्योंकि वे ऐसा करके जनता से झूठे वादे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम कश्मीर राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग करेंगें। उन्होंने कहा कि बिना संसद के दोरों में दो तिहाई बहुमत के अनुच्छेद 370 की वापसी असंभव है तथा वर्तमान स्थितियों को देखते हुए क्षेत्रीय पार्टियां या कोई अन्य पार्टी यह शक्ति प्राप्त करने की स्थिति में नहीं है। आजाद की साफगोई निश्चित रूप से स्वागत योग्य है।

**-मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**वैज्ञानिकों** की उपलब्धियां मनाने से विज्ञान हमारे समाज और संस्कृति का अंग बन जाता है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मेरी** मां का शासनकाल प्रतिबद्धता व निष्ठा के मामले में बेजोड़ था। सर्वाधिक निष्ठापूर्ण उनके जीवन को श्रृद्धांजलि।

– **चार्ल्स तृतीय**
ब्रिटेन के नए राजा





**यह** प्रवृत्ति पूरे भारत में फैल रही है कि सरकारी नौकरियों को दैनिक कामगारों तक सीमित किया जा रहा है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# श्रीराम के बगैर आस्थावान जनता का कार्य हो ही नहीं सकता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हर परिस्थिति में सत्य के प्रति आग्रह रखने वाले हैं। भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी को नकारात्मकता से दूर रहकर सत्य की राह पर चलते हुए विषम से विषम परिस्थितियों में संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उनके जीवन दर्शन के माध्यम से समूचे समाज का मार्गदर्शन करने वाली श्रीराम कथा का श्रवण बहुत ही सौभाग्य की बात है।

मुख्यमंत्री ने यह विचार मंगलवार को गोरखपुर में गोरक्षनाथ मन्दिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 53वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 8वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ के विश्राम सत्र के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म परम्परा में भगवान श्रीराम के बगैर आस्थावान जनता का कार्य हो ही नहीं सकता। आस्था सामूहिक हो तो उसका विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है। भगवान श्रीराम की कथा का हर एक प्रसंग सभी आस्थावानों को याद है। फिर भी हम सभी इस कथा के साथ अत्यन्त सहृदयता से जुड़कर उसमे वर्णित हर घटना अपने आस-पास महसूस करते हैं और अंततः सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

मुख्यमंत्री ने श्रीराम कथा से सकारात्मकता की सीख लेने का आह्वान करते हुए कहा कि नकारात्मक सोच का परिणाम कभी सकारात्मक नहीं हो सकता। हम सभी को अपने व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में सदैव आस्था के साथ सकारात्मक भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश आस्था एवं सकारात्मक भावना के साथ प्रभु श्रीराम के भव्य मन्दिर निर्माण से जुड़ा हुआ है। यह पूरी दुनिया के लिए कौतूहल का विषय है। श्रीराम का जन्म कब हुआ, इतिहासकार इसकी गणना करने में सफल ही नहीं हो पा रहे थे। यही नहीं इसमें मिथक भी जोड़ने का प्रयास किया गयाए किन्तु अंततः सत्य की जीत हुई। सत्य का आग्रह और सत्य के मार्ग पर चलना ही भारत की आस्था है और सनातन धर्म की परम्परा एवं विशेषता भी। इसी परम्परा के अनुरूप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वाधीनता आन्दोलन में पहली शर्त सत्याग्रह रखी थी। सात दिन तक श्रीराम कथा का रसपान व्यासपीठ पर विराजमान जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज पीठाधीश्वर अशर्फी भवन अयोध्या ने कराया। कथा के आखिरी दिन उन्होंने रामराज्य के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि रामायण काल के रामराज्य को वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी साकार कर रहे हैं। उनके राज में आमजन प्रसन्न हैं तो दुष्ट व अपराधी दुखी और भयभीत।

# सीएम योगी एक अक्टूबर को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का करेंगे शुभारंभ

● प्रदेश में एक से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में 1 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही 7 से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। सीएम योगी अभियान का शुभारंभ करेंगे। दोनों अभियानों में 11 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर दिमागी बुखारए वायरस और बैक्टीरिया से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के लिए घर.घर दस्तक देंगे। मालूम हो कि इस वर्ष अभियान का तीसरा चरण है। इससे पहले अप्रैल और जुलाई में अभियान का सफल संचालन किया जा चुका है। अभियान के दौरान आशा बहनें और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां घर-घर जाकर सर्वे करेंगी। वह टीबी, फ्लू, बुखार, कुपोषित बच्चों और आईएलआई समेत अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों की पहचान कर उसकी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौंपेंगी।

सीएम योगी ने प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागीय समन्वय से अभियान की शुरुआत की थी। जिस कारण जापानी इंसेफ्लाइटिस जैसे संक्रामक रोगों को नियंत्रित करने में काफी सफलता मिली है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अभियान को शुरू करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य संबन्धित विभाग को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। अभियान से विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ भी जुड़ेंगे। अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर विभाग से प्रदेश स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। वह अभियान से जुड़ी गतिविधियों की मॉनिटरिंग संग समय-समय पर बैठक करेंगे।

अभियान के तहत वायरस, बैक्टीरिया से जुड़ी बीमारी को नियंत्रित करने, साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जल जमाव की रोकथाम, शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए जागरूकता समेत अन्य गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जा रहा हैए ताकि आमजन बीमारियों को लेकर जागरूक हो सकें। अभियान के तहत घर-घर जाने वाली टीम एक्यूट डायरिया को ध्यान में रखते हुए लोगों को जिंक टैबलेट, ओआरएस पैकेट्स, पानी को साफ करने वाली क्लोरीन की टैबेट्स वितरित करेगी।

# सेवा पखवाड़े के जरिए हर-घर पहुंचने की तैयारी में भाजपा

## कन्नौज, रामपुर, मैनपुरी, इटावा, आजमगढ़ नगर पालिका की सीट जीतने का लक्ष्य



● निकाय चुनाव में परिसीमन पर रहेगी पैनी निगाह, वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण पर खास जोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** निकाय चुनाव के साथ-साथ पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह पखवाड़ा के रूप में मनाने की तैयारी में जुट गई है। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में हुई प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों की योजना रचना पर चर्चा हुई।

बीजेपी सभी 17 नगर निगमों के साथ ही सपा के गढ़ में भगवा फहराने के लिए जुटेगी। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं जीतने का भी लक्ष्य तय किया गया है। पार्टी का सपा के गढ़ कन्नौज, मैनपुरी, इटावा, रामपुर, आजमगढ़ सहित कुछ नगर पालिकाएं जीतने पर खास फोकस रहेगा। वहीं परिसीमन और वोटर लिस्ट को दुरुस्त कराने के साथ ही आरक्षण पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर रहेगा। सभी संगठनात्मक जिलों में एक महामंत्री केवल मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम देखेगा। इसमें फर्जी नाम हटवाने और छूटे हुए लोगों के नाम सूची में शामिल कराए जाएंगे। स्थानीय निकाय के प्रभारी भी बनाए जाएंगे। बैठक में अगले साल फरवरी में होने वाले स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की पांच रिक्त सीटों को लेकर भी चर्चा की गई। तय हुआ कि जल्द इन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। पार्टी के पास फ्लिहाल पांच में से तीन सीटें हैं। अब पांचों सीटें जीतने का प्रयास होगा। इन चुनावों के लिए एक अक्तूबर से शुरू होने वाले मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में भी पार्टी जी.जान से जुटेगी। बैठक में आगामी निकाय चुनावों को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि पार्टी की योजनानुसार आगामी नगर निकाय के चुनावों को लेकर मतदाता सूची, परसीमन आदि को लेकर सजग रहते हुए प्रदेश में नगर निकाय के चुनाव में ऐतिहासिक सफलता के संकल्प के साथ चुनाव की तैयारियों में जुटना है। आगामी शिक्षक व स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। पार्टी के सहप्रभारी सत्याकुमार व सुनील ओझा ने भी बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी के द्वारा तय कार्यक्रमों व अभियानों के प्रभावी क्रियान्वन के लिए हमें योजनापूर्वक कार्य करना होगा। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष व सभी मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष सम्मिलित हुए। बैठक में पार्टी के महिला, युवा, किसान, अनुसूचित जाति जनजाति व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों व अभियानों पर चर्चा की।

# कानपुर के डीआईओएस निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** स्तर पर चयन प्रक्रिया में निर्धारित नियमावली को दरकिनार कर शिक्षकों के इंटरव्यू कराने व सेलरी जारी करने के आरोप में कानपुर के डीआईओएस को निलंबित कर दिया गया है। प्रमुख सचिव के स्तर से जारी आदेश में निलंबित डीआईओएस को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से सम्बद्ध किया गया है। प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि निदेशालय नियमानुसार कार्यवाही करे। जिसके बाद अध्यापकों की अनियमित नियुक्ति व वेतन भुगतान के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्कालीन डीआइओएस द्वितीय कानपुर नगर महेश कुमार गुप्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही भी शुरू की जा रही है। उन्हें आरोपपत्र अलग से जारी किया जाएगा। साथ ही निलंबन अवधि में वे शिक्षा निदेशालय प्रयागराज से संबद्ध रहेंगे। बता दें कि कौशल्या देवी बालिका इंटर कालेज किदवई नगर कानपुर नगर से संबद्ध प्राइमरी अनुभाग में स्वीकृत पांच पदों के सापेक्ष चार रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए डीआइओएस द्वितीय कानपुर नगर से अनुमति मांगी गई थी। जिस पर डीआईओएस ने सात अक्टूबर 2016 को विज्ञापन की अनुमति दी। छह नवंबर को साक्षात्कार की तारीख तय हुई। इसी बीच प्रबंध समिति के अवैधानिक होने की शिकायत हुई और शासन के निर्देश पर अपर शिक्षा निदेशक व्यावसायिक शिक्षा ने प्रकरण की जांच होने तक साक्षात्कार की कार्यवाही स्थगित करने का निर्देश दिया। आरोप है कि स्थगन आदेश के बाद भी तय समय पर साक्षात्कार हुए और चार अभ्यर्थियों की नियुक्ति के अनुमोदन के लिए पत्रावली डीआइओएस द्वितीय कानपुर नगर को भेजी गई। उनके अनुमोदन न करने पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। डीआइओएस ने हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन करने के लिए शिक्षा निदेशालय से मार्गदर्शन मांगा।

# शिवपाल को सदन में अगली सीट पर बैठाने के लिए अखिलेश ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लंबे** समय से चल रही आपसी तल्खयियों के बावजूद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव को विधानमंडल के आगामी मानसून सत्र के दौरान सदन में अगली सीट पर बैठाने की व्यवस्था के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पत्र लिखा है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में शिवपाल को सदन में आगे की सीट पर बैठाने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। राज्य विधानमण्डल का मानसून सत्र 19 सितंबर को शुरू होना है। पत्र लिखने का कारण पूछे जाने पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि शिवपाल यादव सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से हैं इसलि सम्मान स्वरूप उन्हें आगे की बेंच पर बैठाया जाना चाहिए। विधानसभा चुनाव के बाद अखिलेश और शिवपाल के बीच तल्ख़ियां बढ़ने के बीच इस घटनाक्रम के राजनीतिक मायने निकाले जाने के सवाल पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि इसका कोई राजनीतिक अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए। शिवपाल यादव सदन के वरिष्ठ सदस्य हैं सिर्फ इसीलिए उन्हें आगे की सीट पर बैठाने का अनुरोध किया गया है। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय ने ऐसा कोई भी पत्र प्राप्त होने की पुष्टि नहीं की है। गौरतलब है कि शिवपाल यादव ने अपने भतीजे सपा प्रमुख अखिलेश यादव से तल्ख़ियां बढ़ने के बाद अगस्त 2018 में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया का गठन किया था। मगर इस साल के शुरू में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपनी पार्टी के बजाय सपा के टिकट पर जसवंत नगर सीट से चुनाव लड़ा था जिसमें उन्हें जीत हासिल हुई थी।

# ईकोटूरिज्म में अधिक से अधिक क्षेत्रों को जोड़ा जाएः डॉ. अरुण सक्सेना

● पर्यावरण व वन मंत्री ने की वन निगम के कार्यो की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना ने मंगलवार को वन निगम के कार्यों की समीक्षा वन निगम के सभाकक्ष में की। समीक्षा में उप्र वन निगम में प्रकाष्ठ, तेन्दू पत्ता एवं लघु वन उपज के उत्पादन तथा बिक्री, ईकोटूरिज्म एवं वन प्रमाणीकरण आदि कार्यों की समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान डॉ. सक्सेना द्वारा निर्देश दिए गए कि इस वर्ष प्रकाष्ठ, तेन्दू पत्ता एवं लघु वन उपज के उत्पादन के निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा किया जाये तथा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रेल मार्गों में आने वाले तथा विकास कार्यों में बाधक वृक्षों का पातन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने प्रकाष्ठ की बिक्री में वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ.साथ वन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देय लाभों को समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ईकोटूरिज्म क्षेत्र में अधिक से अधिक क्षेत्रों को जोड़ा जाए। साथ ही समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा से कार्य कर वन निगम को अधिक से अधिक लाभ अर्जन के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव, पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह, प्रबन्ध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा, अपर प्रबन्ध निदेशक/महाप्रबन्धक (उत्पादन) बी. प्रभाकर, आदि मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में लापरवाही पर दो अभियंता निलम्बित

● अवर अभियन्ता को भी मिली कड़ी फटकार

## पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने किया समाधान शिविरों का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने किसान को निजी नलकूप कनेक्शन चालू किये बगैर बिल भेजने के मामले में उन्नाव के बांगरमऊ उपकेन्द्र पर तैनात टीजी-2 अरूण कुमार को निलम्बित करने के निर्देश दिये। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर श्विद्युत समाधान सप्ताहश् में रुचि न दिखाने वाले तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि के अंतर्गत 33-11 केवी उपकेंद्र मादीसिपाह विद्युत वितरण खंड-3 घोसी पर तैनात अवर अभियंता अशोक कुमार को अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडलए मऊ द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

पावर कारपोरेश अध्यक्ष द्वारा बांगरमऊ के गांव ऊमराखेड़ा में समाधान शिविर के निरीक्षण के दौरान किसान मोहर लाल यादव से एम देवराज ने बात की जिस पर उन्होंने उपभोक्ता को अपना नम्बर भी दिया और कहा कि यदि आपकी समस्या का समाधान न हो तो मुझे मैसेज करियेगा। एम देवराज द्वारा हरदोई और उन्नाव के समाधान शिविरों का औचक निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष सुबह 33-11 उपकेन्द्र सण्डीला जनपद हरदोई पहुँचे। वहाँ पर उन्होनें शिविर का रजिस्टर चेक किया। रजिस्टर से ही उन्होंने उपभोक्ता रफी अहमद से फोन मिलाकर जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता को निर्देशित किया कि किसी भी उपभोक्ता को परेशान न किया जाये।

समस्याओं का यथा सम्भव तत्काल निराकरण हो। रजिस्टर में उपभोक्ता की शिकायत और समाधान का पूरा डिटेल लिखिये। जिससे रजिस्टर देखकर ही कार्यवाई समझ में आ जाये। उन्होंने बिल काउन्टर पर जाकर उपभोक्ताओं से ऑनलाइन बिल जमा करने का अनुरोध किया। उपभोक्ता अजमत अली ने बताया कि 4 महीने से बिल अचानक ज्यादा आ रहा है ठीक कराने के बाद भी गलत आ रहा है। इस पर चैयरमैन ने अधिशासी अभियन्ता से नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहाकि ऐसी स्थिति नही होनी चाहिए। उपभोक्ता की पूरी बात सुनिये और समस्या का हल निकालिये। शिकायतों या समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण करने का प्रयास करिये। सण्डीला कस्बे से लगभग 15 किमी दूर 33-11 केवी उपकेन्द्र बेहन्दर पर भी अध्यक्ष एम देवराज ने उपभोक्ताओं से फीड बैक लिया। दिनेश कुमार की शिकायत दर्ज थी कि उनका मीटर खराब है। अध्यक्ष ने अवर अभियन्ता हंसराज से पूँछा की मीटर चेक कियाए उपभोक्ता से भी उन्होने फोन से बात की। वह संतुष्ट नहीं था। उसने बताया कि मेरा अचानक बिल बहुत आ रहा है मैं शिकायत दर्ज करा आया हूँ लेकिन कुछ हुआ नहीं।

# महंगाई की चौतरफा मार झेल रही जनता सरकार दिखा रही संवेदनहीनताः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि जनता पर महंगाई की मार लगातार बढ़ रही है। प्रदेश एवं केन्द्र की भाजपा सरकारों की गरीब विरोधी नीतियों का दुष्परिणाम है कि खाद्य पदार्थो की कीमतों में लगातार वृद्धि जारी है। देश की जनता महंगाई की चौतरफा मार झेल रही है और योगी एवं मोदी की सरकारें संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को पार कर चुकी हैं। गरीबों की पहुंच से जीवन यापन की आवश्यक सामग्री जैसे सब्जी, दाल, तेल, दवाइयां इत्यादि दूर हो रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने कहा कि जुलाई 2022 की तुलना में अगस्त महीने के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार दूध व दुग्ध उत्पादों की कीमतों में 6.39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार खाद्य तेल व वनस्पति में 4.62 प्रतिशत, सब्जी में 13.23 प्रतिशत, अनाज की कीमतों में 9.57 प्रतिशत, मसाला 14.90 प्रतिशत, ईंधन व बिजली में 10.78 प्रतिशत, कपड़ा व फुट वियर में 9.91 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खुदरा महंगाई दर 0.29 प्रतिशत बढ़कर रिकार्ड स्तर तक पहुंच गयी है। प्रवक्ता ने कहा कि सच तो यह है कि महंगाई को लेकर यह सरकार लगातार अपने वादों के विपरीत आम जनता के खिलाफ काम कर रही है।

भाजपा सरकार वर्ष 2014 में जनता से किए गये वादों को भूल चुकी है। अन्य वादों की ही तरह महंगाई पर नियंत्रण भी जुमला साबित हुआ है। मई 2014 की तुलना में सभी वस्तुओं की कीमतों में रिकार्ड तोड़ वृद्धि हुई है। मई 2014 की तुलना में आटा 21 रुपए प्रतिकिलो से बढ़कर 2022 में 30 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया है। इसी प्रकार चावल 29 रुपए प्रतिकिलो से 35 रुपए प्रतिकिलो तक चला गया है। दूध 36 रुपए प्रतिलीटर से बढ़कर 50 रुपए प्रतिलीटर से अधिक हो गया है।

# सत्र से पहले 14 से 18 तक रोजाना विधान भवन के समक्ष धरना देंगे सपा विधायक

● ध्वस्त कानून-व्यवस्था बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और विपक्षी दलों के उत्पीड़न के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरेन की पूरी तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के विधायक 19 सितंबर से प्रारंभ हो रहे विधानमंडल के सत्र से पहले 14 सितंबर से 18 सितंबर तक रोजाना विधानभवन स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना देंगे। प्रदेश की ध्वस्त कानून-व्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विपक्षी दलों के खिलाफ फर्जी और झूठे मुकदमे, प्रदेश में सूखे का संकट, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान और किसानों की आत्महत्या आदि मुद्दों पर सपा ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में है। 14 सितंबर को समाजवादी पार्टी विधानमंडल दल के मुख्य सचेतक मनोज कुमार पांडे, 15 सितंबर को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, 16 सितंबर को पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद एवं इन्द्रजीत सरोज, 17 सितंबर को विधानसभा में पार्टी के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता राम अचल राजभर और 18 सितम्बर को पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी तथा पूर्व मंत्री ओम प्रकाश सिंह धरने का नेतृत्व करेंगे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी विधानमंडल दल के मुख्य सचेतक मनोज पाण्डेय ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा की तरफ से विपक्षी दल के नेताओं कार्यकर्ताओं खासकर समाजवादी पार्टी के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगाए जा रहे हैं। उन्हें अपमानित किया जा रहा है तथा चरित्र हनन के प्रयास किए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां के ऊपर गवाहों को धमकाने का झूठा मुकदमा लिखाया गया और जौहर विश्वविद्यालय चलाने में बाधा डाली जा रही है। प्रदेश के अधिकांश जिले सूखे से प्रभावित हैं लेकिन न तो अभी तक कोई जांच कराई गई है। और नहीं सूखा प्रभावित किसानों को कोई मदद दी गई। जातीय जनगणना की मांग नहीं मानी जा रही है। पाण्डेय ने कहा कि खाने पीने की चीजें आटा, दाल, तेल से लेकर बच्चों की पढ़ाई के काम आने वाली कलम, कॉपी तक पर जीएसटी लगा दी गई है इससे परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है और पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। बेरोजगारी में लगातार वृद्धि होती जा रही है। भाजपा सरकार आंकड़ों का खेल खेल रही है। बेरोजगार नौजवान निराश है और कई जिलों में आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है। सरकारी संस्थाओं का निजीकरण हो रहा है। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन की बहाली नहीं की जा रही है।

# अब विचाराधीन बंदियों से सप्ताह में तीन बार मिल सकेंगे परिजन

● कारागार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने जेलों में मुलाकात की पुरानी व्यवस्था की बहाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के कारागार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 23 मार्च 2022 को विचाराधीन बंदियों के मामले में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए सप्ताह में दो बार दो व्यक्तियों के लिए मुलाकात की सुविधा दी गयी थी। परन्तु इसमें संशोधन करते हुए पूर्व की भांति कारागारों में निरुद्ध विचाराधीन बन्दी अपने परिजनों से सप्ताह में तीन बार मुलाकात कर सकते हैं तथा प्रत्येक मुलाकात में तीन व्यक्ति तक मिल सकते हैं। प्रजापति के आदेश पर जेलों में बंदियों से मुलाकात की पुरानी व्यवस्था बहाल की गयी है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के दौरान जब पूरा देश परेशान था लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गये थे। ऐसी परिस्थिति में पहली जनवरी 2022 को कारागार में निरुद्ध बंदियों की उनके परिजनों से मुलाकात पर रोक लगा दी गयी थी। प्रजापति ने बताया कि बंदी के परिजनों की तरफ से मेरे कार्यालय में इस बावत पत्र आ रहे थे कि मुलाकात की संख्या एवं मिलने वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि कर दी जाए क्योंकि अब कोरोना महामारी का प्रकोप पहले की तुलना में बहुत कम हो चुका है। उन्होंने बताया कि परिजनों के आग्रह पर विचार करने के पश्चात उक्त निर्णय लिया गया है। कारागार राज्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री से इस आशय का पत्र लिखकर अनुमति मांगी गयी थी। जिस पर उन्होंने अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी।

## सिधौली के नीलगांव फार्म की जमीन पर किया जाए आदर्श कारगार का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही न मुख्यमंत्री से जनपद सीतापुर के तहसील सिधौली के नीलगांव फार्म में उपलब्ध भूमि पर आर्दश कारागार (द्वितीय) तथा खुली जेल के निर्माण के लिए अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री को गत सप्ताह लिखे गए पत्र में कारागार निर्माण के सम्बन्ध में मुलाकात का हावाला देते हुए राही ने कहा है कि प्रदेश में मात्र एक आर्दश कारागार राजधानी में उपलब्ध है। इस कारागार में प्रदेश के समस्त सिद्धदोष आजीवन बन्दी जिनका चरित्र अच्छा होता है उन्हीं को इस आदर्श कारागार में स्थानांतरित किया जाता है। वर्तमान आर्दश कारागार में इतनी पर्याप्त भूमि नहीं है, कि कारागार के अन्दर निरुद्ध बन्दियों से कृषि कार्य लिया जा सके। भूमि के कमी के कारण इन बन्दियों को गन्ना अनुसंधान कृषि फार्म में काम करने के लिए भेजा जाता है। उत्तर प्रदेश के विभाजन के पश्चात प्रदेश में सिविल/खुली जेल नहीं है। इन परिस्थियों को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श कारागार के निर्माण के लिए नीलगांव फार्म में उपलब्ध 178 हैक्टयर भूमि का उपयोग किया जा सकता है। राही ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि बन्दियों को कृषि कार्य/श्रम के लिए अन्यत्र स्थान पर नहीं ले जाना पड़ेगा। जेल परिसर के अन्दर ही बन्दियों से कार्य लिया जा सकेगा और जेल की ओवरक्राउडिंग जैसी समस्या का समाधान भी सम्भव हो सकेगा। उन्होंने अपने अनुरोध पत्र के साथ जमीन की खतौनी की नकल भी संलग्न की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस प्रकरण में यथाशीघ्र निर्यण लिए जाने का आग्रह किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 14 सितंबर, 2022



मंडलायुक्त रोशन जैकब का एक दिवसीय दौरा

# जहां जनता का दर्द झलकता हो उन कार्यों को दी जाए प्राथमिकता: आयुक्त

● महिलाएं भय मुक्त हो सकें, अपराधियों एवं माफियाओं पर हो ऐसी कड़ी कार्यवाही

● कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की

संवाददाता। सीतापुर





**मंगलवार को** सीतापुर एक दिवसीय दौरे पर पहुंची कमिश्नर रोशन जैकब ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विकास कार्यों से लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने सड़कों के निर्माण कार्य को लेकर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान सहित तमाम अधिकारीगण मौजूद रहे। कमिश्नर रोशन जैकब ने भूमाफियों को लेकर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके बाद मंडलायुक्त नैमिषधाम पहुंची, जहां पर जलकुंभी से डलिया बनाने वाली समूह की महिलाओं से बातचीत की। इसके बाद कमिष्नर ने हैलीपैड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देष देते हुए कहा कि कोई भी कार्य खराब न हो, उसकी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। कमिष्नर ने कहा कि नैमिश का विकास सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## कमिश्नर ने की समीक्षा बैठक, नैमिषधाम के हैलीपैड का किया निरीक्षण



**आयुक्त, लखनऊ** मण्डल रोशन जैकब ने नैमिषारण्य में पर्यटन विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड स्थल, राजघाट, चक्रतीर्थ एवं ललिता देवी मंदिर के परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने नैमिष पर्यटन कार्यों के अन्तर्गत हेलीपैड हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया एवं निर्देश दिये कि नैमिष में जो भी परियोजनाओं पर कार्य किया जाना है वह जमीनें विवादित न हों यह सुनिश्चित किया जाये। राजघाट के निरीक्षण के दौरान शौचालय, साफ-सफाई के साथ ही प्रस्तावित नक्शे का अवलोकन किया एवं निर्देश दिये कि राजघाट के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाये। चक्रतीर्थ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाउन्ड्रीवाल, जल स्वच्छता एवं जल निकासी की जानकारी ली। चक्रतीर्थ के पुजारी से चक्रतीर्थ के सौन्दर्यीकरण हेतु सुझाव भी मांगे एवं निर्देश दिये कि मेलों एवं त्यौहारों के समय चक्रतीर्थ में भीड़ न हो पाये, इसके लिये विशेष द्वारों का निर्माण कार्य कराया जाये। यातायात हेतु वैकल्पिक बाईपास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। चक्रतीर्थ के सौन्दर्यीकरण हेतु वालपेंटिंग, लाईटिंग, महिलाओं एवं पुरूषों के लिये अलग-अलग शौचालय, आराम कक्ष एवं बैठनें हेतु कुर्सियां को व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जाये। अंत में जिलाधिकारी महोदय ने दधीचि कुंड में पूजन अर्चन किया एवं दधीचि कुंड परिसर की समस्याओं से अवगत होते हुये तहसीलदार मिश्रिख को व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, संयुक्त विकास आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी बृजमोहन शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महमूदाबाद-पहला ब्लाक की ग्राम पंचायत का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**महमूदाबाद सीतापुर।** महमूदाबाद व पहला ब्लाक की ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को लेकर जिम्मेदारों को निर्देश भी दिए। महमूदाबाद के खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी ने ब्लाक के की ग्राम पंचायत कुन्सरा, गोधौरा तथा नाथूपुर मे बन रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। पहला ब्लाक के आधा दर्जन गावों मे मनरेगा योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि मनरेगा योजना में महिला मेट को भी कार्यस्थल पर रहकर ही कार्य करना होगा, अगर महिला के स्थान पर अन्य कोई पाया गया तो उसे हटा दिया जाएगा। इस अवसर पर मनरेगा ए पी ओ विनोद कुमार, टी.ए विरेन्द्र कुमार, मिथलेश कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी, अनिरुद्ध सिह,रोजगार सेवक अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा पर मॉडल प्रदर्शनी

**अकबरपुर।** भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कानपुर देहात जनपद में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञों ने ब्राइट एंजिल्स एजुकेशन सेंटर अकबरपुर तथा जनता इंटर कॉलेज बाढ़ापुर के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों की प्रशंसा की तथा प्रस्तुत सैद्धांतिक सोच को व्यवहारिक जीवन में अपनाने का परामर्श दिया।

प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. बलबीर सिंह एवं पंकज कुमार ने निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न मॉडलों की रेटिंग की गई तथा प्रतियोगिता में रोबोट सिस्टम साईरस सी.एच.340 को प्रथम पुरस्कार दिया गया? यह एक वर्किंग रोबोट है जिसे ब्राइट एंजिल्स इंटर कॉलेज अकबरपुर के दो छात्रों प्रिंस गौतम एवं आशुतोष महाकुड के द्वारा बनाया गया। मॉडल का प्रयोग माईन डिटेक्टर एवं ट्रैक सेंसर के रूप में किया जा सकता है। प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार ए.आई. असिस्टेंट सिस्टम को दिया गया। यह मॉडल ब्राइट एंजिल्स



इजुकेशन सेंटर अकबरपुर के ही नवीं के छात्रों प्रशांत गौतम एवं अंकुश यादव के द्वारा बनाया गया। इस मॉडल में ए.आई.का ऑडिबिलिटी के साथ बेहतरीन प्रयोग किया गया। प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार जनता इंटर कॉलेज बाढ़ापुर के कक्षा दसवीं के छात्र शिवम यादव को दिया गया। मॉडल में लॉजिकल वर्किंग ऑफ माइंड को बेहतरीन ढंग से समझाया गया। मॉडल प्रतियोगिता में लगभग पचास छात्रों के द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं एक हजार से अधिक छात्र -छात्राओं द्वारा मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी के अवलोकन द्वारा विद्यार्थियों ने नवाचार के प्रति अत्यधिक जिज्ञासा का अनुभव किया गया। इसके साथ ही क्विज प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन में इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के डॉ. वीपी सिंह, ब्राइट एंजेल्स एजुकेशन सेंटर के निदेशक बलवीर सिंह, प्रधानाचार्य पुष्पांजलि महाकुड, जनता इंटर कॉलेज वाढ़ापुर के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश मिश्रा, डॉ. अनूप चतुर्वेदी, डॉ. विकास मिश्रा, पंकज कुमार, अतुल श्रीवास्तव, संतलाल, अनुराग अग्रवाल, नितिन सिंह, गीता शुक्ला, तृप्ति श्रीवास्तव, वीके मौर्या, विशाल गुप्ता, अमित गुप्ता, विशाल सिंह चौहान आदि का सराहनीय योगदान रहा।संतलाल, अनुराग अग्रवाल, नितिन सिंह, गीता शुक्ला, तृप्ति श्रीवास्तव, वीके मौर्या, विशाल गुप्ता, अमित गुप्ता, पंकज पांडेय, विशाल सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मोहम्मदी में विद्युत समाधान सप्ताह का आयोजन हुआ

**मोहम्मदी खीरी।** विद्युत वितरण उप खण्ड पर एक्स ई एन अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में एसडीओ शुभम मौर्य व जेई अशोक कुमार ने उपभोक्ताओं के विद्युत संबंधित आकांक्षाओं की पूर्णता हेतु विद्युत समाधान सप्ताह का आयोजन किया गया। यह आयोजन 12 सितंबर से 19 सितंबर तक जारी रहेगा। मंगलवार को अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत समाधान सप्ताह के आयोजन में विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रवासियों ने शिकायतें दर्ज करायीं। विद्युत समाधान दिवस में समाचार लिखे जाने तक 12 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 06 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसडीओ शुभम मौर्य ने सभी उपभोक्ताओं से उनकी परेशानी जानकर उनका मौक़े पर ही निपटारा किया। इस मौक़े पर उन्होंने सम्भव पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी।

सीतापुर-ग्राम पंचायतों के विकास में अड़चन...

# एक पंचायत सचिव के सहारे 10 ग्राम पंचायतें

● सीतापुर में 19 ब्लाक की 1599 हैं ग्राम पंचायतें

● डीपीआरओ ने शासन को भेजा रिक्त पदों पर नियुक्ति का पत्र

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** इस समय ग्राम पंचायत सचिवों की भारी कमी दिखाई दे रही है। 1599 ग्राम पंचायतें महज 289 सचिवों के सहारे हैं। गांवों में होने वाले विकास का हिस्सा कहे जाने वाले ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों की कमी से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों को भी जरूरी काम के लिए भटकना पड़ रहा है। किसी सचिव के पास चार तो किसी के पास 10 ग्राम





पंचायतें हैं। आपको बता दें कि जिले में 1599 ग्राम पंचायतें हैं। यहां ग्राम पंचायत अधिकारी के 219 पदों के सापेक्ष 147 की तैनाती है। 195 ग्राम विकास अधिकारी के सृजित पदों के सापेक्ष 142 की तैनाती है। ग्राम पंचायतों के सापेक्ष काफी कम पद सृजित हैं, इनमें से भी 125 पद रिक्त पड़े हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम पंचायतों में सरकारी कामकाज किस तरह से निपटाए जा रहे होंगे। ग्रामीणों की माने तो सचिव के दस्तखत और मुहर लगवाने के लिए भी कई दिनों तक भाग दौड़ करनी पड़ती है। बात अगर करें ब्लाकों में तैनाती की तो ब्लॉक बेहटा में 94 ग्राम पंचायतों की कमान 13 सचिवों के पास है। मौजूदा समय में किसी के पास सात तो किसी के पास 10 ग्राम पंचायतों का प्रभार है। ब्लॉक लहरपुर में 13 सचिवों के जिम्मे 72 ग्राम पंचायतों का चार्ज है। सबसे अधिक 10 ग्राम पंचायतों का भार राजेश कुमार के पास है। ब्लॉक मछरेहटा में 73 ग्राम पंचायतों का संचालन 10 सचिवों के सहारे हो रहा है। इसी तरह ब्लॉक महोली में 12 सचिवों के सहारे 75 ग्राम पंचायतें, ब्लॉक सकरन में 14 सचिवों के जिम्मे 85 ग्राम पंचायतें, ब्लॉक गोंदलामऊ में 14 सचिवों के सहारे 89 ग्राम पंचायतें और ब्लॉक पिसावां में 12 सचिव 98 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसको लेकर जब डीपीआरओ मनोज कुमार ने कहा कि शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

# निर्माणाधीन पशु आश्रय स्थल का बीडीओ धौरहरा ने किया निरीक्षण

**धौरहरा खीरी।** खंड विकास अधिकारी धौरहरा ने ग्राम पंचायतों मे स्थलीय निरीक्षण कर मनरेगा योजना के अंतर्गत गांव में कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया और साथ ही निर्माणाधीन पशु आश्रय केंद्र, विद्यालयों का भी का निरीक्षण किया। बीडीओ धौरहरा चंदन देव पांडेय के लगातार निरीक्षण से जहा ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है वहीं ग्राम प्रधानों में खलबली मची हुई है। मंगलवार को बीडीओ ने ग्राम पंचायत सिसैया, कल्लुआपुर, कुम्हेना में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्य का को देखा और कुम्हेना में प्राथमिक विद्यालय में साफ सफाई के लिए निर्देश दिए गए। वहीं निर्माणाधीन पशु आश्रय स्थल कलुआपर का स्थलीय निरीक्षण किया गया कार्य को शीघ्र ही पूरा कराने के निर्देश सचिव को दिया। ग्राम पंचायत मिर्जापुर में मनरेगा कार्य का निरीक्षण करते हुए मनरेगा मजदूरों से वार्ता की गयी तथा कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की



मजदूरों ने बताया कि समय से उनकी मजदूरी खाते में आ जाती है, सभी ने अपना मनरेगा जॉब कार्ड दिखाया तथा सभी की एंट्री अद्यतन पायी गयी, मौके पर मस्टररोल भरे हुए पाए गए।। ग्राम रोजगार सेवक सतीश कुमार की बीडीओ ने तारीफ की। वहीं मजदूरों से पूछा यदि कोई शिकायत हो तो बताएं, मजदूरों ने बताया उन्हें बगल के खेत वाले मिट्टी नही निकलने दे रहे जिससे रास्ते के कार्य मे अवरोध उत्पन्न हो रहा है। मौके पर ग्राम प्रधान को बुला कर किसानों से वार्ता कर मिट्टी की समस्या को तत्काल दूर कराने के लिए कहा गया। इस दौरान सचिव, प्रधान,रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर रिश्वत लेने का वीडियो वायरल, सस्पेंड

● रात भर बेखौफ दौड़ती है अवैध खनन की ट्रालियां

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**सोशल मीडिया** पर कस्बा इंचार्ज शिव प्रकाश पांडे का रिश्वत लेते एक वीडियो वायरल हुआ जिसकी तत्काल जांच पुलिस अधीक्षक ने कराई और टवीटर पर खीरी पुलिस के माध्यम से शिकायत करता के ट्वीट पर ट्वीट आया कि फालोवर द्वारा दैनिक सामान मगाया गया था, जिसका पैसा बापस किया गया आरोप निराधार है। बदनियती से यह वीडियो बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार शिकायतकर्ता ने अन्य वीडियो और आडिओ पुलिस अधिकारी को प्रेषित किए और देर रात पुलिस अधीक्षक ने कस्बा इंचार्ज शिव प्रकाश पांडे को सस्पेंड कर जांच पुलिस उपाधीक्षक गोला को सौंपी



दी। गौरतलब है के कस्बा इंचार्ज के कार्य और व्यवहार से यहां चौकी के आरक्षी भी असंतुष्ट नजर आ रहे थे। वही सत्ता पक्ष से लेकर मीडिया भी उनके कार्य से संतुष्ट नहीं थी। वही मीडिया के एक और दो लोगों पर 107/117 की कार्यवाही करना भी भारी पडी़। वही जो आरोप लगाए गए कि खनन माफियाओं से हफ्ता वसूली लगातार की जा रही है। भी कड़े निर्देश है कि रात के अधेरे मे वैध खनन अवैध माना जाएगा। कड़े निर्देश के बावजूद भी तथा उच्चतम न्यायालय के आदेश के उपरांत भी मोहम्मदी नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रात 11 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक मिट्टी और बालू का अवैध खनन बेरोकटोक और धड़ल्ले से किया जा रहा है, जिस पर खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है, खनन अधिकारी भी मौन घारण किए है। मिट्टी और बालू पर प्रतिबंध के बावजूद खनन माफिया बालू और मिट्टी चौगने दामों पर बेच रहे हैं। आम आदमी बालू और मिट्टी पर बढे दामों पर भी इन खनन माफियाओं से मिट्टी और बालू खरीदने के लिए विवश है क्या कारण है कि सुप्रीम कोर्ट और शासन के दिशा निर्देश के बावजूद सूरज ढलने के बाद बैध खनन भी अवैध माना जाएगा। परंतु किस कारण शाम ढलने के बाद बेखौफ होकर बालू और मिट्टी की ट्राली दौड़ने लगती हैं जो सोचनीय बिन्दु है। देखना है एक अधिकारी के रिश्वत प्रकरण आने के बाद इस पर कुछ अंकुश लगेगा या बेखौफ होकर ऐसे ही खनन होता रहेगा और खनन माफिया लोगों की मुठ्ठी गर्म करते रहेगे।

## जेसीआई के तत्वाधान में पर्यावरण सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**बिसवां, सीतापुर।** जेसीआई के तत्वाधान में आर के ग्रैंड होटल प्रांगण में पर्यावरण सुरक्षा और जागरूकता और पालीथीन के बैग का प्रयोग न करने को लेकर जूट बैग वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने मेहनत और लगन को सफलता की कुंजी बताते हुए व्यक्ति की सफलता में मां का अहम योगदान को होना बताया उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ रखने पर जोर देते हुए पालीथिन प्रयोग न करने की वकालत की कार्यकम के दौरान संस्था के सदस्यों ने बड़े चौराहे पर प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में कपड़े के थैलों का वितरण किया और भारतीय स्टेट बैंक तथा आर के ग्रैंड परिसर के बाहर पौध रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने नीट प्रतियोगी परीक्षा में सफल प्रतिभागियों अलंकृत अग्रवाल और तस्मिया खान को सम्मनित किया। कार्यक्रम के अंत मे प्रोग्राम डायरेक्टर मोहित जायसवाल ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उमंग राजवंशी अंकित बन्सल हिमांशु नाथ सिंह उत्साह राजवंशी मुदित सिंघल अभिषेक अग्रवाल वांछित शर्मा रोहित भल्ला अनूप भल्ला मानसी जायसवाल तुलसी राजवंशी अंजली बंसल नूपुर कपूर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## 15 सितम्बर को रेउसा आएंगी साध्वी प्राची

**रेउसा, सीतापुर।** मंगलवार को न्यायालय उपजिलाधिकारी मैजिस्ट्रेट बिसवां के निर्देश पर स्वामित्व को लेकर दो पक्षों के विवादित भूमि कुशमोहरा बाजार को कुर्क किया गया है। पक्षकार अध्यक्ष इलियास खान पुत्र मुस्ताक खान द्वितीय पक्षकार पुनीत कुमार पुत्र प्रेम नारायन रस्तोगी निवासी नई बस्ती रेउसा बसंत कुमार पांडेय पुत्र स्वर्गीय हरिवंश लाल पांडेय निवासी बसंतापुर गाटा संख्या 187 रकबा 0.117 हेक्टेयर गाटा संख्या 188 रकबा 0.279 हे.भूमि आबादी मे दर्ज है। जिस पर मदरसा ईदगाह बाबा बादल शाह की मजार व कुटी लगभग 100 दुकाने 26 पेड़ लगे हैं जिस पर कब्जे दारी व स्वामित्व को लेकर उपरोक्त पक्षों में विवाद है शांति भंग होने की प्रबल संभावना है उक्त विवादित भूमि करीब 72 बीघा को कुर्क किया गया है। हिंदू महा पंचायत 15 सितंबर को साध्वी डॉ प्राची दीदी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन कुसमोहरा बाजार में किया जा रहा है जिसको देखते हुए शासन प्रशासन त्वरित फैसला लिया गया जिसके चलते शांति व्यवस्था भंग ना हो। विवादित संपत्ति ने ईदगाह मजार कब्रिस्तान मकबरा संत सभागम चबूतरा स्थलों व भवन को छोड़कर मेला मैदान व कृषि भूमि आस्थाई स्थायी दुकान एवं 26 पेड़ आदि समस्त विवादित संपत्ति पक्षों के मध्य स्वत्व निर्णय निर्धारण होने तक कुर्क किया गया है।

# पेज एक का शेष

### बंगाल में...

शुरू हुआ जो हुगली नदी के पार नबन्ना के पास है। पुलिस को यहां भाजपा के कार्यकर्ताओं को रोकने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने जब आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारों का सहारा लिया तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन पर ईंट और पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। यह संघर्ष उस समय और बढ़ गया जब पुलिस ने विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी राहुल सिन्हा और लॉकेट बनर्जी को हिरासत में ले लिया। इन लोगों को संतरागाछी से रैली का नेत्तृव करना था। गुरिल्ला जंग करीब चार घंटे तक चली जिसमें दोनों पक्षों के दर्जनों लोग जख्मी हो गए। ईडी द्वारा मंत्रियों के अपार्टमेंट, टीएमसी नेताओं तथा उनके करीबियों के यहां से करोड़ों रुपये की बरामदगी के मद्देनजर भाजपा ने राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार के विरोध में नबन्ना अभियान का आह्वान किया था। रैली की दूसरी शाखा हावड़ा स्टेशन से शुरू हुई जिसका नेतृत्व के राज्य के भाजपा अध्यक्ष सुकांतो मजूमदार कर रहे थे। यह रैली अपेक्षाकृत शांत थी। पुलिस ने यहां भी आंसू गैस के गोले और पानी की बौछार छोड़ी। झड़प में कई पुलिस अधिकारी और भाजपा नेता मीना देवी पुरोहित और स्वप्न दासगुप्ता समेत पार्टी के कई सदस्य घायल हो गए। सुवेंदु अधिकारी ने जेल वैन में ले जाए जाने से पहले संवाददाताओं से कहा कि सभी ने देखा कि कैसे पक्षपाती पुलिस ने नबन्ना के बाहर विरोध करने के विपक्ष के एक नेता के लोकतांत्रिक अधिकार को खत्म करने की कोशिश की। एक महिला कांस्टेबल ने मेरे साथ हाथापाई की, लोगों ने उसे भी देखा।' इसी तरह के दृश्य हावड़ा, कोलकाता के लालबाजार और एमजी रोड इलाकों में देखे गए, जहां प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। लालबाजार में पुलिस की एक गाड़ी में आग लगा दी गई। कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'किसी भी प्रदर्शनकारी के गंभीर रूप से घायल होने की कोई खबर नहीं है, हालांकि कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं।' विरोध प्रदर्शनों के बीच शहर में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, जिससे आम लोगों को सड़कों पर भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने रैली को आगे बढ़ने से रोके जाने पर हावड़ा में धरना दिया। उन्होंने कहा कि यह निरंकुश ममता बनर्जी सरकार विपक्षी दलों को जगह देने में विश्वास नहीं करती है। मजूमदार ने यह भी दावा किया कि यह शर्म की बात है कि पुलिस पक्षपातपूर्ण तरीके से काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि उनमें से कुछ पुलिसकर्मी सत्तारूढ़ टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) की कठपुतली बन गए हैं। भाजपा की वरिष्ठ नेता अग्निमित्रा पॉल को हावड़ा मैदान में एक विरोध स्थल से हिरासत में ले लिया गया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने हावड़ा पुल के पास प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व किया। वह अपनी पार्टी के समर्थकों पर लाठीचार्ज के बीच स्थल से चले गए। घोष ने कहा कि इस जंगल राज के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।' भाजपा की प्रदेश युवा शाखा के अध्यक्ष सौमित्र खान ने कहा, 'टीएमसी के दिन गिनती के रह गए हैं और भाजपा निश्चित रूप से पार्टी के लोगों पर किए गए सभी अत्याचारों का जवाब देगी। टीएमसी ने एक ट्वीट में कहा भाजपा 4 बंगाल के कार्यकर्ता या गुंडे?' पार्टी ने ट्विटर पर कहा कि सरकारी संपत्ति को नष्ट करना और नुकसान पहुंचाना, पुलिसकर्मियों पर हमला करना, अराजकता पैदा करना और राज्य में शांति भंग करना - भाजपा की आज की गतिविधियों ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया। हम इस तरह के ओछे व्यवहार की कड़ी निंदा करते हैं।' टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि भाजपा विरोध की आड़ में परेशानी पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि यह त्योहारी सीजन में पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने के लिए एक बड़े गेम प्लान का हिस्सा है। यह लोकतांत्रिक आंदोलन नहीं है। यह गुंडागर्दी है।'

### सपने बेचने...

शासन देगी। यहां हर स्तर पर भ्रष्टाचार फैला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के गृह प्रदेश गुजरात में आम आदमी पार्टी पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतर चुकी है। वह लगातार राज्य में कांग्रेस की चुनौतीपूर्ण भूमिका को कुंद करने की कोशिश में जुटी है।

### यात्रा आगे...

चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग की है कि भारत जोड़ो यात्रा में कथित रूप से बच्चों को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। आयोग ने कहा कि यात्रा के दौरान राहुल गांधी एवं जवाहर बाल मंच द्वारा बच्चों के राजनीतिक उपयोग के खिलाफ एक शिकायत मिली है। शिकायत के अनुसार राजनीतिक एजेंडे के तहत भारत जोड़ो-बच्चे जोड़ो नारे के साथ इस यात्रा में बच्चों को निशाना बनाने को लेकर सोशल मीडिया पर आए फोटो एवं वीडियो बहुत परेशान करने वाले हैं। बाल आयोग ने कहा कि यह चुनाव आयोग के नियमों का खुला उल्लंघन है, क्योंकि किसी राजनीतिक दल में सिर्फ व्यस्क लोग ही हिस्सा ले सकते हैं। केरल में यात्रा के दूसरे दिन राहुल गांधी ने केसरगोड-तिरुवनंतपुरम हाईस्पीड रेल ट्रैक परियोजना के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन करने के लिए कहा। कुल 530 किलोमीटर लंबी इस परियोजना के लिए अपनी जमीन और घर से हाथ धोने वालों को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने हर प्रकार की मदद का भरोसा दिलाया। हल्की-हल्की बारिश के बीच आगे बढ़ते राहुल के काफिले ने तिरुवनंतपुरम जिले को पार कर लिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रमेश चन्नीथाला ने कहा कि यदि यात्रा में आ रही भीड़ के हिसाब से देखें तो भारत जोड़ो यात्रा अब तक काफी सफल रही है। मालूम हो कि सातवें दिन भी कांग्रेस की इस यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि वह जिन क्षेत्रों से गुजर रहे हैं, लोग महंगाई से त्रस्त दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता की तकलीफ को जानबूझ कर अनदेखा कर रहे हैं।

### हैदराबाद के...

रखी ई-बाइक या जनरेटर में विस्फोट हो गया, जिससे आग लग गई। तहखाने में ई-बाइक शोरूम पिछले एक साल से अवैध रूप से चलाया जा रहा है। पुलिस ने होटल और शोरूम के मालिकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304-दो, 324 और विस्फोटक अधिनियम की धारा के तहत मामले दर्ज किए।

### आईपीएस अधिकारी...

के आधार पर एक विशेष जांच दल ने कहा था कि मुठभेड़ फर्जी थी। बाद में गुजरात उच्च न्यायालय ने सीबीआई को मामले की जांच करने और वर्मा की सेवाएं लेने का निर्देश दिया था।

### बिहार में...

लोगों को और गोली मार दी। बरौनी थर्मल से गोधना के बीच की दूरी करीब 30 किलोमीटर है जिस दौरान वो एक घंटे तक पूरे रास्ते जहां-तहां लोगों पर गोलियां चलाते रहे। इस गोलीबारी में अब तक मिली सूचना के मुताबिक एक की मौत हो गई है जबकि दस लोग घायल हो गए हैं। बेगूसराय जिले में पहली बार इस तरह सरेशाम गोलीबारी की घटना से सनसनी फैल गई। घटना स्थलों पर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। बदमाश घटना को अंजाम देकर बछवाड़ा के रास्ते आराम से भाग निकले जबकि रास्ते में कम से कम तीन थाना या पुलिस एनएच पर ही है। बाइक सवार अपराधी हथियार लहराते फायरिंग करते आगे बढ़ते रहे। घटना बछवाड़ा, फुलबरिया, बरौनी और चकिया थाना क्षेत्र में घटित हुई हैं। अंधाधुंध फायरिंग में बरौनी थाना के पिपरा देवस गांव के चंदन कुमार की मौत हो गई है।

## आशीष बी लाल के हत्यारे गिरफ्तार

**बरेली।** वीर भट्टी सुभाष नगर के रहने वाले आशीष बी लाल की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके ही दो दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के 27 वर्षीय शिवम और उसके दोस्त 23 वर्षीय रजत को पुलिस ने आज मोहल्ले के ही रहने वाले उसके दोस्त आशीष बी लाल पुत्र विनोद बी लाल की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा एसपी सिटी ने बताया कि आशीष, शिवम और रजत आपस में ऐसे दोस्त थे शिवम एक सी यू जी एल कंपनी में काम करता है जबकि रजत एक रेस्टोरेंट का कर्मचारी है मृतक आशीष भी एक होटल में काम करता था तीनों एक साथ रहते थे और शाम को अर्ध निर्मित मकान में बैठकर शराब पीते थे इसी मकान के टैंक में आज सुबह आशीष की लाश पाई गई उसका सिर कुचलकर हत्या की गई थी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो शिवम रजत और आशीष एक साथ दिखाई दिए तब पुलिस ने शिवम और रजत को आशीष की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के दौरान शिवम ने बताया कि शराब पीने के दौरान ही आशीष ने उसकी पत्नी को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी जिससे वो गुस्से में आ गया और उसने रजत के साथ मिलकर आशीष की हत्या कर दी पुलिस ने शिवम और रजत को जेल भेजा।

# 86 और अस्तित्वहीन राजनीतिक दलों पर गिरी गाज

● निर्वाचन आयोग ने सूची से हटाने का फैसला किया

● चुनावी नियमों का पालन करने में विफल रहने वाले ऐसे संगठनों की संख्या अब 537 हुई

**भाषा।** नई दिल्ली




**निर्वाचन आयोग (ईसी)** ने मंगलवार को 86 और अस्तित्वहीन पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अपनी सूची से हटाने का आदेश दिया। चुनावी नियमों का पालन करने में विफल रहने वाले ऐसे संगठनों की संख्या अब 537 हो गई है। आयोग ने एक बयान में कहा कि व्यापक जनहित के साथ-साथ चुनावी लोकतंत्र की शुचिता के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय किए जाने की आवश्यकता है और इसलिए उसने अतिरिक्त 253 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (आरयूपीपी) को निष्क्रिय भी घोषित किया है। बयान में कहा गया है कि यह फैसला मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे ने लिया।

इसमें कहा गया है, निर्वाचन आयोग ने आज 86 अस्तित्वहीन पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अपनी सूची से हटा दिया और 253 अन्य को निष्क्रिय आरयूपीपी के रूप में घोषित किया। बयान के अनुसार 339 गैर-अनुपालन आरयूपीपी के खिलाफ कार्वाई के बाद 25 मई, 2022 के बाद से इस तरह के आरयूपीपी की संख्या 537 हो गई है। उल्लेखनीय है कि 25 मई और 20 जून को क्रमश: 87 और 111 आरयूपीपी को सूची से हटाया गया था। बयान के अनुसार इन 253 आरयूपीपी के खिलाफ निर्णय बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश के सीईओ से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर लिया गया।

आयोग ने कहा, उन्हें निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत किया गया है, क्योंकि इन्होंने उन्हें दिए गए पत्र । नोटिस का जवाब नहीं दिया है और न तो किसी राज्य की विधानसभा के लिए और न ही 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में हिस्सा लिया है। बयान के अनुसार आयोग की इस कार्वाई के बाद, 86 अस्तित्वहीन आरयूपीपी को आरयूपीपी के रजिस्टर की सूची से हटा दिया जाएगा। इसके अनुसार निष्क्रिय के रूप में चिह्नित 253 आरयूपीपी चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के किसी भी लाभ का लाभ उठाने के पात्र नहीं होंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि कोई भी पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (आरयूपीपी) अगर इस फैसले से असंतुष्ट है तो वह सभी सबूतों, वर्षवार वार्षिक लेखा परीक्षित खातों, व्यय रिपोर्ट और पदाधिकारियों की अद्यतन सूची के साथ 30 दिनों के भीतर संबंधित सीईओनिर्वाचन आयोग से संपर्क कर सकता है।


नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ शिष्टाचार भेंट करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## अगले तीन वर्षों में 25 लाख प्रशिक्षकों को तैयार करने की जरूरत : प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने अगली पीढ़ी की श्रमशक्ति के विकास में प्रशिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि अगले तीन वर्षों में 25 लाख प्रशिक्षकों को तैयार करने की जरूरत है। प्रशिक्षण संस्थानों की पुनर्कल्पना पर आयोजित परिचर्चा में हिस्सा लेते हुए प्रधान ने कहा कि 21वीं सदी में एक जीवंत श्रमशक्ति के विकास के लिए प्रशिक्षकों की क्षमताएं बढ़ाना बहुत महत्त्वपूर्ण है। कौशल एवं उद्यमिता मंत्रालय के बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण संस्थानों को अपनी कौशल प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए समग्र रणनीति तैयार करने एवं खुद को दोबारा चाक-चौबंद बनाने पर ध्यान देना होगा। प्रधान ने कहा, हमें अगले तीन वर्षों में 25 लाख प्रशिक्षकों को तैयार करने की जरूरत है। हमारा समस्त प्रयास कुशल प्रशिक्षकों को तैयार करने पर केंद्रित होगा।

## भारत जोड़ो यात्रा में बच्चों के दुरुपयोग पर राहुल व कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई करे आयोग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने निर्वाचन आयोग से कहा है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में बच्चों का कथित रूप से राजनीतिक साधन के रूप में दुरुपयोग करने के मामले में पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत पर आवश्यक कार्वाई तथा जांच की जाए। एनसीपीसीआर ने शिकायत की पावती में यह बात कही है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी और जवाहर बाल मंच राजनीतिक मंशा से बच्चों को निशाना बना रहे हैं और उन्हें राजनीतिक गतिविधियों में शामिल कर रहे हैं। आरोप है कि सोशल मीडिया पर अनेक तकलीफदेह तस्वीरें और वीडियो हैं जिनमें देखा जा सकता है कि भारत जोड़ो, बच्चे जोड़ो नारे के तहत बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है और राजनीतिक एजेंडे के साथ बच्चों को उनके अभियान में शामिल कराया जा रहा है।

आयोग ने आरोप लगाया कि यह निर्वाचन आयोग के नियमों का उल्लंघन है जिनमें कहा गया है कि केवल वयस्क ही किसी राजनीतिक दल का हिस्सा हो सकते हैं। आयोग ने निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा, यह बाल अधिकारों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन है। राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के साधन के रूप में बच्चों का इस्तेमाल बाल शोषण है जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के खिलाफ है। उसने कहा, इसलिए आयोग आपसे अनुरोध करता है कि इस मामले को देखें तथा घटनाक्रम की पूरी पड़ताल करें और शिकायत में जिस राजनीतिक दल और उसके सदस्यों का उल्लेख किया गया है उनके खिलाफ जरूरी कार्वाई की जाए। कांग्रेस ने पार्टी के जमीनी स्तर संपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। 7 सितंबर को शुरू हुई यह यात्रा पांच महीने की अवधि में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,570 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

## गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान इस साल: केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष अभियान गगनयान के साल 2024 में लॉन्च होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को यह बात कही। दिल्ली में एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने बताया कि सरकार ने साल 2022 में पहले मानव अंतरिक्ष अभियान को लॉन्च करने की योजना बनाई थी, जो भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ का वर्ष है, लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी ने रूस के साथ-साथ भारत में भी अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण पर असर डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गगनयान मिशन की पहली परीक्षण उड़ान इस साल के अंत में होने की उम्मीद है। पहली परीक्षण उड़ान के बाद संभवत: अगले साल व्योम मित्र नाम के एक रोबोट अंतरिक्ष यात्री को बाहरी अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। भारतीय वायु सेना ने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए संभावित चालक दल के रूप में चार लड़ाकू पायलटों की पहचान की थी, जिन्होंने रूस में बुनियादी प्रशिक्षण हासिल किया था।

सिंह ने बताया कि अंतरिक्ष की कक्षा में दो परीक्षण उड़ानों के नतीजों का आकलन करने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2024 में कम से कम दो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजेगा। परीक्षण उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यान को 15 किलोमीटर की ऊंचाई पर भेजा जाएगा, जिसके बाद अंतरिक्ष वैज्ञानिक मिशन को खत्म करने वाली परिस्थियां पैदा करेंगे, ताकि पैराशूट के जरिए धरती पर चालक दल के सदस्यों की वापसी सुनिश्चत की जा सके। दूसरी परीक्षण उड़ान के दौरान गगनयान के चालक दल को और अधिक ऊंचाई पर ले जाया जाएगा तथा मिशन की समाप्ति के लिए समान परिस्थितियां पैदा की जाएंगी, ताकि प्रणाली को यात्रियों की वापसी के लिहाज से उपयुक्त बनाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन के दौरान 10,000 करोड़ रुपए की लागत वाली गगनयान परियोजना की घोषणा की थी। इसरो की अगले साल चंद्रमा पर चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च करने की भी योजना है। अधिकारियों के अनुसार, चंद्रयान के प्रक्षेपण के लिए साल 2023 में दो लॉन्च कार्यक्रम (फरवरी और जुलाई)तय हैं। चंद्रयान-3 से पहले भारत ने चंद्रयान-2 मिशन लॉन्च किया था, जिसके लैंडर विक्रम के चांद की सतह पर उतरने से कुछ देर पहले ही पृथ्वी से यान का संपर्क टूट गया था।

## तमिलनाडु के दो पूर्व मंत्रियों के ठिकानों पर सतर्कता व भ्रष्टाचार रोधी निदेशालय की छापेमारी

**कोयंबटूर/चेन्नई।** सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी निदेशालय (डीवीएसी) के अधिकारियों ने कथित भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में विभिन्न शहरों में राज्य के दो पूर्व मंत्रियों के परिसरों पर छापेमारी की। अन्नाद्रमुक के अंतरिम प्रमुख के. पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि पिछले सप्ताह लागू संशोधित बिजली दरों को लेकर सरकार के खिलाफ विपक्ष के विरोध से ध्यान भटकाने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया। ग्रामीण इलाकों में 2015-18 के दौरान एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने के मामले में अन्नाद्रमुक के कद्दावर नेता एस. पी. वेलुमणि से संबंधित 26 स्थानों पर छापेमारी की गई है।

डीवीएसी ने एलईडी लाइटें लगाने के लिए अपनी करीबी सहयोगी कंपनियों को अनुचित तरीके से निविदाएं देकर सरकारी पद का दुरुपयोग करने के आरोप में वेलुमणि के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया था। डीवीएसी सूत्रों ने कहा कि इससे सरकारी राजस्व को लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी के आधार पर कोयंबटूर, चेन्नई और तिरुचिरापल्ली में 26 स्थानों पर छापेमारी की गई। हालांकि, पूर्व मंत्री ने दावा किया कि उनके घर से कुछ भी आपत्तिजनक दस्तावेज नहीं मिला और यह कार्वाई राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है।

छापेमारी की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में अन्नाद्रमुक के कार्यकर्ता और नेता शहर के पलक्कड़ मेन रोड पर वेलुमणि के घर के सामने जमा हो गए, जिससे तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। हंगामे में शामिल होने के आरोप में पार्टी के सात विधायकों को हिरासत में ले लिया गया। इसी तरह, डीवीएसी ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के नियमों के खिलाफ जाकर एक निजी मेडिकल कॉलेज को प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में अन्नाद्रमुक सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे सी. विजयभास्कर के खिलाफ भी छापेमारी की। डीवीएसी ने कहा कि प्राथमिकी के आधार पर उनके पैतृक स्थान पुदुकोट्टई, थेनी और चेन्नई सहित 13 स्थानों पर छापेमारी की गई। दोनों नेता मौजूदा विधायक हैं और आय से अधिक संपत्ति के मामलों में पहले से ही डीवीएसी जांच के दायरे में हैं। अपनी पार्टी के नेताओं के खिलाफ सतर्कता विभाग की कार्वाई को लेकर सत्तारूढ़ द्रमुक पर निशाना साधते हुए पलानीस्वामी ने कहा कि बिजली की नई दरों से जनता का ध्यान हटाने के लिए यह कार्वाई की गई है।

## पीडीपी का स्व-शासन का सूत्र जम्मू-कश्मीर के मुद्दे का हल निकाल सकता है: महबूबा

**भाषा।** जम्मू

**भाजपा पर** जम्मू-कश्मीर को जेल में तब्दील करने का आरोप लगाते हुए पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी के स्व-शासन के सूत्र में भारत और पाकिस्तान की संप्रभुता से समझौता किए बिना जम्मू-कश्मीर के मुद्दे के समाधान की क्षमता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद ही चुनाव पूर्व गठबंधन पर कोई फैसला लेगी। उन्होंने कहा कि गुपकार घोषणापत्र के तहत उनका गठजोड़ अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए है, चुनाव के लिए नहीं। पार्टी के नवनियुक्त महासचिव अब्दुल राशिद मलिक और युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष तथा सभी मोर्चों के समन्वयक परवेज वाफा को सम्मानित करने के बाद मुफ्ती ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्व-शासन उस दिन शुरू हो गया था जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार करने के लिए मुजफ्फराबाद-उरी और रावलकोट-पुंछ मार्ग खोले थे।

विश्वास-बहाली के सबसे बड़े उपाय के रूप में, अप्रैल 2005 में कश्मीर में श्रीनगर-मुजफ्फराबाद मार्ग पर और जम्मू क्षेत्र में पुंछ-रावलकोट मार्ग पर 20 जून, 2006 को बस सेवा शुरू की गई थी ताकि एलओसी के दोनों ओर रह रहे एक ही परिवार के लोगों को एक-दूसरे से मिलने में सुविधा हो। दोनों पक्षों के बीच नियंत्रण रेखा के पार व्यापार अक्टूबर 2008 में शुरू हुआ था। हालांकि एलओसी के पार व्यापार और बस सेवा अप्रैल 2019 से निलंबित है। भारत ने पाकिस्तानी तत्वों द्वारा हथियारों, जाली मुद्रा और मादक पदार्थों की आपूर्ति के लिए व्यापार मार्गों का दुरुपयोग होने की बात कहते हुए इसे रोक दिया था। महबूबा मुफ्ती ने कहा, कोई स्व-शासन को नहीं रोक सकता। अगर आप संवैधानिक दायरे में जम्मू-कश्मीर के मुद्दे का समाधान चाहते हैं तो स्व-शासन एकमात्र विकल्प है जिससे सीमाएं बदले बिना या भारत और पाकिस्तान दोनों की अखंडता से समझौता किए बिना इस मुद्दे का समाधान निकल सकता है।

### कश्मीर पर भाजपा का रुख नहीं बदलने से परेशान हो रहे कश्मीरी पंडित कर्मचारी

**जम्मू।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडित कर्मचारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं क्योंकि भाजपा अपने कश्मीर में सबकुछ ठीक है वाले रुख में बदलाव नहीं लाना चाह रही। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से अनुरोध किया कि जम्मू कश्मीर में सामान्य स्थिति लाने के लिए प्रचार और जनसंपर्क अभियान पर बड़ी मात्रा में धन खर्च करने के बजाय लोगों की परेशानियों को कम किया जाए। हमें कश्मीरी पंडितों की कुर्बानी नहीं देनी चाहिए और उन्हें राहत पहुंचाने के लिए जो कुछ संभव हो, करना चाहिए।

भाजपा के साथ सरकार बनाने के अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद के फैसले का बचाव करते हुए महबूबा ने कहा कि वह भाजपा के समर्थक नहीं हो गए थे, बल्कि उन्होंने यह सोचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हाथ मिलाया था कि वह उसी रास्ते पर चलेंगे जो वाजपेई ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे का समाधान निकालने के लिए दिखाया था। महबूबा ने कहा, उन्होंने उस समय के हालात, जनादेश, वाजपेई के रिकॉर्ड और जम्मू-कश्मीर के मुद्दे के समाधान के लिए संवाद की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया।

पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि उनके पिता ने जम्मू-कश्मीर की जनता के बारे में सोचा था जिसने भाजपा के पक्ष में मतदान किया था और उसे दरकिनार नहीं किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि मुफ्ती मोहम्मद सईद ने काफी वक्त जम्मू में बिताया है और वह हमेशा जम्मू-कश्मीर को एक देखना चाहते थे। उन्होंने कहा, मैं जनता से मुलाकात करने और भाजपा का पर्दाफाश करने के लिए नियमित जम्मू जाती हूं जो धर्म के आधार पर लोगों का विभाजन करती है। हम धर्मनिरपेक्ष हैं और यदि आप सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्ष स्थान देखना चाहते हैं तो वह जम्मू है जहां सभी आस्थाओं के लोग एकसाथ रहते हैं।

## मुझ पर जूते फिंकवाकर पायलट अगर सीएम बनते है तो जल्दी बन जाएं: खेल मंत्री चांदना

**जयपुर।** पुष्कर में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के अस्थि विसर्जन के अवसर पर हुई सभा में सचिन पायलट के कथित समर्थकों द्वारा मंच की ओर जूते फेंके जाने पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए राजस्थान के खेल मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि अगर मुझ पर जूता फिंकवाकर पायलट मुख्यमंत्री बनते हैं तो जल्द बन जाएं। इस मुद्दे को लेकर चांदना व विपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ भी आमने-सामने आ गए और सोशल मीडिया पर दोनों में लंबा वाकयुद्ध चला। पुष्कर में कर्नल बैंसला के अस्थि विसर्जन के अवसर पर हुई सभा में राज्य सरकार के मंत्रियों को लोगों का विरोध झेलना पड़ा। चांदना के संबोधन के दौरान कुछ लोगों ने मंच पर जूते भी उछाले। जनसभा में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मौजूद नहीं थे। जैसे ही उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, चांदना व अन्य कांग्रेस के अन्य नेता मंच पर पहुंचे, भीड़ में मौजूद पायलट के समर्थकों ने कार्यक्रम में उन्हें नहीं बुलाए जाने को लेकर हंगामा किया और कुछने मंच की ओर जूते उछाले।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। गुर्जर आंदोलन के दौरान पुलिस की गोली से मरे 70 से अधिक लोगों के परिवार के सदस्य भी मंच पर मौजूद थे। घटना पर नाराजगी जताते हुए चांदना ने पायलट पर निशाना साधा, मुझ पर जूता फिंकवाकर सचिन पायलट यदि मुख्यमंत्री बनेंगे तो जल्दी से बन जाएं, क्योंकि आज मेरा लड़ने का मन नहीं है। जिस दिन मैं लड़ने पर आ गया तो फिर एक ही बचेगा और यह मैं चाहता नहीं हूं। उल्लेखनीय है कि पायलट व चांदना दोनों ही गुर्जर समुदाय से आते हैं। पायलट की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

चांदना ने मंगलवार को हिंडोली में एक कार्यक्रम में इस घटना की ओर इशारा करते हुए अपने समर्थकों से विचलित नहीं होने को कहा। पिछले एक दो दिन से कई घटनाक्रम पूरे राजस्थान में चल रहे हैं, आपको इसकी परवाह करने की जरूरत नहीं है। ए सब कीचड़ बाहर का है इसे बाहर ही रहने दो। इस मुद्दे को लेकर चांदना व भाजपा के वरिष्ठ नेता राठौड़ के बीच ट्विटर वार मंगलवार को भी जारी रहा। चांदना ने घटना के बाद पहला ट्वीट इसी को लेकर किया था। उन्होंने लिखा, आज एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। 72 शहीदों को मारने के आदेश देने वाले (तत्कालीन मंत्रिमंडल सदस्य) राजेंद्र राठौड़ साहब के मंच पर आने पर तालियां बजीं और जिनके परिवार के लोग आंदोलन में जेल गए, उन पर जूते फेंके गए। गौरतलब है कि गुर्जर आंदोलन के दौरान राज्य में भाजपा की सरकार थी। चांदना के इस ट्वीट पर राठौड़ ने जवाबी ट्वीट किया है, दूसरों पर तोहमत लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखो, आखिर हुजूर यह हालत क्यों बनी?

## उत्तराखंड में मदरसों का सर्वेक्षण जरूरी: पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में मदरसों का सर्वेक्षण जरूरी है क्योंकि उनके बारे में तमाम तरह की बातें सामने आ रही हैं। धामी का यह बयान उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शादाब शम्स द्वारा प्रदेश में मदरसों के सर्वेक्षण की जरूरत पर जोर दिए जाने के एक दिन बाद आया है। यहां संवाददाताओं से बातचीत में धामी ने कहा, बहुत सारी जगहों पर मदरसों को लेकर तमाम तरह की बातें आ रही हैं इसलिए उनका एक बार सर्वे होना नितांत जरूरी है जिससे सारी वस्तुस्थिति स्पष्ट हो जाए।

उप्र सरकार द्वारा प्रदेश में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वेक्षण कर वहां पढा रहे शिक्षकों की संख्या, पाठ्यक्रम और वहां उपलब्ध सुविधाओं समेत कई सूचनाएं एकत्रित करने के निर्देश दिए जाने के बाद उत्तराखंड में भी ऐसी कवायद शुरू होने की चर्चाएं जोरों पर हैं। शम्स ने मदरसों में आधुनिक शिक्षा दिए जाने की वकालत करते हुए वहां उत्तराखंड बोर्ड का पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए वक्फ बोर्ड की योजना बनाए जाने की बात कही है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड प्रदेश में 103 मदरसे संचालित कर रहा है।

एक अन्य सवाल के जवाब में धामी ने यह भी कहा कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग उसे सौंपी गई अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं का जल्द आयोजन करेगा और उनका कलैंडर इस सप्ताह तक जारी कर दिया जाएगा। अक्टूबर में रिक्तियों का विज्ञापन दे दिया जाएगा तथा दिसंबर तक परीक्षाएं हो जाएंगी। अधीनस्थ सेवाओं की परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी लोक सेवा आयोग को दी गई है ताकि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा ली गई स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले की जारी जांच के कारण अन्य परीक्षाओं के आयोजन में देरी न हो और उम्मीदवारों का भविष्य खराब न हो।

## मदरसों के सर्वेक्षण से पहले मुस्लिम समुदाय को भरोसे में लिया जाना चाहिए था: जमीयत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में मदरसों के सर्वेक्षण की तैयारी को लेकर खड़े हुए विवाद के बीच प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने मंगलवार को कहा कि यह कदम उठाने से पहले मुस्लिम समुदाय को भरोसे में लिया जाना चाहिए था। जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने एक बयान में यह सवाल भी किया कि मदरसों के अलावा उन शिक्षण संस्थानों का सर्वेक्षण क्यों नहीं किया जा रहा है जो मान्यताप्राप्त नहीं हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि विभाजनकारी ताक्तों द्वारा मदरसों को निशाना बनाया जा रहा है और इस तरह की मानसिक्ता की वजह से मुसलमानों की जेहन में चिंता है। उन्होंने कहा, सर्वेक्षण के ऐलान से पहले अगर हमें यह बता दिया जाता कि सरकार यह जानना चाहती है कि कितने ऐसे मदरसे हैं जो बोर्ड से संबद्ध नहीं हैं, बच्चे क्या पढ़ रहे हैं, मदरसे की ज़मीन किन लोगों की है। इन तमाम चीज़ों को मालूम किया जाए तो इसमें कोई ऐतराज़ नहीं है।

## असम में अब भी 195 लोग निरुद्ध केंद्रों में बंद : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने विधानसभा को सूचित किया कि कुल 195 संदिग्ध नागरिक अब भी छह निरुद्ध केंद्रों में बंद हैं। इन केंद्रों का नाम बदलकर अब पारगमन शिविर (ट्रांजिट कैंप) कर दिया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विधानसभा के मौजूदा सत्र में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 195 लोगों को अभी भी राज्य के पारगमन शिविरों में रखा गया है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार अब तक 779 लोगों को जमानत पर रिहा किया जा चुका है। गृह विभाग का भी जिम्मा संभाल रहे शर्मा ने कहा कि रिहा किए गए लोगों में से, 778 लोग हर हफ्ते स्थानीय थानों में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जबकि एक व्यक्ति फरार है। असम में अभी ऐसे छह शिविर हैं जो गोवालपारा, कोकराझार, जोरहाट, सिलचर, डिब्रूगढ़ और तेजपुर जिलों में मौजूदा जेलों से बनाए गए हैं। संदिग्ध और घोषित विदेशी नागरिकों को रखने के लिए सरकार गोवालपारा जिले के मटिया में पहला समर्पित केंद्र बना रही है। इसमें 400 महिलाओं सहित 3,000 कैदियों को रखने की क्षमता होगी।

## बाधाएं हमें रोक नहीं पाएंगी, हम भारत को जोड़ेंगे : राहुल गांधी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को भी यात्रा के लिए उत्साहजनक भीड़ उमड़ पड़ी और रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच कांग्रेस नेता तथा सैकड़ों समर्थक बिना छतरी के सड़कों पर पदयात्रा करते दिखे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,500 किलोमीटर दूरी की पदयात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा कि यात्रा में शामिल लोगों के पैरों में छाले पड़ गए हैं लेकिन अभियान जारी रहेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पदयात्रियों का अभिवादन करने के लिए सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम खड़ा दिखा। बारिश के दौरान गांधी सहित कांग्रेस के नेता बिना छतरी के सड़कों पर पदयात्रा कर रहे थे। फेसबुक पर एक पोस्ट में गांधी ने हिंदी की एक कविता की पंक्तियों का जिक्र करते हुए लिखा, भले ही पैरों में छाले हैं, लेकिन हम देश जोड़ने निकले हैं, हम नहीं रुकने वाले हैं। उन्होंने इससे संबंधित एक वीडियो क्लिप भी साझा किया।



केरल में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का तीसरा दिन है। यात्रा यहां कझाकूटम के निकट कन्यापुरम से सुबह करीब सवा सात बजे शुरू हुई। इस दौरान केरल चरण के पिछले दो दिनों की तरह ही लोगों की उत्साहजनक भीड़ देखी गई। भारत जोड़ो यात्रा के तहत 150 दिनों में पदयात्रा करते हुए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। जब यात्रा यहां अत्तिंगल में दिन के अपने पहले पड़ाव बिंदु पर पहुंची, तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने ट्वीट किया, पदयात्रा अभी अत्तिंगल के पास ममोम में सुबह के पड़ाव बिंदु पर पहुंची है, जहां विभिन्न समूहों के साथ कई दौर बातचीत होगी।

यात्रा शाम पांच बजे फिर से शुरू होगी और शाम को यहां कल्लम्बलम जंक्शन पर समाप्त होगी। सोमवार शाम को यात्रा समाप्त होने तक 100 किलोमीटर की दूरी तय की जा चुकी थी। कझाकूटम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा था कि चुनाव नफरत, हिंसा और गुस्से से जीते जा सकते हैं, लेकिन इससे देश के सामने आने वाली सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। सोमवार को पदयात्रा के आगे बढ़ने के साथ ही लोगों की भीड़ भी बढ़ती जा रही थी। इससे उत्साहित गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने साबित कर दिया है कि नफरत का इस्तेमाल राजनीतिक रूप से और चुनाव जीतने के लिए किया जा सकता है, लेकिन इससे रोजगार पैदा नहीं हो सकते। राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद भी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में संवाद और लोगों की आवाज को खामोश कर दिया गया है क्योंकि मीडिया भी वही कह रहा है, जो देश की सरकार उससे कहलवाना चाहती है और यह सत्तारूढ़ सरकार द्वारा मीडिया संगठनों के मालिकों पर बनाए गए दबाव के कारण है। गांधी ने ट्वीट किया, भारत का सपना टूटा है, बिखरा नहीं है। उस सपने को साकार करने के लिए, हम भारत को एक साथ ला रहे हैं। सौ किलोमीटर की यात्रा हो गई है। हमने अभी शुरुआत की है।

रमेश ने भी ट्वीट किया कि भारत जोड़ो यात्रा ने ठीक 100 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली है और इसने भाजपा को निराश, बेचैन और परेशान कर दिया है, जबकि कांग्रेस पार्टी पहले ही 100 गुणा अधिक जोश से भर चुकी है। हर कदम के साथ हम अपने संकल्प को और मजबूत करते जा रहे हैं। 150-दिवसीय पैदल यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और यह 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा केरल में 10 सितंबर की शाम पहुंची थी। इस यात्रा के तहत राज्य में 19 दिनों की अवधि में सात जिलों से होते हुए 450 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इसके बाद यह यात्रा एक अक्टूबर को कर्नाटक पहुंचेगी।

# आजरबैजान ने किया आर्मीनिया पर हमला

## 49 सैनिकों की मौत

भाषा। एरेवान (आर्मीनिया)

**आर्मीनिया** के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने मंगलवार को कहा कि आजरबैजान द्वारा देर रात किए गए हमलों में 49 आर्मीनियाई सैनिकों की मौत हो गई। बड़े पैमाने पर हुए इस हमले से दोनों देशों के बीच की शत्रुता के और गहरा होने की आशंका पैदा हो गई है। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आजरबैजान की सेना ने तोपों और ड्रोन से हमले किए। मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम के लिए रूस द्वारा त्वरित मध्यस्थता के प्रयास के बावजूद दिन में लड़ाई जारी रही। उसने कहा कि गोलाबारी कम हो गई है लेकिन आजरबैजान के सैनिक अब भी आर्मीनियाई क्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। उधर आजरबैजान का कहना है कि उसने आर्मीनिया के हमलों के जवाब में कार्वाई करते हुए हमले किए। आजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आर्मीनियाई बलों ने देश के तीन जिलों में सेना की चौकियों पर गोलीबारी की और आर्मीनियाई हमलावरों ने इन क्षेत्रों में बारुदी सुरंगें बिछाईं। उसने कहा कि आजरबैजान के बल अनिर्दिष्ट संख्या में हताहत हुए और कड़ी जवाबी कार्वाई की गई। आजरबैजान और आर्मीनिया के बीच नागोर्नो-काराबाख को लेकर दशकों से संघर्ष चल रहा है। नागोर्नो-काराबाख आजरबैजान का हिस्सा है, लेकिन यह 1994 में एक अलगाववादी युद्ध समाप्त होने के बाद से आर्मीनिया द्वारा समर्थित बलों के नियंत्रण में है। दोनों के बीच 2020 में छह सप्ताह तक चले युद्ध में 6,600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। रूस की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच संघर्षविराम था और संघर्षविराम समझौते के तहत क्षेत्र में लगभग 2,000 रूसी सैनिक शांति सैनिकों के रूप में तैनात हैं। रूस ने दोनों पूर्व सोवियत देशों से मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने का आह्वान किया है।

## कनाडा में गोलीबारी में पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत, संदिग्ध मारा गया

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो में सोमवार को गोलीबारी की दो घटनाओं में टोरंटो यातायात पुलिस के एक अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग घायल हो गए। गोलीबारी की दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाला संदिग्ध बाद में पुलिस कार्वाई में मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, पुलिस ने ओंटारियो के मिसिसॉगा और मिल्टन में गोलीबारी की दो घटनाओं के बाद लोगों को फोन पर आपातकालीन अलर्ट भेजा था कि वह टोरंटो में गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति की तलाश कर रही है। टोरंटो के मेयर जॉन टोरी ने पुलिसकर्मी की मौत की जानकारी देते हुए कहा, (घटना के समय) वह (डोनट और कॉफी शृंखला) टिम हॉर्टन्स से खाना और कॉफी ले रहा था। टोरी ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि वह गोलीबारी में मारे गए कॉन्स्टेबल एंड्रयू होंग से पहले मिल चुके है। उन्होंने कहा कि वह एक भद्र पुरुष थे। टोरंटो पुलिस प्रमुख जेम्स रैमेर ने कहा कि होंग (48) को बहुत नजदीक से गोली मारी गई। पील क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख निशान दुरईअप्पा ने कहा, मध्याह्न भोजन के लिए अवकाश के दौरान उन्हें अकारण गोली मारी गई और मैं यह कह सकता हूं कि यह घात लगाकर किया गया हमला था। उन्होंने बताया कि इसी गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका उपचार किया जा रहा है। दुरईअप्पा ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने के बाद सशस्त्र संदिग्ध एक काली जीप से फरार हो गया और फिर पुलिस को मिल्टन में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि संदिग्ध घटनास्थल से फरार हो गया और वह बाद में ओंटारियो के हैमिल्टन में एक कब्रिस्तान में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान अभी उजागर नहीं की है।

## यूक्रेन की सेना ने ईरान के ड्रोन को मार गिराने का दावा किया

**कीव (एपी) यूक्रेन।** की सेना ने मंगलवार को पहली बार दावा किया कि उसने युद्ध के मैदान में रूस द्वारा इस्तेमाल किए गए ईरान के एक ड्रोन को मार गिराया। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने जुलाई में कहा था कि ईरान ने रूस को बम ले जाने में सक्षम सैकड़ों ड्रोन भेजने की योजना बनाई है ताकि युद्ध में यूक्रेन के खिलाफ इनका इस्तेमाल किया जा सके। ईरान ने शुरू में इसका खंडन किया था लेकिन इसके रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ने हाल के दिनों में दुनिया की शीर्ष शक्तियों को हथियार आपूर्ति किए जाने का दावा किया है। यूक्रेनी सेना से जुड़ी एक वेबसाइट ने ड्रोन के मलबे की तस्वीर प्रकाशित की। सेना और वेबसाइट दोनों ने कहा कि ईरानी ड्रोन को कुपियांस्क के नजदीक मार गिराया गया। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन और ईरान के संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने 2020 में एक यूक्रेनी यात्री विमान को मार गिराया, जिसमें सवार सभी 176 लोग मारे गए थे।



एडिनबरा में महारानी एलिजाबेथ द्वितिय की अंतिम यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़

# अमेरिका में मंकीपॉक्स से मौत का पहला मामला आया

भाषा। लॉस एंजिलिस

**अमेरिका की** लॉस एंजिलिस काउंटी के एक निवासी की मंकीपॉक्स के चलते मौत हो गई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि अमेरिका में मंकीपॉक्स से मौत का यह पहला मामला है। लॉस एंजिलिस काउंटी के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने मंकीपॉक्स को व्यक्ति मौत का कारण बताया है और एक प्रवक्ता ने कहा कि पोस्टमॉर्टम में इसकी पुष्टि हो गई है। रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली बहुत कमजोर थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा, उस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## भारतीय संस्थानों के साथ तालमेल को बढ़ावा देने के लिए न्यूयॉर्क में नए केंद्र की शुरुआत

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** भारतीय सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों और सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क (सीयूएनवाई) के बीच सुदृढ़ एवं समावेशी सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां एक नए केन्द्र की शुरुआत की गई है। भारत की ओर से अनुसंधान और शिक्षा सहयोग के लिए की गई पहल के अनुसार सीयूएनआई क्रेस्ट संस्थान (आईआईसीसीसीआई) की नौ सितंबर, को आधिकारिक तौर पर ब्रोंक्स कम्युनिटी कॉलेज (बीसीसी) में शुरुआत की गई। यह संस्थान दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति दोनों के क्षेत्र में विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराएगा।

# कैंसर से मौत के मामले कम करने को महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा





भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश में कैंसर के कारण होने वाली मौत के मामले कम करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। अमेरिका में हृदय संबंधी बीमारी के बाद मौत का सबसे बड़ा कारण कैंसर है। अपने बड़े बेटे ब्यू को 2015 में कैंसर के कारण खो चुके बाइडन ने कहा कि लोगों की जान बचाए जाने के मामले बढ़ने के बावजूद कैंसर अमेरिका में हृदय संबंधी बीमारी के बाद मौत का अब भी दूसरा बड़ा कारण है। राष्ट्रपति बाइडन ने बोस्टन में दिए अपने भाषण में नई एजेंसी एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसीज ऑफ हेल्थ (एआरपीए-एच) के गठन की घोषणा की। एआरपीए-एच का एकमात्र मकसद कैंसर, अल्जाइमर, मधुमेह और अन्य बीमारियों को रोकने, उनका पता लगाने और उनका इलाज करने की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों को प्रोत्साहित करना और हमें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाना होगा। अमेरिका को उन्नत जैव प्रौद्योगिकी का देश में निर्माण करने की आवश्यकता है और इसीलिए उन्होंने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जो संघीय सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देता है कि अमेरिका में आविष्कार की गई जैव प्रौद्योगिकी अमेरिका में ही बनाई जाए, चाहे वह कैंसर के उपचार से संबंधित हो या अगली पीढ़ी के ईंधन और अन्य सामग्री से जुड़ा हो।

## यूक्रेन के लोग अपने देश की रक्षा करने, अपनी जमीन वापस लेने के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे हैं: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को समर्थन जारी रखने का संकल्प जताते हुए कहा है कि यूक्रेन के लोग अपने देश की रक्षा करने और रूस द्वारा कब्जाई गई अपनी जमीन को वापस लेने के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे है। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किया था, लेकिन यूक्रेन की सेना ने अप्रैल की शुरुआत में कीव के आसपास के बड़े क्षेत्रों को वापस अपने अधिकार में ले लिया, जब रूस ने राजधानी कीव की ओर बढ़ने का इरादा छोड़ दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन-पियरे ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, हम यूक्रेन के लोगों के लिए बात नहीं करने जा रहे हैं, बल्कि हम इसे यूक्रेन के लोगों पर छोड़ देंगे ताकि वे अपने अभियानों के बारे में खुद बताएं। लेकिन यह स्पष्ट है कि वे अपने देश की रक्षा करने और अपनी जमीन फिर से पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम उन्हें युद्ध के मैदान में सफल होने के लिए आवश्यक समर्थन देना जारी रखेंगे। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका ने पिछले सप्ताह दो महत्वपूर्ण सुरक्षा सहायता पैकेजों की घोषणा की है, जिसमें सहयोग के लिए 50 से अधिक देशों को एक साथ लाया गया है और युद्ध के मैदान में सफल होने के लिए यूक्रेन के अनुरोधों को पूरा करने के वास्ते काम किया गया है।

## करीबी मुकाबले के बाद केन्या के राष्ट्रपति बने विलियम रूटो

**नैरोबी।** पूर्वी अफ्रीका के सबसे स्थिर लोकतंत्र में नौ अगस्त को हुए चुनाव में बहुत कम अंतर से जीत हासिल करने वाले विलियम रूटो ने केन्या के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली। रूटो ने नौ अगस्त को हुए चुनाव में लंबे समय से विपक्ष के नेता रहे रैला ओडिंगा को मामूली अंतर से हराया। उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह आधिकारिक परिणामों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। रूटो निवर्तमान राष्ट्रपति उहुरू केन्याट्टा के कार्यकाल में उप राष्ट्रपति रहे थे लेकिन बाद में दोनों में तकरार हो गई और उन्होंने महीनों तक बात नहीं की थी। मंगलवार को दोनों ने जब हाथ मिलाया तो उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर खुशी जताई।

## मशहूर निर्देशक जीन ल्यूक गोडार्ड का निधन

**पेरिस (एपी)।** सन 1960 के दशक में अपनी पहली फिल्म ब्रेथलेस से लोकप्रिय सिनेजगत में क्रांतिक्रारी बदलाव लाने मशहूर फ्रांसिसी निर्देशक जीन ल्यूक गोडार्ड का निधन हो गया। वह 91 साल के थे। कई मीडिया संगठनों ने इस बात की पुष्टि की है कि उन्हें मंगलवार को गोडार्ड के रिश्तेदारों से उनके निधन की खबर मिली। सन् 1950 के दशक में फिल्म समीक्षक के तौर पर अपने करियर की शुरूआत करने वाले गोडार्ड ने लीक से हटकर सिने जगत में एक युग की शुरूआत की। उन्होंने कैमरा, ध्वनि एवं कथात्मकता के नए नियम गढ़े। उनकी फिल्मों से जीन पॉल बेलमोंडों स्टार बने। उनकी विवादास्पद फिल्म हेली मैरी तब सुर्खियों में आ गई जब पोप जॉन पॉल द्वितीय ने 1985 में उसकी निंदा की। गोडार्ड ने कई ऐसी फिल्में बनाईं जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील एवं प्रायोगिक थीं। उन फिल्मों से उनके प्रशंसकों के एक छोटे समूह से बाहर बहुत कम लोग ही खुश होते थे।

## रूस की कंपनी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को ईडी ने गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लोगों से रूस की पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट के हेज कोष में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ईडी ने आशीष मलिक को 10 सितंबर को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया। मलिक दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा की जा रही जांच के सिलसिले में पहले से इस मामले में जेल में बंद है। ईडी ने कहा कि मलिक को मई में 1,000 से अधिक लोगों को रूस की कंपनी रोसनेफ्ट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कहा, आशीष मलिक और दो अन्य लोगों.....सुनील सिंह और संदीप कौशिक ने रोसनेफ्ट हेज फंड में निवेश के नाम पर 20 प्रतिशत का मासिक रिटर्न देने का वादा किया था। इन लोगों ने दो क्रिप्टो कॉइन आरएचएफ कॉइन और आरएचएफ गोल्ड भी शुरू किए थे।

## पीवीआर-आईनॉक्स के प्रस्तावित विलय सौदे के खिलाफ शिकायत खारिज

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मंगलवार को मल्टीप्लेक्स श्रृंखला पीवीआर और आईनॉक्स लीजर के प्रस्तावित विलय के खिलाफ एक शिकायत को खारिज कर दिया। सीसीआई ने कहा कि किसी इकाई द्वारा प्रतिस्पर्धा रोधी प्रथाओं की अटकलबाजी जांच का विषय नहीं हो सकती है। नियामक का यह आदेश दोनों कंपनियों के प्रस्तावित विलय के खिलाफ दायर एक शिकायत पर आया है। इस विलय के बाद बनी संयुक्त इकाई 1,500 से अधिक स्क्रीन के साथ देश की सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स श्रृंखला होगी। पीवीआर और आईनॉक्स लीजर ने 27 मार्च को विलय की घोषणा की थी। इस सौदे के लिए हालांकि उन्हें सीसीआई की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं थी।

# निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत की तुलना भगवान हनुमान से की

## पूछा, निवेश को लेकर झिझक क्यों

भाषा। नई दिल्ली



**वित्त मंत्री निर्मला** सीतारमण ने मंगलवार को उद्योग जगत की तुलना भगवान हनुमान से की। उन्होंने पूछा कि आखिर वे विनिर्माण क्षेत्र में निवेश को लेकर क्यों झिझक रहे हैं और कौन सी चीजें रोक रही हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि विदेशी निवेशक भारत को लेकर भरोसा जता रहे हैं जबकि ऐसा लगता है कि घरेलू निवेशकों में निवेश को लेकर कुछ झिझक है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग के साथ मिलकर काम करने को इच्छुक है और नीतिगत कदम उठाने को तैयार है। सीतारमण ने कहा, यह समय भारत का है...हम अवसर को नहीं खो सकते। उन्होंने कहा कि सरकार उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लेकर आई, विनिर्माण क्षेत्र में निवेश के लिए कर दरों में कटौती की। वित्त मंत्री ने कहा, कोई भी नीति अपने-आप में अंतिम नहीं हो सकती.. जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं यह विकसित होती रहती है। यह उन उद्योगों पर भी लागू होता है जो उभरते क्षेत्र से जुड़े हैं, जिनके लिए हमने प्रोत्साहन के माध्यम से नीतिगत समर्थन दिया है। उन्होंने कहा, मैं उद्योग जगत से जानना चाहूंगी कि आखिर वे निवेश को लेकर झिझक क्यों रहे हैं...हम उद्योग को यहां लाने और निवेश को लेकर सब कुछ करेंगे..लेकिन मैं भारतीय उद्योग से सुनना चाहती हूं कि आपको क्या रोक रहा है? सीतारमण ने माइंडमाइन शिखर सम्मेलन में कहा कि दूसरे देश और वहां के उद्योगों को भारत को लेकर भरोसा है। यह एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) और एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेश) प्रवाह और शेयर बाजार में निवेशकों के विश्वास से पता चलता है। वित्त मंत्री ने कहा, क्या यह हनुमान की तरह है? आप अपनी क्षमता पर, अपनी ताकत पर विश्वास नहीं करते हैं और आपके बगल में कोई खड़ा होता है और कहता है कि आप हनुमान हैं, इसको कीजिए? वह व्यक्ति कौन है जो हनुमान को बताने वाला है? यह निश्चित रूप से सरकार नहीं हो सकती।

## महामारी के बाद प्रासंगिक बने रहने के लिए कदम उठाएं बहुपक्षीय संस्थान : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) जैसे बहुपक्षीय संस्थानों को महामारी के बाद की दुनिया में प्रासंगिक बने रहने के लिए अब कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि मुफ्त उपहार देने के मामले में चर्चा की जरूरत है। रिकैलिब्रेट: चेंजिंग पैराडाइम नाम से पुस्तक के विमोचन के मौके पर सीतारमण ने कहा, पुस्तक में राजकोषीय परिषद के गठन की सिफारिश की गई है। राजकोषीय अनुशासन को और मजबूत करने के लिए राजकोषीय परिषद की स्थापना का मजबूत मामला बनता है। यह किताब वित्त आयोग के चेयरमैन एन के सिंह और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने लिखी है।

## सेवानिवृत्ति पर एनपीएस राशि से पेंशन खरीदने के लिए अलग फॉर्म जमा करने की जरूरत नहीं

भाषा। नई दिल्ली

**बीमा नियामक** इरडा ने मंगलवार को कहा कि उसने सेवानिवृत्ति के समय एनपीएस राशि से पेंशन खरीदने के लिए एक अलग फॉर्म जमा करने की जरूरत को खत्म कर दिया है। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने कहा कि इस फैसले का मकसद बीमा उद्योग में कारोबार को आसान बनाना और पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा करना है। नियामक ने एक परिपत्र में कहा, इस दिशा में, वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए इरडा ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) की आय से तत्काल पेंशन उत्पादों को लेने के लिए अलग से फॉर्म जमा करने की जरूरत में ढील दी है। इस समय एनपीएस में शामिल सेवानिवृत्त लोगों को पीएफआरडीए के पास एक निकासी फॉर्म और बीमा कंपनियों के पास एक प्रस्ताव फॉर्म जमा करना होता है। इरडा ने कहा कि अब एनपीएस के निकासी फॉर्म को पेंशन खरीदने के प्रस्ताव फॉर्म के रूप में माना जाएगा। इससे वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही बीमा कंपनियों को सुविधा होगी। पेंशन सेवा प्रदाता (एएसपी) बीमा कंपनियां हैं, जो बीमा नियामक द्वारा विनियमित हैं और पीएफआरडीए ने इन्हें सूचीबद्ध किया है। ए कंपनियों एनपीएस ग्राहकों को उनके द्वारा दी जाने वाली राशि के आधार पर पेंशन देती हैं। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के पास एनपीएस के तहत पेंशन कोष प्रबंधक हैं, जिन्हें ग्राहकों के पेंशन फंड को विवेकपूर्ण तरीके से निवेश करने का काम सौंपा गया है। पीएफआरडीए के नियमों के अनुसार सदस्यों को अपनी संचित पेंशन राशि का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा मासिक पेंशन उत्पाद खरीदने के लिए इस्तेमाल करना होगा।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Amir Khusro S/o. Atiq Siddiqui, R/o. A-42, Gali No.6, Muradi Road, Batla House, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my Name has been wrongly mentioned in my Passport as Amir Khusrao and my correct name is Amir Khusro.

PD(90169)A


## एसईजेड के कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देने पर विचार: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि वाणिज्य मंत्रालय विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) की इकाइयों के सभी कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देने पर विचार कर रहा है। वर्तमान में एक विशेष आर्थिक क्षेत्र इकाई में कर्मचारियों को अधिकतम एक वर्ष की अवधि के लिए घर से काम करने (वर्क फ्रॉम होम) की अनुमति है। गोयल ने कहा कि सरकार को कई तबकों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं कि अभी भी कई देशों में कुछ जगहों पर कोविड-19 महामारी से संबंधित प्रतिबंध हैं और लोग कार्यालयों में नहीं आ रहे हैं। उन्होंने यहां सवाददाताओं से कहा, हमने महामारी के दौरान एसईजेड इकाइयों में घर से काम करने की अनुमति दी थी। इसकी सभी ने सराहना की और इससे सेवाओं के निर्यात को आगे बढ़ाने में भी मदद मिली। यह पिछले साल 254 अरब डॉलर थी। इस साल भी इसमें वृद्धि होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घर से काम करने से राजकोट और ऊना जैसे छोटे शहरों में नौकरी के अधिक अवसर सृजित होंगे।

# निफ्टी 18,000 अंक के पार

## बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 456 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई





**शेयर बाजारों** में तेजी का सिलसिला मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 133 अंक से अधिक चढ़कर चार अप्रैल के बाद पहली बार 18,000 अंक के पार बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर जारी लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू शेयर बाजार में लाभ दर्ज हुआ। लगातार चौथे कारोबारी सत्र में अपनी तेजी जारी रखते हुए बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 455.95 अंक यानी 0.76 प्रतिशत के उछाल के साथ 60,571.08 अंक पर बंद हुआ। पिछले तीन कारोबारी सत्रों के दौरान सेंसेक्स में 1,540 अंक से अधिक और निफ्टी में 445 अंक का उछाल आया है। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार की तेजी मुख्य रूप से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा संचालित थी। एफआईआई घरेलू शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। खुदरा निवेशकों की भागीदारी से भी बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, पावर ग्रिड, एलएंडटी, आईटीसी, रिलायंस, एसबीआई और इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टीसीएस के शेयर में सबसे अधिक 0.37 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशल सर्विसेस के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, विदेशी निवेशकों की रणनीति में अचानक बदलाव... बाजार में जारी तेजी का मुख्य कारण बना हुआ है। विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली के बाद शुद्ध खरीदार बन गए है। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था में मजबूती से बाजार को खुदरा निवेशकों का भी समर्थन मिला। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार ने मजबूती के साथ सप्ताह की शुरुआत की और मौजूदा रुझान को जारी रखते हुए आधा प्रतिशत से अधिक की बढ़त हासिल की। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.32 प्रतिशत बढ़कर 26,252.08 अंक पर जबकि बीएसई स्मॉलकैप 0.24 प्रतिशत बढ़कर 29,893.97 अंक पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। इस बीच, लंदन में ब्रेंट क्रूड बढ़कर 95.15 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। उन्होंने सोमवार को 2,049.65 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## टोल प्लाजा को स्वचालित नंबर प्लेट प्रणाली से बदलने की पायलट परियोजना पर काम जारी : गडकरी

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार टोल** प्लाजा की जगह स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली के उपयोग के लिए प्रायोगिक परियोजनाओं पर काम कर रही है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से वाहन मालिकों के बैंक खातों से सीधे शुल्क की कटौती की जा सकेगी। गडकरी ने माइंडमाइन शिखर सम्मेलन में कहा कि फास्टैग की शुरुआत के बाद, सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल आय में सालाना 15,000 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। उन्होंने इस बारे में विस्तार से जानकारी दिए बिना कहा, हम अब ऑटोमोबाइल नंबर प्लेट तकनीक या ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर कैमरा पेश करने जा रहे हैं। इसके बाद किसी टोल प्लाजा की जरूरत नहीं होगी। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान टोल प्लाजा पर वाहनों का औसत प्रतीक्षा समय आठ मिनट था। फास्टैग की शुरुआत के साथ वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान वाहनों के लिए औसत प्रतीक्षा समय में कमी आई। यह घटकर 47 सेकंड हो गया।

## इलेक्ट्रिक बसों के लिए समान चार्जिंग प्रणाली पर गौर करें अधिकारी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों से विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों के लिए समान चार्जिंग प्रणाली पर गौर करने को कहा है। गडकरी ने कहा कि विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों के लिए अलग-अलग चार्जिंग प्रणाली है, ऐसे में राज्यों को दिक्कत हो रही है। उन्होंने माइंडमाइन शिखर सम्मेलन में कहा, हिमाचल प्रदेश के परिवहन मंत्री ने मुझे विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों के लिए अलग-अलग चार्जिंग प्रणाली की समस्या के बारे में बताया। मैंने अपने अधिकारियों से इसका समाधान खोजने के लिए कहा है। विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने के लिए एक ही प्रणाली होनी चाहिए। गडकरी ने लोगों को सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। हमें लोगों को और कार खरीदने के लिए हतोत्साहित करने की जरूरत है।

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संतोष पत्नी श्री विजय पल, संपत्ति प्लाट संख्या 700 / 43, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 217, स्थित संभु नगर, ग्राम चौकड़ी मुबारकबाद त्रि नगर, दिल्ली, मूल बिक्री विलेख दिनांक 25.01.2006, पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 1607 व बिक्री विलेख दिनांक 10.03.2005, पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 8919 के द्वारा मालिक है। उपरोक्त संपत्ति, मैसर्स पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनांक 04.12.1999 और मृत्यु प्रमाणपत्र कवल पाल सिंह और शांति देवी और उत्तराधिकार प्रमाणपत्र कहीं खो गए है!
यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध मै दावा अमान्य माना जाएगा।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

PUBLIC NOTICE

My Clients **Vijay Kumar Verma** S/o Late Sansar Chand Verma & his wife **Indu Verma** W/o Vijay Kumar Verma R/o **A/5D, Shivangi Kunj, Opposite BG-1, Paschim Vihar, ND-63** have debarred & disowned their Son **Rajat Verma** & his wife **Heena Verma** & Grand Daughter **Raadhya Verma** from their movable & immovable properties. My Clients have also severed all their relation with them. If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk,responsibility.
Ramesh Chander (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

Public Notice

This is to inform general public that Mr. Nand Kishore has acquired the Old Land No. -2083 & New Land No. -4237, area measuring 219.34 + 214.67 = 434.01 Sq. Yds., i.e., 363.1 Sq. mtr., situated at Village Jewar, Gautam Budh Nagar by way of Sale Deed dated 06.11.2018 Doc nos. 7303. Now, Mr. Nand Kishore is mortgaging the above said property with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# अदालत ने मुस्लिम पक्ष से कहा-छह अक्टूबर से होगी नियमित सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ज्ञानवापी** मस्जिद प्रकरण में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर मंगलवार की दोपहर अदालत में सुनवाई हुई। सिविल जज सीनियर डिवीजन कुमुदलता त्रिपाठी की अदालत में दाखिल प्रार्थना पत्र में उन्होंने सर्वे के दौरान ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग के नियमित दर्शन-पूजन भोग-आरती की मांग की थी।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पूर्व में भी धरना प्रदर्शन कर वजूखाने में मिले शिवलिंग के नियमित पूजन अर्चन की मांग कर चुके हैं। हालांकि, जिला प्रशासन के अनुरोध पर उन्?होंने धरना खत्?म कर अदालत का रुख किया था। अब इसी मामले में मंगलवार को सुनवाई अदालत में हुई।वहीं वादी किरन सिंह के एक वाद में ज्ञानवापी परिसर को लेकर मुकदमा नंबर 712/2022 भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में अदालत ने मुस्लिम पक्ष को कड़ी फटकार लगाई है। सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में उपरोक्त मुकदमे में मंगलवार की सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने अपने अधिवक्ता के बीमार होने की जानकारी दी। बीमारी की वजह से न्यायालय से जवाब फाइल करने के लिए दोबारा समय मांगा। जिस पर न्यायालय ने फटकार लगाते हुए उन्हें छह अक्टूबर तक का समय दे दिया। वहीं न्यायालय ने अंतिम चेतावनी देते हुए यह भी कहा है कि छह अक्टूबर से उपरोक्त केस में प्रतिदिन सुनवाई प्रारंभ की जाएगी। यदि छह अक्टूबर तक मुस्लिम पक्ष ने अपना जवाब फाइल नहीं किया तो उनका अवसर समाप्त करते हुए न्यायिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।



### अब वजूखाने में शिवलिंग पर सुनवाई

एक दिन पूर्व ही सोमवार को अदालत ने वाद को सुनवाई के योग?य पाते हुए मुस्लिम पक्ष की आपत्तियों को दरकिनार कर मामले की सुनवाई जारी रखने पर फैसला हिंदू पक्ष को दिया है। अब ठीक दूसरे दिन वजूखाने में मिले शिवलिंग के दर्शन पूजन और अर्चन सहित भोग को लेकर वाद पर सुनवाई होने जा रही है।

### कौन हैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के ब्रह्मलीन होने के बाद उनके उत्तराधिकारी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बने हैं। प्रतापगढ़ जनपद के मूल निवासी अविमुक्?तेश?वरानंद ज्योतिषपीठ बद्रीनाथ का प्रमुख एक दिन पूर्व घोषित किए गए है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का जन्म प्रतापगढ़ के पट्टी तहसील के ब्राह्मणपुर गांव में 15 अगस्त 1969 को हुआ। इनका मूल नाम उमाशंकर है। इनकी प्राथमिक शिक्षा गांव के प्राइमरी पाठशाला में हुई।उसके बाद वह परिवार की सहमति पर नौ साल की उम्र में गुजरात जाकर धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के शिष्य ब्रह्मचारी रामचौतन्य के सानिध्य में गुरुकुल में संस्कृत शिक्षा ग्रहण करने लगे। इसके बाद श्रीविद्यामठ के प्रमुख के तौर पर काशी में निवास कर धार्मिक गतिविधियों में जुट गए।

### स्वामी ने जून में त्याग दिया था अन्न-जल

ज्ञानवापी मस्जिद में कोर्ट कमिश्नर के सर्वे के दौरान कथित रूप से मिले आदि विश्वेश्वर शिवलिंग के मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द केदारघाट स्थित श्रीविद्या मठ में अन्न जल त्याग कर बैठे थे। वे विश्वेश्वर शिवलिंग का पूजन व भोग- राग के लिए मठ से सुबह साढ़े आठ बजे निकले और पुलिस ने मामला न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर उनको पूजन करने से रोक दिया था। इसके बाद उन्हें मठ में रोकने के लिए मुख्य द्वार पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

### इसलिए छोड़ा था अन्न-जल

स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द जैसे ही मठ से निकले वैसे ही भेलूपुर थाना प्रभारी ने अनुमति नहीं होने का हवाला देकर उनको रोक लिया था। पुनरानुमति पत्र भेजने और उसकी कॉपी दिखाने के बाद भी उनको पुलिस ने आगे नहीं जाने दिया। इसके बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने अन्न-जल त्याग कर मठ में बैठने की घोषणा कर दी और शिष्यों संग धरने पर बैठ गए थे। बाद में धार्मिक संगठनों और प्रशासन के मनुहार के बाद भोजन ग्रहण किया था।

# बांदा के जिलाधिकारी को जल नायक सम्मान

### यूपी के तीन लोगों समेत पांच को मिलेगा जल शक्ति मंत्रालय का अवार्ड

### यह प्रतियोगिता आबादी के एक बड़े हिस्से को देश में जल संरक्षण की महत्ता समझने के लिए प्रेरित करने की दृष्टि से शुरू की गई



संवाददाता। बांदा

**जलशक्ति** मंत्रालय ने अगस्त महीने के लिए जल नायकों के सम्मान की घोषणा कर दी है। इसके तहत छह पुरस्कार विजेताओं में यूपी के बांदा जिले के डीएम अनुराग पटेल सहित तीन लोग शामिल हैं। इन्हें पुरस्कार के रूप में 10-10 हजार रुपये नकद और प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने जल नायक सफलता की अपनी कहानी साझा करेंष्प्रतियोगिता शुरू की है। मंत्रालय के मुताबिक, यह प्रतियोगिता आबादी के एक बड़े हिस्से को देश में जल संरक्षण की महत्ता समझने के लिए प्रेरित करने की दृष्टि से शुरू की गई है। इसके अंतर्गत प्रतियोगिता के विजेता जल नायकों के अनुभवों को साझा किया जाता हैए ताकि लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा होए उनकी आदतों में बदलाव आए और वे पानी को बचाने के लिए जागरूक हो सकें। अगस्त 2022 के लिए छह विजेता चुने गए हैं। बांदा के जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जल संरक्षण के लिए जल संचय.जीवन संचयष और जल कुंभी हटाओ.तालाब बचाओ अभियानष्के रूप में दो महत्त्वपूर्ण प्रयास किए हैं। 126 तालाबों से जलकुंभियों को हटवाने की पहल की। इसके अलावा चंद्रावल नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में हिस्सा लिया। बताया गया है किए अनुराग के प्रयासों से मिर्जापुर में 664 तालाबों और फर्रुखाबाद में 101 तालाबों को पुनर्जीवित किया गया। इनके अलावा प्रदेश के अमित को अवार्ड के लिए चुना गया है। जालौन जिले अंतर्गत मलकपुरा के ग्राम प्रधान हैं। इन्होंने आपने गांव के प्राथमिक विद्यालय में पोषक भोजन उपलब्ध करानेए पौधारोपणए पर्यावरण सुरक्षा और तलछट की सफाई के जरिए जल शोधन जैसी विभिन्न विकास गतिविधियों में हिस्सा लिया है। तीसरे दिव्यांश मेरठ के हैं और श्पानी पंचायतश् नामक अभियान से जुड़े हैं। इसके अंतर्गत वह विभिन्न गांवोंए सड़कोंए कस्बोंए स्कूलोंए मुहल्लों में जाकर लोगों को जागरूक करते हैं। टंडन ;मेरठ छावनीद्ध सारथी सामाजिक कल्याण सोसयटी के उपाध्यक्ष हैं। इसीक्रम स्नेहलता मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के बदरवास ब्लॉक के पिपरोधा गांव की हैं। वह पिछले एक वर्ष से जल संरक्षण तथा जल प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। जबकि विनय विश्वनाथ गावस गोवा के परियोजना निदेशक और एमपी की बबीता का नाम भी इसमें शामिल है। वह छतरपुरए की रहने वाली हैं।

# कृतज्ञता का भाव सनातन धर्म व संस्कृति की विशेषता: योगी

### युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 53वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर



**गोरक्षपीठाधीश्वर** एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सृष्टि, प्रकृति, पूर्वजों तथा विरासत के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन धर्म-संस्कृति की पहली विशेषता है। सनातन हिंदू धर्म संस्कृति में यही कृतज्ञता का भाव हमें निरंतर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा प्रदान करता है।

सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 53वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 8वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धाजंलि समारोह के अंतर्गत मंगलवार को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपनी भावाभिव्यक्ति कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हनुमान जी जब लंका में जा रहे थे तब पर्वत ने उनसे प्रश्न किया था कि सनातन धर्म की परिभाषा क्या है? उन्होंने जवाब दिया था कि कोई आप पर कृपा करे तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना ही सनातन धर्म का कर्तव्य है। यही इसका पहला लक्षण भी है। हर सनातन धर्मावलंबी इस भाव को ठीक से समझता है। गोरक्ष पीठाधीश्वर ने कहा कि जीवन चक्र जड़.चेतन के बेहतर समन्वय से चलता है। यही कारण है कि हमारे सनातन धर्म ने वनस्पतियों, जीव जंतुओं के महत्व को समान रूप से स्वीकार किया है। वर्ष में दो बार हम नवरात्र के जरिये सृष्टि की आदि शक्ति के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हैं तो वर्ष में एक पक्ष अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता के लिए तर्पण करते हैं। पर्व, त्योहारों के प्रति लगाव भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वजों के प्रति अपनी विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की गोरक्षपीठ की अद्भुत परंपरा है। पितृपक्ष की तृतीया तिथि को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ जी तथा चतुर्थी तिथि को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी की पुण्यतिथि एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। सीएम योगी ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश हुकूमत ने गोरक्षपीठ के तत्कालीन महंत गोपालनाथ जी को गिरफ्तार कर लिया था। उन पर आरोप था कि वह क्रांतिकारियों को प्रश्रय देते थे। जब भी जरूरत पड़ी सनातन धर्म की रक्षा के लिए संतो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र का संधान करने की हमारे संत समाज की समृद्ध परंपरा रही है। यह हमारी हजारों वर्षों की विरासत भी है। सीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया नए भारत की शक्ति को स्वीकार कर रही है। कोरोना के संकटकाल में पूरी दुनिया ने आयुर्वेद व आयुष की ताकत का लोहा माना। हमारी कमी यह है कि हम किसी घटना के मूल्यांकन का प्रयास नहीं करते। हम सफलता को व्यक्तिगत पुरुषार्थ मान लेते हैं। सफलता व्यक्तिगत नहीं होती बल्कि यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम होती है सफलता में टीम के एक-एक सदस्य का योगदान होता है।

## फेस्टिव अभियान दीवाली विद मी टेक का शुभ मुहूर्त

**वाराणसी।** स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी ब्रांड शाओमी इंडिया ने आज अपना वार्षिक ग्राहक केंद्रित फेस्टिव अभियान दीवाली विद मी टेक का शुभ मुहूर्त दिलचस्प एवं अनोखे अंदाज में शुरू किया। यूज़र्स के दिल में सबसे पक्के दोस्त बनकर रहें के उद्देश्य के साथ यह कैम्पेन ग्राहकों को एक दोस्त के रूप में यह सुझाव देने और प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है कि वो एक मिनट ठहरकर यह सोचें कि भारत का सबसे चहेता टेक्नॉलॉजी ब्रांड उनसे 'डोंट बाय टेक येट टेक्नॉलॉजी उत्पाद अभी न खरीदें के लिए क्यों कह रहा है।अनुज शर्मा ने कहा दीवाली के इस सीज़न में हम अपने ग्राहकों को टेक गैजेट खरीदने का निर्णय लेने में मदद करना चाहते हैं।

## प्रगति अग्रवाल जेईई एडवांस 2022 में सिटी टॉपर बनीं

**वाराणसी।** कामयाबियों का झंडा बुलंद करना फिटजी के डीएनए में शुमार हो चुका है। जीत हासिल करने की अपनी मूल प्रवृति को आगे बढ़ाते हुए फिटजी के छात्रों ने आज जेईई एडवांस, 2022 के लिए घोषित परिणामों में एक बार फिर अपना वर्चस्व स्थापित किया। गोरखपुर सिटि टॉपर प्रगति अग्रवाल ने कहा फ्रबचपन से ही आईआईटी में प्रवेष करना मेरा सपना रहा है। मैं अपने इस सपने के पूरा करने में मदद करने के लिए फिटजी के प्रति अहसानमंद हूं फिटजी जेईई एडवांस, 2022 में अपने छात्रों की शानदार कामयाबी की घोषणा करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा है। फिटजी ने लगातार शानदार परिणाम हासिल करने के लिए अपने सफल छात्रों को बधाई दी है तथा आगे के प्रयासों में उत्कृश्ठता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी है।

## त्योहारों का जोश बढ़ाते हुए युवाओं के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** सीज़न में त्योहारों का जोश बढ़ाते हुए युवा भारतीयों के लोकप्रिय टेक्नॉलॉजी ब्रांड पोको इंडिया ने फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज़ सेल से पहले आज स्मार्टफोंस की अपनी श्रृंखला पर विशेष ऑफरों और डील्स की घोषणा की। यूज़र्स को 13 सितंबर से शक्तिशाली एवं बेहतरीन डिवाईस सबसे आकर्षक मूल्यों में प्राप्त होंगी। खुशी की डबल डोज़ देते हुए कंपनी ने प्रीमियम लुक के साथ सेगमेंट का सबसे शक्तिशाली पोको एम5 भी प्रस्तुत किया, जो सेल में उपलब्ध होगा इस त्योहारी सीजन में लोगों के लिए विशेष आकर्षक पेशकश कर रहा है।

## आईएएस अधिकारी भांजे का फर्जी हस्ताक्षर कर 1.62 करोड़ कर्ज लेने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने आईएएस अधिकारी भांजे का फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से 1.62 करोड़ रुपए बैंक का कर्ज लेने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रवि प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सतपाल अंतिल ने बताया कि नगर कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के आंबेडकर चौराहा स्थित सिटी पैलेस के मालिक व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी अभय सिंह ने 2020 में अपने मामा, भाजपा नेता रवि प्रताप सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। दर्ज कराई गई शिकायत के हवाले से उन्होंने बताया कि रवि प्रताप ने अभय सिंह के फर्जी हस्ताक्षर करके दी अर्बन कोआपरेटिव बैंक से 1.62 करोड़ रुपए कर्ज लिया था। एसपी ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज इसकी जांच की जिसमें अभिलेखों से मिलान पर आईएएस अभय सिंह का हस्ताक्षर फर्जी पाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी रवि प्रताप के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। पुलिस ने सोमवार की देर शाम आरोपी रवि प्रताप को राजपाल चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। अंतिल ने बताया कि विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### स्वर्णकार की दुकान में लूट और जानलेवा हमले का खुलासा

# हिस्ट्रीशीटर सिराज गिरफ्तार, दो साथी फरार

संवाददाता। बांदा

**नगर** कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई स्वर्णकार की दुकान में लूट और लड़की को जान से मारने के प्रयास के मामले में ऑपरेशन क्लीन द्वारा खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने बताया कि इस लूट में हिस्ट्रीशीटर एच एस .12 सिराज हुसैन ने अपने 2 साथियों के साथ मिलकरी लूट और लड़की की हत्या की सुपारी ली थी। आज पुलिस की विशेष टीम द्वारा हिस्ट्रीशीटर किलर को गिरफ्तार करके मीडिया के सामने पेश किया। प्राप्त समाचार के अनुसार 1 हफ्ते पूर्व बांदा के बीच शहर इंदिरा नगर मैं एक सोने की दुकान पर तीन लुटेरों ने दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया सीसी फुटेज के जरिए एसओजी टीम ने अपना खुफिया तंत्र लगाकर तथा पुलिस की चार टीमें लगाकर सर्चिंग कराई गई जिसमें आरोपी गैंग लीडर 21 मुकदमों में वांछित हिस्ट्रीशीटर सिराज को गिरफ्तार करके प्रेस के सामने पेश किया गया और उसे सभी धाराओं में साथ में गैंगस्टर और एनएसई की कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन सिंह ने कहा कि इस के मकान में बुलडोजर चलाया जाएगा क्योंकि यह घनघोर अपराधी है और इसकी संपत्तियां भी जप्त की जाएंगी जो इतने अवैध तरीके से बना रखी हैं।



## बरेली मे रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस के भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) की बरेली इकाई ने एक लेखपाल को कथित तौर पर हैसियत प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर छह हजार रुपए रिश्त लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसीओ की बरेली इकाई के प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि लेखपाल पुरुषोत्तम गंगवार को सोमवार को बरेली शहर के संजय नगर मोड़ पर एक ढाबा के पास छह हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम के खिलाफ इज्जतनगर थाने मे देर रात भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर उन्हे जेल भेज दिया गया।

## कच्चीबाग में मकान गिरा, पांच घायल

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी



**जैतपुरा** थाना के कच्चीबाग पीरआला बाबा में मंगलवार को मकान का जर्जर हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इसमें परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। घटनास्थल पर जुटे लोगों ने घायलों को कबीरचौरा मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। कच्चीबाग पीरआला बाबा मोहल्ले में फैयाजुद्दीन के परिवार के लोग मंगलवार को मकान के कमरे में बैठकर बात कर रहे थे। इसी बीच कमरे के ऊपर का जर्जर हिस्सा (धरन) भरभराकर गिर गई। इसमें पांच लोग दब गए। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मलबा हटाकर किसी तरह दबे लोगों को बाहर निकाला। घटना में वाजबुन्निशा (65), कैसरन्निशा (35), अमीन बीबी (20), रिजा बीबी (11) और फैयाजुद्दीन (22) घायल हो गए। स्थानीय लोगो बताया कि घटना की सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी गई, लेकिन लगभग एक घंटे बाद तक कोई नहीं पहुंचा। किसी तरह निजी साधन से घायलों को मंडलीय चिकित्सालय पहुंचाया गया।

## रमेश कट्टी एचकेजी के एमडी बने

**कानपुर।** बीएसई सूचीबद्ध एचकेजी लिमिटेड, सबसे तेजी से बढ़ते व्यापार समूहों में से एक है जो छोटे व्यवसायों को जोड़ने की इच्छा रखता है ने बीएसई को सूचित किया है कि लावा रमेश कट्टी को 9 सितंबर 2022 से प्रभावी कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। उमेश और लावा कट्टी ओपन ऑफर के माध्यम से एचकेजी लिमिटेड के शेयर हासिल करने की प्रक्रिया में शामिल होंगे जिसके बाद लावा रमेश कट्टी एचकेजी लिमिटेड का नियंत्रण संभालेंगे।

# दोहरे हत्याकांड में 17 को आजीवन कारावास

संवाददाता। हमीरपुर

**एससी-एसटी कोर्ट** ने 28 साल साल के बाद पुराने मामले में मंगलवार को फैसला सुनाते हुये दोहरे हत्याकांड में 17 लोगों को आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कुरारा क्षेत्र के चकोठी गांव में सन 1994 पुरानी रंजिश के चलते में दो लोगों की हत्या कर दी गई थी। इसमें 25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसमें पांच लोगों की मौत हो चुकी है और तीन लोग फरार हैं। गांव के रंजिश के चलते दो लोग जसवंत और मोतीलाल की गोली मार कर हत्या की गई थी। जिस पर पीड़ित रमेशचन्द्र ने 25 लोगों के खिलाफ कुरारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। रमेशचंद्र ने बताया कि उसके भाई को घेरकर जसवंत को घर के दरवाजे पर गोलियों से छलनी कर उसकी हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने गांव के ही मोतीलाल को घेर लिया था। जो जान बचा कर रिठारी की तरफ भागा था। जहां फूला के घर में हत्यारोपियों ने उसे भी घेर कर मार दिया था। अधिवक्ता, विशेष लोक अभियोजन विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की यह मामला 28 साल तक कोर्ट में चला। जिस पर आज एससीएसटी कोर्ट न्यायाधीश मो असलम सिदक्की ने 17 हत्यारोपियों में बीर सिंह,जाहर सिंह,भीष्म सिंह,भारत,महाराज,भूरा,इंद्रपाल,पप्पू,छुटकई,कामता,शिवबदन,विजय सिंह,ओकार,राजेंद्र,सुरेंद्र,अर्जुन,दद्दू , को दोषी मानते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा व 30-30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जबकि फरार चल रहे तीन आरोपियों की पत्रावली अलग की गई है।

**आरोपितों के नाम:**ओमप्रकाश, अर्जुन सिंह, भरत सिंह, महाराज, लाला, पप्पू, संतोष सिंह, शिव बदन, सुरेन्द्र सिंह, राम अवतार, वीर सिंह, राजेन्द्र बाबू, दद्दू , विजय सिंह, भूरा सिंह, जाहर सिंह, राजेन्द्र सिंह, भीकम सिंह, छोटा, कामता सिंह व छुट भाई के हाथ में असलहे व काता, पुतान सिंह, इन्द्रपाल सिंह, सूरज हैं।

**बरेली में मोबाइल फोन की बैटरी फटने से झुलसी आठ माह की बच्ची की मौत:**बरेली।जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र के पचौमी में चार्जिंग पर लगे मोबाइल फोन की बैटरी फटने से छप्पर में लगी आग से झुलसी आठ माह की बच्ची की जिला अस्पताल में मौत हो गई। पचौमी की ग्राम प्रधान बीनू देवी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैटरी जांच करने के दौरान मोबाइल फोन फटने से निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई थी, जिससे सुनील कुमार की आठ माह की बेटी नेहा झुलस गई थी। उसे उपचार के लिए बरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। बरेली के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि मोबाइल फोन फटने से छप्पर में लगी आग से बच्ची की झुलसने और मौत होने की सूचना किसी सूत्र ने मौखिक रूप से दी है और घटना की तस्दीक कराई जा रही है। सूत्र के मुताबिक, रविवार को फरीदपुर थाना क्षेत्र के पचौमी गांव निवासी सुनील कुमार कश्यप चार्जर को बिजली के बोर्ड में लगाने के बाद मोबाइल फोन को छप्पर में लटकाकर किसी काम के सिलसिले में घर से चले गए थे। सूत्र ने बताया कि घर पर सुनील की पत्नी कुसुम दो वर्ष की बेटी नंदिनी और आठ माह की बेटी नेहा को अलग-अलग चारपाई पर लेटाकर घर के कामकाज में व्यस्त गई। सूत्र के अनुसार, इस दौरान नेहा की चारपाई के ऊपर छप्पर पर लटका मोबाइल फोन फट गया और छप्पर में आग लगने से चारपाई पर लेटी नेहा गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने बताया कि परिजनों ने बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सोमवार अपराह्न को उसकी मौत हो गई।

# मथुरा में एक और मस्जिद पर हिंदू पक्ष ने किया दावा सुनवाई 26 अक्टूबर को

**मथुरा।** वाराणसी की ज्ञानवापी और मथुरा की शाही मस्जिद ईदगाह के बाद अब हिंदू पक्ष ने मथुरा में ही एक अन्य मस्जिद को लेकर भी दावा पेश कर दिया है। अदालत इस पर 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल मामले) संजय गौड़ ने बताया कि अखिल भारत हिंदू महासभा के कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने सोमवार को सिविल न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) ज्योति सिंह की अदालत में नया दावा पेश करते हुए श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट की 13.37 एकड़ भूमि के दायरे में पूर्वी दिशा में स्थित एक अन्य मस्जिद को हटाने की मांग की है। इस मस्जिद को मीना मस्जिद के नाम से भी जाना जाता है। गौड़ के मुताबिक, वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधि द्वारा विरोध किए जाने के बाद अदालत ने प्रतिवादियों-उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और शाही ईदगाह की इंतजामिया कमेटी को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की है। गौड़ ने बताया कि शर्मा ने अपने दावे में कहा है कि मुगल शासक औरंगजेब ने कृष्ण जन्मभूमि के मंदिर को तुड़वाकर वहां शाही ईदगाह को अतिक्रमण के रूप में खड़ा किया। शर्मा ने कहा है कि इसके बाद औरंगजेब के कथित वंशजों ने आजाद भारत में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर की पूर्वी सीमा पर मीना मस्जिद का निर्माण कर लिया। शर्मा ने दावा किया है कि मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि की जमीन मदन मोहन मालवीय ने खरीदी थी और श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट बनाकर मंदिर का निर्माण कराया था, जबकि मुस्लिम पक्ष कृष्ण जन्मभूमि मंदिर को घेरकर कब्जा करना चाह रहा है। उन्होंने कहा है कि मुस्लिम पक्ष ने कृष्ण जन्मभूमि की जमीन पर उत्तर दिशा में शाही ईदगाह और पूर्वी सीमा पर कशिश मीना मस्जिद का

# बीच के ओवरों में धीमी बल्लेबाजी पर चिंता

**● बीसीसीआई ने की एशिया कप समीक्षा**

**भाषा।** नई दिल्ली



**अगले महीने** 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पूर्व भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की एशिया कप को लेकर हुई समीक्षा बैठक में सात से लेकर 15 ओवर के बीच भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर चिंता जताई गई।

भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में खेलेगा। बीसीसीआई ने सोमवार को विश्व कप तथा 20 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले छह टी20 मैचों के लिए टीम घोषित की। टीम चयन के अलावा हालांकि बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह तथा राष्ट्रीय चयन समिति ने एशिया कप के दौरान राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा की। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हां, एशिया कप के प्रदर्शन पर चर्चा की गई। निश्चित तौर पर समस्याओं की बजाए समाधान पर ध्यान दिया गया तथा इस पर चर्चा हुई कि टी20 विश्व कप के दौरान किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। सभी ने इस पर सहमति जताई की बेहतर टीमों के खिलाफ भारत का बीच के ओवरों में अपनाया गया रवैया चिंता का विषय है और एशिया कप में इससे टीम को नुकसान हुआ। बीच के ओवरों में बल्लेबाजी एक मुद्दा था विशेषकर सातवें से लेकर 15 ओवर के बीच बल्लेबाजी जिसमें एशिया कप में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। टीम थिंक टैंक इससे अवगत है और हमारे पास कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जो टीम की जरूरतों के अनुसार अपना खेल बदल सकते हैं। यदि सातवें से लेकर 15वें ओवर के बीच भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर गौर करें तो पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में उन्होंने नौ ओवरों में 59 रन बनाए और तीन विकेट गंवाए। यहां तक कि हांगकांग के खिलाफ भी इन ओवरों में केवल 62 रन बने जबकि पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार के मैच में भी इन ओवरों में 62 रन बनाए गए और इस बीच भारत ने एक विकेट खोया। इन नौ ओवरों में भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ किया। तब उसने इन ओवरों में 78 रन बनाए थे। चयन समिति की बैठक से पहले चर्चा थी कि ऋषभ पंत की जगह संजू सैमसन को 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया जा सकता है लेकिन उनके नाम पर चर्चा तक नहीं की गई। बीसीसीआई सूत्रों ने कहा, संजू दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में खेलेगा क्योंकि चयनकर्ता जिंबाब्वे दौरे के बाद निरंतरता बनाए रखना चाहेंगे। इसके अलावा पंत को बाहर करने पर चर्चा नहीं हुई। वह शीर्ष क्रम में बाएं हाथ का एकमात्र बल्लेबाज है और जब उसका बल्ला चलता है तो वह अपने दम पर मैच जीत सकता है।

### उच्चतम न्यायालय ने कहा, बीसीसीआई के कामकाज का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) एक स्वायत्त संस्था है और वह उसके कामकाज का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं कर सकता। न्यायालय ने इसके साथ ही बीसीसीआई से पूछा कि वह क्यों ऐसा चाहता है कि 70 साल से अधिक उम्र का व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में उसका प्रतिनिधित्व करे। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी बोर्ड की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की जिसमें उसके अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह सहित अन्य पदाधिकारियों के कार्यकाल के संबंध में अपने संविधान में संशोधन करने की मांग की गई थी। इसमें राज्य क्रिकेट संघों और बीसीसीआई के पदाधिकारियों के कार्यकाल के बीच अनिवार्य कूलिंग ऑफ अवधि (तीन साल तक कोई पद नहीं संभालना) को समाप्त करना शामिल है। न्यायालय ने कहा कि पदाधिकारियों के कार्यकाल के बीच कूलिंग ऑफ अवधि को समाप्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि कूलिंग ऑफ अवधि का उद्देश्य यह है कि कोई निहित स्वार्थ नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह बुधवार को सुनवाई जारी रखेगी और फिर आदेश पारित करेगी। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार, एक पदाधिकारी को राज्य संघ या बीसीसीआई या दोनों संयुक्त रूप से, के लगातार दो कार्यकालों के बीच तीन साल की कूलिंग ऑफ अवधि से गुजरना पड़ता है। बीसीसीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ से कहा कि देश में क्रिकेट का खेल काफी व्यवस्थित है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई एक स्वायत्त संस्था है और सभी बदलावों पर क्रिकेट संस्था की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में विचार किया गया। जब हलफनामा पेश किया जा रहा था तब पीठ ने कहा, बीसीसीआई एक स्वायत्त निकाय है। हम इसके कामकाज का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं कर सकते। मेहता ने कहा, वर्तमान संविधान में कूलिंग ऑफ अवधि का प्रावधान है। अगर मैं एक कार्यकाल के लिए राज्य क्रिकेट संघ और लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए बीसीसीआई का पदाधिकारी हूं, तो मुझे कूलिंग ऑफ अवधि से गुजरना होगा। उन्होंने कहा कि दोनों निकाय अलग हैं और उनके नियम भी अलग हैं और जमीनी स्तर पर नेतृत्व तैयार करने के लिए पदाधिकारी के लगातार दो कार्यकाल बहुत कम हैं। इससे पहले न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा की अगुवाई वाली समिति ने बीसीसीआई में संशोधनों की सिफारिश की थी जिसे उच्चतम न्यायालय ने स्वीकार किया था।

# रेणुका सिंह गेंदबाजों की टी20 रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंची

**● दीप्ति सातवें स्थान पर बरकरार**

**भाषा।** दुबई





**भारतीय तेज** गेंदबाज रेणुका सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में पांच पायदान की छलांग से 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि स्पिनर दीप्ति शर्मा सातवें स्थान पर बरकरार हैं। पिछले हफ्ते चेस्टर ली स्ट्रीट में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की नौ विकेट की हार के दौरान चार ओवर में सिर्फ 23 रन देकर किफायती गेंदबाजी करने वाली रेणुका के 612 रेटिंग अंक हैं। दीप्ति शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज बनी हुई हैं जबकि आलराउंडर की सूची में भी वह चौथे स्थान पर बरकरार हैं। बल्लेबाजों की सूची में वह तीन पायदान ऊपर 33वें और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष चार पायदान ऊपर 75वें स्थान पर पहुंच गईं। बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना (710 अंक) चौथे स्थान के साथ सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय खिलाड़ी हैं जबकि शेफाली वर्मा (686) और जेमिमा रोड्रिग्स (624) क्रमशः छठे और 10 वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की आलराउंडर सारा ग्लेन भारत के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद हमवतन सोफी एक्लेस्टोन के करीब पहुंच गई हैं। सारा करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की बराबरी करते हुए दूसरे स्थान पर हैं और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी से सिर्फ 13 रेटिंग अंक पीछे हैं। इंग्लैंड की बल्लेबाज सोफिया डंकले और एलिस कैप्सी की रैंकिंग में भी पहले मैच के बाद सुधार हुआ है।

# काउंटी में पदार्पण पर पांच विकेट लिए सिराज ने

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारत के तेज** गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने मंगलवार को काउंटी क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में पांच विकेट लिए। सिराज ने वारविकशर की तरफ से 24 ओवरों में 82 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे उनकी टीम ने डिवीजन एक मैच के दूसरे दिन समरसेट को 219 रन पर आउट किया। सिराज के विकेटों में पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक, जॉर्ज बार्टलेट, जेम्स रेव, लुईस ग्रेगरी और जोश डेवी शामिल थे। सिराज ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत को शुरुआती चार मैचों में 2-। से बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस श्रृंखला का पांचवां और अंतिम मैच इस साल जुलाई में खेला गया था जिसमें इंग्लैंड ने जीत दर्ज करके श्रृंखला बराबर की। वारविकशर की तरफ से खेल रहे भारतीय स्पिनर जयंत यादव ने 14 ओवर में 42 रन देकर एक विकेट लिया।

### जोशुआ ने हैवीवेट मुकाबले के लिए फ्यूरी की शर्तें स्वीकार की

**लंदन।** ब्रिटेन के मुक्केबाजों टायसन फ्यूरी और एंथनी जोशुआ के बीच इस साल के आखिर में हैवीवेट मुकाबला होने की संभावना बन गई है। जोशुआ की प्रबंधन टीम ने मंगलवार को ट्विटर पर बताया इस मुक्केबाज ने फ्यूरी की शर्तों को स्वीकार कर लिया है जो उन्होंने तीन दिसंबर को होने वाले इस मुकाबले के लिए रखी थी। जोशुआ की प्रबंधन टीम ने कहा, हमें अब फ्यूरी की टीम से जवाब का इंतजार है। डब्ल्यूबीसी चैंपियन फ्यूरी ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि वह जोशुआ को मुकाबले से प्राप्त होने वाली धनराशि का 40 प्रतिशत देने के लिए तैयार है। फ्यूरी ने कहा था, अब उसके पास मुकाबले से हटने का कोई बहाना नही है।

### एफवन ड्राइवर एल्बोन सर्जरी के बाद वेंटिलेटर पर

**मोंजा (इटली)।** फॉर्मूला वन ड्राइवर एलेक्स एल्बोन को सर्जरी के बाद जटिलताओं कारण सांस नही ले पाने के कारण वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। एल्बोन की विलियम्स टीम ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एल्बोन शनिवार की सुबह एपेंडिसाइटिस के कारण इतालवी ग्रां प्री से बाहर हो गए थे और उनकी सफल सर्जरी हुई थी लेकिन फिर उन्हे गहन चिकित्सा इकाई में ले जाया गया क्योंकि उन्हें सांस लेने में सहायता की आवश्यकता थी। विलियम्स ने कहा, सर्जरी के बाद एलेक्स को अप्रत्याशित एनेस्थेटिक जटिलताओ का सामना करना पड़ा जिसके कारण वे सांस नही ले पा रहे थे जो एक ज्ञात लेकिन असामान्य जटिलता थी। टीम ने कहा, उसे फिर गहन चिकित्सा इकाई में स्थानांतरित कर दिया गया।

### ओसासुना ने अल्मेरिया को 1–० से हराया

**मैड्रिड।** ओसासुना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अच्छी शुरुआत जारी रखते हुए सोमवार को यहां निचली लीग से शीर्ष लीग में आई अल्मेरिया को।-0 से हरा दिया। यह ओसासुना की ला लीगा में पांच मैचों में चौथी जीत है जो बार्सीलोना और रियाल बेटिस के बराबर है। केवल गत चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने पांच मुकाबले जीते है। मैच का एकमात्र गोल चिमी एविला ने 28वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट के पास से दागा। इस जीत से ओसासुना की टीम तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। यह अल्मेरिया की लगातार दूसरी और कुल तीसरी हार है।

### डायबाला के शानदार प्रदर्शन से रोमा ने एम्पोली को हराया

**एम्पोली (इटली)।** पाउलो डायबाला ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की जिससे रोमा ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में एम्पोली को 2-। से हराकर जीत की राह पर वापसी की। रोमा को 17वे मिनट मे डायबाला ने बढ़त दिलाई लेकिन फिलिपो बेडिनेली ने 43वे मिनट मे एम्पोली को बराबरी दिला दी। टैमी अब्राहम ने 71वे मिनट मे रोमा को 2-। से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। रोमा की टीम मैच के दौरान पेनल्टी पर गोल करने से चूक गई जबकि एम्पोली के एक खिलाड़ी को अंतिम लम्हो मे लाल कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया। इस जीत से रोमा की टीम अंक तालिका मे पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। टीम तीसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान से सिर्फ एक अंक पीछे है। नेपोली और अटलांटा शीर्ष दो स्थान पर है। जोस मोरिन्हो की रोमा टीम को अपने पिछले दो मैच में उडिनेस के खिलाफ 0-4 और लुडोगोरेट्स के खिलाफ।-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

# अल्कारेज और रूड शीर्ष दो स्थान पर

**● एटीपी रैंकिंग**

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**कार्लोस अल्कारेज** की अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी जीत ने उन्हें 19 साल की उम्र में एटीपी विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचा दिया है। वह 1973 में कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग शुरू होने के बाद से एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अल्कारेज ने कहा, यह एक सपना है। फिलहाल मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं नंबर एक रैंकिंग पर पहुंच गया हूं। इसे समझने में समय लगेगा। उन्होंने कहा, मुझे आगे बढ़ना है और नए लक्ष्य तलाशने हैं। मुझे इस स्तर पर कई वर्षों तक बने रहना है। यही मेरा लक्ष्य है – और निश्चित रूप से अधिक ग्रैंडस्लैम खिताब जीतना। रविवार को फाइनल में कैस्पर रूड पर 6–4, 2–6, 7–6 (1), 6–3 की जीत से स्पेन के अल्कारेज ने अपने करियर का पहला बड़ा खिताब जीता और विश्व रैंकिंग के शीर्ष पर 2021 अमेरिकी ओपन चैंपियन डेनियल मेदवेदेव की जगह ली। अल्कराज तीन स्थान की छलांग लगाकर नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचे। नॉर्वे के 23 वर्षीय रूड सीजन के अपने दूसरे प्रमुख फाइनल में पहुंचने के बाद सातवें नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंच गए। वह जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में भी रफेल नडाल से हारकर उपविजेता रहे थे। नडाल के पास भी अमेरिकी ओपन के बाद नंबर एक बनने का मौका था लेकिन चौथे दौर में फ्रांसेस टियाफो से हारने के बाद वह नंबर तीन पर बने हुए हैं। फ्लशिंग मिडोज में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 16 साल में पहले अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी बने टियाफो 26 वें नंबर से करियर के सर्वश्रेष्ठ 19वीं रैंकिंग पर खिसक गए हैं। मेदवेदेव चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव दाएं टखने में चोट के कारण अमेरिकी ओपन से बाहर होने के बाद नंबर दो से नंबर पांच पर खिसक गए। नोवाक जोकोविच इस सत्र में अपने दूसरे ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट से चूक गए क्योंकि उन्होंने कोविड–19 का टीका नहीं लगाया गया है और वह एक स्थान नीचे सातवें नंबर पर खिसक गए। न्यूयॉर्क में पहला और करियर का तीसरा ग्रैंडस्लैम जीतने के बाद इगा स्वियाटेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गई हैं। पोलैंड की 21 वर्षीय स्वियाटेक के दूसरे स्थान पर पहुंची ओन्स जेब्युर से दोगुने से अधिक अंक हैं। स्वियाटेक ने शनिवार को फाइनल में जेब्युर को ही हराया था। स्वियाटेक ने फ्रेंच ओपन भी जीता था और छह साल में एक सत्र में दो ग्रैंडस्लैम जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। एनेट कोंटावीट अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में सेरेना विलियम्स से हारकर एक पायदान खिसककर तीसरे नंबर पर आ गई हैं।

### प्रणय ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 16वें नंबर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय अपने शानदार प्रदर्शन के बूते मंगलवार को जारी ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में दो पायदान आगे 16वें स्थान पर पहुंच गए। प्रणय ने विश्व चैम्पियनशिप और जापान ओपन सुपर 750 क्वार्टरफाइनल मे जगह बनाई और 33 टूर्नामेंट खेलने के बाद उनके 64,330 अंक हो गए है। तीस वर्षीय भारतीय हाल मे रेस टू ग्वांगझू में पुरूष एकल में शीर्ष खिलाड़ी बना था जिससे सत्र के अंतिम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल के लिए क्वालीफायर का फैसला होता है। साथी भारतीय किदाम्बी श्रीकांत भी दो पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए है जबकि लक्ष्य सेन दुनिया के नौवे नंबर से भारतीय पुरूष खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर बरकरार है। चोट के कारण विश्व चैम्पियनशिप और जापान ओपन मे नही खेलने वाली पीवी सिंधू को भी एक पायदान का लाभ मिला है जिससे वह सातवें स्थान पर पहुंच गई। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने तीन पायदान के फायदे से शीर्ष 30 मे अपना स्थान हासिल कर लिया है। पुरूष युगल मे चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी विश्व रैंकिंग मे आठवे स्थान पर कायम है जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला स्वर्ण और विश्व चैम्पियनशिप मे पहला कांस्य पदक जीता था। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी एक पायदान के नुकसान से महिला युगल रैंकिंग में 28वें स्थान पर खिसक गई है। तनीषा क्रास्टो और ईशान भटनागर की मिश्रित युगल जोड़ी ने दो पायदान चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 33वी रैंकिंग हासिल की।

# कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध को बदलने पर चर्चा करेंगे वॉर्नर और सीए

**भाषा।** सिडनी

**डेविड वॉर्नर** आगामी हफ्तों में खुद की कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को समाप्त करने के लिए क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) से चर्चा करेंगे क्योंकि बोर्ड पूर्व वनडे कप्तान आरोन फिंच की जगह यह जिम्मेदारी किसी अन्य खिलाड़ी को सौंपना चाहता है। फिंच ने खराब फॉर्म के कारण रविवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जबकि अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए महज 12 महीने का समय बचा है। टेस्ट कप्तान पैट कमिंस इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए प्रबल दावेदार हैं, लेकिन यह निर्भर करेगा कि वह अपना कार्यभार संभाल सकेंगे या नहीं। लेकिन वॉर्नर भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं क्योंकि कई पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों ने उनके आजीवन प्रतिबंध को समाप्त करने की बात कही है। वॉर्नर ने फॉक्सस्पोर्ट्स डॉट कॉम एयू से कहा, मैंने निक हॉकले से बात की है, हम मिलने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, इस समय यह बहुत मुश्किल है लेकिन मुझे भरोसा है कि अगले दो हफ्तों में हम शायद ऐसा कर पाएंगे।

# मंगोलियाई पहलवान के खिलाफ 0-7 से हारी विनेश

**● विश्व चैंपियनशिप**

**भाषा।** बेलग्राद



**राष्ट्रमंडल** खेलों में तीन बार की चैंपियन विनेश फोगाट मंगलवार को यहां विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन दौर में मंगोलिया की खुलान बटखुयाग को चुनौती देने में नाकाम रही और 0–7 की शिकस्त के साथ उलटफेर का शिकार हो गई। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के 12 पदक जीतने के शानदार प्रदर्शन के दौरान सोने का तमगा अपने नाम करने वाली 10वीं वरीयता प्राप्त विनेश थकी हुई नजर आई। एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता के खिलाफ महिला फ्रीस्टाइल 53 किग्रा वर्ग में अंतिम सेकेंडों में विनेश संतुलन खो बैठी जिसका फायदा उठाकर विरोधी ने उन्हें चित्त कर दिया। बटखुयाग ने पहले दौर के बाद 3–0 की बढ़त ले ली और विश्व चैंपियनशिप की पूर्व कांस्य पदक विजेता को अंतिम सेकेंड में मैट पर पीठ के बल पटककर चार अंक हासिल किए और दबदबे वाली जीत हासिल की। गौरतलब है कि चयन ट्रायल में विनेश के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली भारतीय जूनियर पहलवान अंतिम ने पिछले महीने की शुरुआत में अंडर–23 एशियाई चैंपियनशिप में मंगोलियाई पहलवान को हराया था। पूर्व रजत पदक विजेता अंशु मलिक की गैरमौजूदगी में विनेश पदक की प्रबल दावेदार थी क्योंकि गत चैंपियन जापान की अकारी फुजिनामी के चोट के कारण हटने के बाद उन्हें अनुकूल ड्रॉ मिला था। हालांकि वह क्वालीफिकेशन में बाहर हो गई। भारत के हाथ और निराशा लगी जब नीलम सिरोही दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता रोमानिया की एमीलिया एलीना वुक के खिलाफ 50 किग्रा वर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 0–10 से हार गई। घुटने पर काफी अधिक पट्टी बांधकर खेल रही फ्रांसीसी पहलवान कौंबा लारोक ने महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर शेफाली को हराया।

# भारतीय अंडर-17 टीम का सामना सैफ चैम्पियनशिप के फाइनल में नेपाल से



**भाषा।** कोलंबो

**भारतीय** फुटबॉल टीम अपनी गलतियों से सबक लेकर बुधवार को यहां सैफ अंडर–17 चैम्पियनशिप के फाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय खेमा मैच की पूर्व संध्या पर आत्मविश्वास से लबरेज दिखा। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने कहा, हमने टूर्नामेंट की शुरूआत काफी अच्छी तरह से की। लेकिन यह थोड़ी नर्वस भरी रही। देश के लिए खेलते हुए यह खिलाड़ियों का पहला टूर्नामेंट है। उन्होंने कहा, नेपाल के खिलाफ नतीजा हमारे लिए सतर्क होने के लिए काफी था। इस करारी शिकस्त के बाद खिलाड़ियों की प्रतिक्रिया काफी अच्छी रही। हमने अपनी कमजोरियों को पहचान कर उन पर काम किया। इस चुनौती को लेने के लिए हमें खिलाड़ियों को श्रेय देने की जरूरत है। भारतीय टीम ने अपने अभियान की शुरूआत भूटान के खिलाफ जीत से की लेकिन उन्हें दूसरे ग्रुप चरण मैच में नेपाल के हाथों।–3 से हार का सामना करना पड़ा। पर टीम ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ 2–। से जीत दर्ज की। कोच ने जहां गलतियों को दूर करने के बारे में बात की, वहीं खिलाड़ी फाइनल में खुद को साबित करना चाहते हैं। कप्तान वानलापेका गुइटे ने कहा, हम नेपाल के खिलाफ हार के बाद काफी हताश थे। हम फिर से उनके खिलाफ मैच चाहते थे और फाइनल में अब हमें खुद को साबित करने का मौका मिला है।

### सुब्रतो कप में लड़कों का फाइनल मणिपुर और झारखंड की स्कूलों के बीच

**नई दिल्ली।** सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट मे लड़को के अंडर-14 वर्ग का फाइनल 15 सितंबर को यहां अंबेडकर स्टेडियम में हीरोक हायर सेकेंडरी स्कूल, इंफाल, मणिपुर और बेरवा हाई स्कूल, चैनपुर, गुमला, झारखंड के बीच खेला जाएगा। हीरोक हायर सेकेंडरी स्कूल ने पहले सेमीफाइनल मे ग्रीनवुड स्कूल, दीमापुर, नागालैंड को 2-0 से हराया। विजेता टीम की तरफ से ए. देवो और टी. लिक्सन ने क्रमशः 24वें और 48वें मिनट मे गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में बेरवा हाई स्कूल ने गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर 36, चंडीगढ़ को 3-। से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बेरवा के लिए आकाश मंडी (11वे मिनट), मोहित मुर्मू (25वे मिनट) और समीर सोरेन (37वें मिनट) ने गोल किए जबकि चंडीगढ़ के लिए हिपज्योति मोरन ने 26वे मिनट मे गोल किया।

### भारतीय महिला टीम बांग्लादेश से 0-3 से हारी

**काठमांडू।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को मंगलवार को यहां सैफ महिला चैम्पियनशिप के अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप मैच में बांग्लादेश से 0–3 से हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश की तरफ से एमएस जहां शोपना ने दो और श्रीमोती सरकार ने एक गोल किया। इस हार के बावजूद भारत की सेमीफाइनल की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी जहां उसका सामना शनिवार को नेपाल से होगा। बांग्लादेश ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और शोपना ने 12वें मिनट में उसे बढ़त दिला दी। सरकार ने 20वें मिनट में दूसरा गोल दागा जिससे भारत आखिर तक नहीं उबर पाया।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लाभार्थ मैच में कोच होंगे बुकानन और राजपूत

**भाषा।** नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया के** पूर्व विश्व कप विजेता कोच जॉन बुकानन और भारत के लालचंद राजपूत को इस महीने कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लाभार्थ मैच के लिए कोच नियुक्त किया गया है। बुकानन को इंडियन महाराजा और राजपूत को वर्ल्ड जायंट्स टीम का कोच बनाया गया है। इस विशेष लाभार्थ मैच के साथ भारत में पहली बार लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सत्र की शुरुआत होगी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस मैच से होने वाली आय कपिल देव की खुशी फाउंडेशन को दी जाएगी, जो लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में काम करता है। दुनिया के शीर्ष कोच में से एक बुकानन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को कई महत्वपूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसमें दो बार आईसीसी वनडे विश्व कप, 2006 में पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतना और 2000 के दशक की शुरुआत में एशेज श्रृंखला पर वर्चस्व शामिल है। राजपूत अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे जैसी अंतरराष्ट्रीय टीमों के कोच रह चुके हैं। वह 2007 में ऐतिहासिक टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच भी थे। लाभार्थ मैच में कोच की भूमिका निभाने के बाद राजपूत और बुकानन लीग में क्रमशः एलएनजे भीलवाड़ा किंग्स और मणिपाल टाइगर्स के नियमित कोच होंगे।

# रंजीत, आयुष टेनिस के प्रीक्वार्टर में जीते



**लखनऊ ।** उन्नाद टेनिस अकादमी आशियाना टेनिस टूर्नामेंट में वीएम रंजीत, आयुष ने प्रीक्वार्टर मुकाबले जीते। पुरुषों के प्री.क्वार्टर परिणाम : वी एम रंजीत ने तनिक गुप्ता को 6–0,6–1 हराया, आयुष गुरनानी ने आदिथ अमरनाथ को अभिषेक गौर ;ने उत्कर्ष तिवारी को हराया। विवेक कुमार ने मुकिल रमणन को अभिनसु बोरठाकुर ने आदित्य तिवारी को, अथर्व शर्मा ने ऋषिराज शेखावत को, एमडी शेखा इफ्तिखार ने फरदीन को मात दी। मान केसरवानी ने अरुणा मजूमदार को पराजित किया। अथर्व शर्मा ने दिमित्री बसकव को हराया। अंकुश मिश्रा ने अभिषेक गौर को विवेक कुमार ने अनुज मान को वाशु गुप्ता ने इमोन भट्ट को हराया। गौतम काले ने आयुष गुरनानी को देवब्रती दास ने हर्ष सिंह को तन्मय शर्मा ने गौतम आनंद को गोविंद मौर्य ने शोभित टंडन को अरुणव मजूमदार ने ऋषिराज शेखावत को तरुण रंधावा ने अनिकेत श्रीवास्तव को हराया।

### अटकलों पर विराम हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की कार्यकारिणी पर लगी मुहर

**लखनऊ में हुई वार्षिक साधारण सभा की बैठक**

**लखनऊ।** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का अगले चार साल के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इस बैठक में तेलंगाना के ए जगनमोहन राव अध्यक्ष, राजस्थान के डा.तेजराज सिंह महासचिव और विनय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए। इसी के साथ कार्यकारी समिति में 14 सदस्य चुने गए। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई इस बैठक में भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक आरके पुरुषोत्तम भी उपस्थित थे। इसके अलावा इंटरनेशनल हैंडबॉल फेडरेशन के पर्यवेक्षक मूसा खामिस मूसा और एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के पर्यवेक्षक मो निजामुद्दीन भी बैठक में शामिल हुए जिन्होंने सभी प्रपत्रों की जांच पड़ताल भी की। इस बैठक पर हैंडबॉल से जुड़े कई लोगों की निगाह थी क्योंकि इससे ही यह तय होना था कि भारत में हैंडबॉल खेल के विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था कौन होगी। इंटरनेशनल हैंडबॉल फेडरेशन के पर्यवेक्षक मूसा खामिस मूसा ने चुनी गयी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि आईएचएफभारत में हैंडबॉल के प्रसार के लिए आपके साथ काम करने को तैयार है। दूसरी ओर एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के पर्यवेक्षक मोनिजामुद्दीन ने भी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। निर्वाचन के बाद डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि इस एजीएम में राज्य एसोसिएशन सहित कुल 37 यूनिटों में से 32 ने मौजूदगी दर्ज करायी। यह कार्यकारिणी देश में हैंडबॉल खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष ए जगनमोहन राव, महासचिव डा.तेजराज सिंह और कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने भी देश में हैडबॉल को नई ऊंचाई देने का संकल्प दोहराया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की कार्यकारिणीःअध्यक्ष -जगनमोहन राव तेलंगाना,उपाध्यक्ष : अमल नारायण पटोवारी आसाम, देव कुमार सिंह उत्तराखंड, हिमानिया सिंह गुजरात, रीना सरीन महिला, महासचिवः डा. तेजराज सिंह राजस्थान, कोषाध्यक्ष : विनय कुमार सिंह ,वरिष्ठ संयुक्त सचिवरू डाण्जुगमिंदर सिंह हरियाणा, संयुक्त सचिवः समीर खान छत्तीसगढ़, स्वाति शुक्ला उत्तर प्रदेश, पी.सत्यनारायण राजू ;आंध्र प्रदेश, कार्यकारिणी सदस्य : डा सुनील कुमार रियाणा, डा.आनन्देश्वर पाण्डेय उत्तर प्रदेश, प्रवीण कुमार गुजरात।

